www.navpradesh.com

दैनिक

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | राजनीतिक सरगर्मी 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, गुरुवार 25 अप्रैल 2024, वर्ष-13 अंक- 74 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

आर्थिक सर्वे का मामला तूल पकड़ता ही जा रहा है। कांग्रेस की इस चुनावी घोषणा का जहां भाजपा विरोध कर रही है। वहीं समाजवादी पार्टी ने इसका समर्थन किया है। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के अनुसार आर्थिक सर्वे होना ही चाहिए और संपत्ति का बंटवारा किया जाना चाहिए अच्छी बात है। जो पार्टियां इसके पक्ष में हैं। उन्हें अपने घर से ही इसकी शुरूआत करने की घोषणा करनी चाहिए। जिन नेताओं ने बगैर किसी उद्योग धंधे के कुछ ही सालों में हजारों करोड़ की संपत्ति अर्जित कर ली है। उनकी संपत्ति जब्त कर गरीबों में बांट दी जानी चाहिए।

राजनीति का नया अखाड़ा..

ये लूट.. जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी : पीएम मोदी

- इंडिया ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान पर बवाल
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पलटवार

कांग्रेस नेता ने कहा था 'अमेरिका में विरासत कर (टैक्स) लगता है। अगर किसी के पास 10 करोड़ डॉलर की संपत्ति है और जब वह मर जाता है तो वह केवल 45 फीसदी अपने बच्चों को ट्रांसफर कर सकता है।'

सुनील पलस्कर

अम्बिकापुर (नवप्रदेश)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडिया ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। कांग्रेस का पंजा वो भी आपसे लूट लेगा। कांग्रेस का मंत्र है- कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की छाप दिखाई दे रही है। कांग्रेस की नजर आपके मकान, दुकान और खेत पर है जो आपकी संपत्ति पर नजर जमाए हुए है और लूटना चाहते हैं।

मरने के बाद केवल 45 फीसदी संपत्ति बच्चों को

गौरतलब है कि पित्रोदा ने संपत्ति वितरण को लेकर एक विवादित बयान दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा था अमेरिका में विरासत कर (टैक्स) लगता है। अगर किसी के पास 10 करोड़ डॉलर की संपत्ति है और जब वह मर जाता है तो वह केवल 45 फीसदी अपने बच्चों को ट्रांसफर कर सकता है।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ और जिंदगी के बाद भी रहेगी। प्रधानमंत्री ने आज छत्तीसगढ के सरगुजा सम्भाग के सूरजपुर जिले के जम्हूरी मैदान में महारैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सरगुजा लोकसभा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज, मंत्री रामविचार नेताम, लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक रेणुका सिंह समेत भाजपा के कई बड़े नेता शामिल हैं।

कांग्रेस के खतरनाक इरादे एक के बाद एक खुलकर आ रहे सामने

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के खतरनाक इरादे एक के बाद एक खुलकर सामने आ रहे हैं। शाही परिवार के शहजादे के सलाहकार ने कुछ समय पहले कहा था कि मध्यम वर्ग पर और ज्यादा टैक्स लगाना चाहिए। अब ये लोग इससे भी एक कदम और आगे बढ़ गए हैं, अब कांग्रेस का कहना है कि वो विरासत कर लगाएगी। जिसमें माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस का इरादा बहुसंख्यकों को बांट कर उल्लू सीधा करने का: सीएम आदित्यनाथ योगी

लखनऊ, (वार्ता)। कांग्रेस पर बहुसंख्यक समाज को बांटने का सीधा आरोप लगाते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि इनकी मंशा एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में डकैती डालने की है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय में मीडिया सेंटर का उदघाटन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होने कहा कि कांग्रेस की मंशा एससी, एसटी के अधिकारों में भी घुसपैठ करने की है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में आई सच्चर कमेटी की रिपोर्ट है, जिसे भाजपा के भारी विरोध के कारण उन्हें वापस लेना पड़ा था। संप्रग सरकार अपने शासनकाल में पूर्व चीफ जस्टिस एवं कांग्रेस सांसद रंगनाथ मिश्रा कमीशन सिफारिशों को लागू करना चाहती थी।

ज्ञातव्य है कि रंगनाथ मिश्रा कमीशन के तहत ओबीसी को मिलने

वाले 27 प्रतिशत आरक्षण में छह प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय को देने की बात कही गई थी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में संपत्ति का सर्वे कराने की बात कर रही है। वे लोग उसके बाद संपत्ति का अपने अनुसार बंदरबांट करेंगे। संप्रग सरकार के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने इस बात का उल्लेख भी किया था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है।

योगी ने कहा कि भाजपा ने देश में चार जातियों गरीब, किसान, युवा और महिला की बात की है। इसमें किसी जाति, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

क्षमता से अधिक बंदी एचसी में सरकार ने कहा खुल रहा नया जेल

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों की भीड़ और उनके रहने की मानवीय परिस्थितियों को लेकर जनहित याचिकाओं पर शासन ने जवाब पेश किया। इस पर हाईकोर्ट ने डीजी जेल को दोबारा शपथ पत्र पेश कर जवाब मांगा है। प्रदेश की जेलों में भविष्य में कैदियों की संख्या बढ़ने पर शासन की क्या कार्य योजना है।

उल्लेखनीय है कि, अधिवक्ता शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय जेलों में क्षमता से अधिक बंदियों की मौजूदगी को लेकर एक जनहित याचिका लगाई थी। इसके कुछ समय बाद उनके लिए जिलों में मानवीय परिस्थितियों को लेकर भी एक पीआईएल लगाई गई है। इस बीच हाईकोर्ट के संज्ञान में भी यह बात सामने आई कि, जेलों में कैदियों की स्थिति अच्छी नहीं है। इसे अदालत ने स्वयं एक जनहित याचिका के तौर पर स्वीकार किया है। चीफ जस्टिस के डिवीजन बेंच में इन मामलों पर एक साथ सुनवाई शुरू की गई।

बेमेतरा में संचालित होगा खुली जेल

हाई कोर्ट ने पहले अधिवक्ता रणवीर मरहास को न्याय मित्र नियुक्त किया गया था। लगातार चल रही सुनवाई में पहले शासन ने बताया था कि, जेलों में कैदियों के स्वास्थ्य व अन्य सुविधाओं को लेकर काम किया जा रहा है। इसी तरह रायपुर व बिलासपुर जिले में विशेष जेलों की स्थापना और बेमेतरा में खुली जेल शुरू करने की बात सरकार द्वारा की गई है।

दूसरे चरण की 88 सीटों पर प्रचार थमा, मतदान कल

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार अभियान बुधवार शाम थम गया। इस चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा। इसमें राज्य की तीन सीटें राजनांदगांव, कांकेर व महासमुंद शामिल है। निर्वाचन आयोग के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण में मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर भी चुनाव होना था, लेकिन बहुजन समाज पार्टी (बसपा) उम्मीदवार के निधन के बाद अब इस सीट पर चुनाव सात मई को तीसरे चरण में होगा। इन सीटों पर कुल 1206 प्रत्याशी चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। इस चरण में केरल की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की 8-8, मध्य प्रदेश की 6, असम और बिहार की 5-5, छत्तीसगढ़ और पश्चिम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अब सीबीआई राज्य में कहीं भी कर सकती है कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई को पूरे प्रदेश में अब कहीं भी छापेमारी सहित अन्य कार्यवाही करने की अनुमति दे दी है। राज्य सरकार ने सीबीआई को विभिन्न धाराओं के तहत पूरे प्रदेश की सीमा में कहीं भी कार्यवाही करने की सहमति दे दी है। उल्लेखनीय है कि, दिसंबर 2018 में राज्य में सत्ता परिवर्तन हुआ था और बड़े बहुमत के साथ कांग्रेस सरकार में आई थी। कांग्रेस की सरकार आते ही उन्होंने 10 जनवरी 2019 में सीबीआई को दी गई सहमति तत्काल प्रभाव से रद्द ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बस्तर में भूकंप के झटके से हड़कंप

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर में भूकंप के झटके महसूस होने से जगदलपुर में हड़कंप मच गया. लोग घरों को छोड़कर बाहर निकले. रात 8 बजकर 02 मिनट में जगदलपुर शहर के कई इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए. एक घर के सामने खड़ी एक कार भी जमीन में धंस गई. भूकंप के झटके महसूस होने से सभी शहरवासी अपने-अपने घरों को छोड़कर बाहर निकले. कुछ सेकेंड के लिए सभी लोगों ने कंपन महसूस की. हालांकि अभी तक इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है.

महाकाल को गर्मी से बचाने बांधी गई गलंतिका : उज्जैन, (ए.)। गर्मियों का मौसम आते ही लोग तेज धूप और गर्म हवाओं से परेशान हो जाते हैं, इससे निजात पाने के लिए लोग तरह-तरह के इंतजाम करते हैं। इसी के तहत अब उज्जैन के बाबा महाकाल को गर्मी से बचाने के लिए उनके सेवक पंडे पुजारियों ने जतन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को सुको में दी चुनौती

नई दिल्ली, (वार्ता)। झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से गिरफ्तारी के बाद करीब तीन माह से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री

हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर उच्च न्यायालय के आदेश पारित करने में देरी का हवाला देते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जाति जनगणना राजनीति नहीं मेरे जीवन का मिशन : राहुल

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि जाति जनगणना उनके लिए कोई राजनीति नहीं बल्कि उनके जीवन का मिशन है और केंद्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर इसे अनिवार्य रूप से कराया जायेगा। गांधी ने यहां जवाहर भवन में सामाजिक न्याय सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उनकी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा, जब से मैंने जाति जनगणना विचार रखा है सभी तथाकथित देशभक्त डरे हुए हैं। जाति जनगणना मेरे लिए राजनीति नहीं है, बल्कि यह मेरे जीवन का मिशन है। जैसे ही कांग्रेस सरकार केंद्र में सत्ता में

मोदी ने अमीरों के 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर गरीबों का मारा हक : राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि उन्होंने उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज़ माफ कर गरीबों का हक़ छीना है। गांधी ने यहां जारी एक बयान में आज कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने अरबपति मित्रों का 1,60,00,00,00,00,000 मतलब 16 लाख करोड़ रुपया कर्ज़ा माफ किया है। उनका कहना था कि इतनी रकम का कर्ज माफकर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सैम पित्रोदा की टिप्पणी से कांग्रेस बेनकाब: शाह

नई दिल्ली, (वार्ता)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने कांग्रेस पार्टी के सलाहकार सैम पित्रोदा के कांग्रेस पार्टी की 'विरासत टैक्स' वाले बयान पर आज कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस की तुष्टीकरण की खतरनाक साजिश बहुसंख्यकों की संपत्ति को जप्त करने और इसे अल्पसंख्यकों के बीच वितरित करने की है।

शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सैम पित्रोदा पर जमकर निशाना साधा और कहा कि सैम पित्रोदा की टिप्पणी के बाद कांग्रेस पार्टी पूरी तरह बेनकाब हो गई है। उन्होंने कहा कि धन पुनर्वितरण पर सैम पित्रोदा के बयान से आज कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति उजागर हो गई है।



पूर्व पीएम मनमोहन ने भी यह बात कही थी

वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि सैम पित्रोदा की टिप्पणी के बाद कांग्रेस पार्टी के चेहरे से पूरी तरह नकाब उतर गया है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले कांग्रेस के घोषणा पत्र में 'सर्वे' का जिक्र किया गया। डॉ. मनमोहन सिंह ने प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए बयान दिया था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है।

गरमा-गरम

सुनवाई... सवाल किया कि क्या माइक्रो कंट्रोलर एक बार प्रोग्राम करने योग्य है?

ईवीएम-वीवीपैट पर सुको ने आयोग से मांगा स्पष्टीकरण

नई दिल्ली, (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट (वीवीपैट) की पर्चियों की गिनती 100 फीसदी तक बढ़ाने की याचिका पर बुधवार को चुनाव आयोग से कई स्पष्टीकरण देने के साथ ही यह भी बताने को कहा कि क्या माइक्रो कंट्रोलर एक बार प्रोग्राम करने योग्य है?

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस वी एन भट्टी की पीठ ने चुनाव आयोग से आज दो बजे से पहले ईवीएम-वीवीपैट से संबंधित कई तथ्य स्पष्ट

करने को कहा।पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी और अन्य वकील से कहा, ÷हम बस कुछ स्पष्टीकरण चाहते थे। शीर्ष अदालत ने यह जानना चाहा कि क्या कंट्रोल यूनिट या वीवीपैट में माइक्रो कंट्रोलर स्थापित है।

पीठ ने चुनाव आयोग से पूछा, हमें लगा कि नियंत्रण इकाई में मेमोरी स्थापित है। हमें बताया गया कि वीवीपैट में फ्लैश मेमोरी है। क्या माइक्रो कंट्रोलर एक बार प्रोग्राम करने योग्य है। हमें बस इसकी पुष्टि कर दें। शीर्ष अदालत ने यह भी जानना चाहा कि चुनाव आयोग के पास कितनी प्रतीक लोडिंग इकाइयां उपलब्ध थीं।

पीठ ने ईवीएम के डेटा को बरकरार रखने की समय सीमा भी जानना चाहा। पीठ ने चुनाव आयोग की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल भाटी और वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह से पूछा, आपने कहा कि चूंकि चुनाव याचिका दायर करने की सीमा 30 दिन है। इसलिए ईवीएम में डेटा 45 दिनों तक संग्रहित रहता है, लेकिन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 81 के अनुसार, उस सीमा की अवधि 45 दिन है। ऐसे में ईवीएम में डेटा रखने का समय बढ़ाना होगा।'

'सोर्स कोड का खुलासा कभी न हो'- कोर्ट

पीठ ने कहा, हम इस बारे में आश्वस्त होना चाहते थे। यदि सीमा अवधि 45 दिन है तो इसे (ईवीएम सुरक्षित करने की अवधि) 60 दिन करें। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता की ओर से सोर्स कोड का मुद्दा भी उठाने पर पीठ ने कहा, 'सोर्स कोड का खुलासा कभी नहीं किया जाना चाहिए। लोग इसका दुरुपयोग करने की कोशिश करेंगे।' याचिकाएं एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और अन्य द्वारा दायर की गई हैं।

राजनांदगांव लोकसभा सीट पर कांटे का मुकाबला

कांग्रेस से भूपेश बघेल तो भाजपा से संतोष पांडे चुनावी रणभूमि में

चढ़ा चुनावी पारा जनता किसके साथ 26 को मतदान

राजनांदगांव लोकसभा सीट छत्तीसगढ़ के हाई प्रोफाइल सीटों में से है, जो छत्तीसगढ़ में बीजेपी का गढ़ माना जाता है , इस बार राजनांदगांव सीट पर कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को चुनावी मैदान में उतारा है. भाजपा ने सांसद संतोष पांडे को दोबारा टिकट देकर भरोसा जताया है। दोनों प्रमुख पार्टियां अपनी जीत के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही हैं. लगातार इस लोकसभा सीट में बड़े नेता चुनाव प्रचार के लिए आ चुके है ।

छत्तीसगढ़ में कका के नाम से मशहूर भूपेश बघेल राजनांदगांव में चक्रव्यूह को भेदने मे कितना सफल होते है यह तो आने वाला समय ही बताएगा।



कवर्धा/नवप्रदेश। प्रचार प्रसार का दौरा अब थम चुका है । वनांचल और शहर की स्थिति को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि इस बार लोकसभा चुनाव मे भूपेश बघेल और संतोष पांडे के बीच टक्कर का मुकाबला देखा जा सकता है। दरअसल दोनों प्रत्याशी ने चुनाव प्रचार प्रसार में किसी प्रकार का कोई कसर नहीं छोड़ा है । तो इसके साथ ही हम आपको बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा आम लोगों तक पूर्व में किए गए कार्यों को लेकर वे पहुंचे थे। किसानों के कर्ज माफी सहित अनेक मुद्दों पर उन्होंने चर्चा किया।

भूपेश बघेल ने जहां अंग्रेजी माध्यम स्कूल ,किसानों को दिए जाने वाले सुविधाओं सहित, अन्य विषय को लेकर अपनी बातों को रखा है, तो इसके साथ ही संतोष पांडे ने उनके कार्यकाल में हुए कार्य त था केंद्र सरकार के द्वारा किए गए कार्यों को लेकर आम जनता तक अपनी बातों को रखा है ।

वर्तमान समय में अब जनता ही फैसला करेगी कि वह जीत का ताज किसे पहनती है। फिलहाल हम आपको बता दे कि अगर शहर और ग्रामीण अंचलों में लोगों की बात करें तो जो निकाल कर सामने आ रहा है उससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि इस बार टक्कर का मुकाबला देखने के लिए मिलेगा हालांकि हार और जीत का फैसला तो जनता जनार्दन ही करती है।

लोकसभा चुनाव का दंगल

राजस्थान की 13 में से 5 सीटों पर कांटे का मुकाबला

जयपुर। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रेल को होने वाला है. दूसरे चरण में राजस्थान में कई अहम सीट हैं जिन पर सभी की नजर टिकी हुई हैं. पहले चरण में काफी कम मतदान हुआ था लिहाज दूसरे चरण की वोटिंग के लिए राजनीतिक पार्टियों ने अपना पूरा दम लगाया है. 24 अप्रेल प्रचार प्रसार का आखिरी दिन है. इसलिए सभी पार्टियां आज पूरा दमखम दिखा रही हैं. राजस्थान में दूसरे चरण में टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर-जैसलमेर, जालोर-सिरोही, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां 13 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। इन सभी 13 सीटों में एक ऐसी सीट है जिस पर त्रिकोणीय मुकाबला है. यह सीट है बाड़मेर-जैसलमेर सीट. इस पर बीजेपी कांग्रेस को निर्दलीय उम्मीदवार टक्कर दे रहे हैं. राजस्थान के इन 13 सीटों पर 5 सीटें ऐसी है जिन कड़ी टक्कर का है. इन 5 सीटों पर सभी की निगाहें टिकी है. इन सीटों पर बीजेपी और कांग्रेस दोनों के उम्मीदवार मजबूत हैं और वे एक दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे हैं.

इन पांच सीटों पर कांटे का मुकाबला

दूसरे चरण में जोधपुर लोकसभा सीट पर बीजेपी की ओर से गजेंद्र सिंह शेखावत हैं. उनके सामने कांग्रेस करण सिंह उचियारड़ा हैं. दोनों के बीच कड़ी टक्कर बताई जा रही है. वहीं कोटा-बूंदी लोकसभा सीट पर बीजेपी के ओम बिरला और कांग्रेस के प्रहलाद गुंजल के बीच टक्कर है. जालोर-सिरोही सीट काफी अहम है. इस पर कांग्रेस से अशोक गहलोत के बेटे वैभव गलतोत हैं जबकि बीजेपी की ओर से लुंबाराम चौधरी मैदान में हैं.

सबसे ज्यादा चर्चा में है बाड़मेर-जैसलमेर सीट

इन सबसे इतर सबसे चर्चित सीट बाड़मेर-जैसलमेर सीट है. वहां त्रिकोणीय मुकाबला है. इस सीट पर सबसे ज्यादा चर्चाओं में निर्दलीय उम्मीदवार रविंद्र सिंह भाटी हैं. उन्होंने बीजेपी और कांग्रेस दोनों की नींद उड़ा रखी है. यहां बीजेपी की ओर से कैलाश चौधरी और कांग्रेस से उमेदाराम बेनीवाल मैदान में हैं. इन सभी 13 सीटों पर अगर 2019 के नतीजों को देखें तो सभी 13 सीट भाजपा के खाते में थी और रिकॉर्ड जीत दर्ज की गई थी।

अजमेर सीट : भाजपा के भागीरथ चौधरी ने कांग्रेस के रिजु झुनझुनवाला को 416424 मतों से हराया था. चौधरी को 815076 वोट और झुनझुनवाला को 398652 वोट मिले थे.

बांसवाड़ा सीट : भाजपा के कनकमल कटारा ने कांग्रेस के ताराचंद भगोरा को 305464 मतों से हराया था. कटारा को 711709 वोट और भगोरा को 406245 वोट मिले थे.

बाड़मेर-जैसलमेर सीट : भाजपा के कैलाश चौधरी ने कांग्रेस के मानवेंद्र सिंह को 323808 मतों से हराया था. उस समय चौधरी को 846526 वोट और सिंह को 522718 वोट मिले थे.

भीलवाड़ा सीट : भाजपा के सुभाष चंद्र बहेड़िया ने कांग्रेस के रामपाल शर्मा को 612000 मतों से हराया था. बहेड़िया को 938160 वोट और शर्मा को 326160 वोट मिले. यह लोकसभा चुनाव 2019 की बड़े अंतराल जीती गई सीटों में शामिल थी.

चित्तौड़गढ़ सीट : भाजपा के चंद्रप्रकाश जोशी ने कांग्रेस के गोपाल सिंह शेखावत को 576247 मतों से हराया था. जोशी को 982942 वोट और शेखावत को 406695 वोट मिले थे.

जालोर सीट : भाजपा के देवजी पटेल ने कांग्रेस के रतन देवासी को 261110 मतों से हराया था. पटेल को 772833 वोट और देवासी को 511723 वोट मिले थे.

झालवाड़-बारां सीट : भाजपा के दुष्यंत सिंह ने कांग्रेस के प्रमोद शर्मा को 453928 मतों से हराया था. सिंह को 887400 वोट और शर्मा को 433472 वोट मिले थे.

जोधपुर सीट : भाजपा के गजेंद्र सिंह शेखावत ने कांग्रेस के वैभव गहलोत को 274440 मतों से हराया था. शेखावत को 788888 वोट और गहलोत को 514448 वोट मिले थे.

पाली सीट : भाजपा के पीपी चौधरी ने कांग्रेस के बद्री जाखड़ को 481597 मतों से हराया था. चौधरी को 900149 वोट और जाखड़ को 418552 वोट मिले थे.

राजसमंद सीट : भाजपा की दीया कुमारी ने कांग्रेस के देवकीनंदन काका को 551916 मतों से हराया था. दीया को 863039 वोट और देवकीनंदन को 311123 वोट मिले थे.

टोंक सवाई माधोपुर : भाजपा के सुखबीर सिंह जौनपुरिया ने कांग्रेस के नमोनारायण को 111291 मतों से हराया था. जौनपुरिया को 644319 वोट और नमोनारायण मीणा को 533028 वोट मिले थे.

उदयपुर सीट : भाजपा के अर्जुनलाल मीणा ने कांग्रेस के रघुवीर सिंह मीणा को 437914 मतों से हराया था. अर्जुनलाल को 871548 और रघुवीर सिंह को 433634 वोट मिले थे.

कोटा सीट : भाजपा के ओम बिड़ला ने कांग्रेस के रामनारायण मीणा को 279677 मतों से हराया था. बिड़ला को 800051 और मीणा को 520374 वोट मिले थे.

शादी के कार्ड पर पप्पू यादव का नाम हुआ वायरल

अब पूर्णिया में होगा असली खेला

पूर्णिया। लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को पूर्णिया सहित 88 सीटों पर मतदान होगा. पप्पू यादव की वजह से सीमांचल के लोगों में लोकसभा चुनाव को लेकर काफी उत्सुकता देखी जा रही है. इसी बीच मांगलिक कार्य शादी विवाह के लग्न की भी शुरुआत हो चुकी है. 26 और 28 को तगड़ा लगन है. इसी बीच पूर्णिया में एक शादी का वायरल कार्ड खूब चर्चा का विषय बना हुआ है. दरअसल, शादी कार्ड के ऊपर पूर्णिया मांगे पप्पू यादव स्लोगन लिखा हैं. शादी कार्ड पर छपे इस स्लोगन को पढ़कर लोग भी 2 मिनट सोचने के लिए मजबूर हो जाते हैं. इस शादी कार्ड की खूब चर्चा हो रही है. दरअसल,यह शादी पूर्णिया जिला के सरसी थाना के जियनगंज दक्षिण पंचायत के वार्ड नंबर 14 के निवासी विनोद कुमार के सुपुत्र विनय कुमार की होनी है. 28 अप्रैल को शादी होनी है. जिसके लिए कार्ड वितरण किया जा रहा है।

पप्पू यादव के काम से प्रभावित होकर किया ऐसा

वहीं इस कार्ड की सच्चाई जानने के लिए लोकल 18 ने सरसी पहुंचकर दुल्हा विनय कुमार से बातचीत की. विनय कुमार कहते हैं की दल से नहीं दिल से पप्पू है. उन्होंने कहा कि नेता हो तो पप्पू यादव जैसा. उन्होंने कहा जाति धर्म से उठकर वह हर तबके के लोगों का सहारा बनने का प्रयास करते हैं. वह गरीबों के मसीहा के नाम से भी जाने जाते हैं. विनय सिंह कहते हैं कि वह पप्पू यादव की कार्य शैली से काफी प्रभावित रहते हैं. साथ ही साथ उसे गांव के कई लोगों ने भी उसकी खूब तारीफ की।

माता-पिता सहित परिजन ने बताई दिल की बात

लड़के की माता चांदनी देवी, पिता और चाचा मनोज यादव, अनु यादव सहित अन्य परिवार वालों ने कहा कि बेटा की शादी 28 अप्रैल को होनी है. शादी की तैयारी चल रही है. ऐसे में शादी से पहले लोकतंत्र और देश का महापर्व चुनाव है. इस चुनाव को संपन्न करने का प्रयास में लगे हैं. मौजूद सभी लोगों ने कहा की वह पप्पू यादव से बहुत उम्मीद करती हैं. पप्पू यादव की कार्यशैली उन्हें पसंद है. वह गरीबों के लिए दिन-रात एक कर देते हैं. एक फोन पर सबसे मिलने आते हैं।

लोकसभा चुनावी वॉच

अहंकारी हैं मोदी सरकार : प्रियंका

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मोदी सरकार को अहंकारी बताते हुए आज कहा कि अहंकारी सत्ता असली मुद्दों से ध्यान भटकाने, झूठ फैलाने और लोगों को भड़काने में लगी है लेकिन जनता इस साजिश को समझती है। श्रीमती वाड्रा ने ट्वीट कर कहा 'यह चुनाव जनता और झूठ की सत्ता के बीच है। जनता कह रही है कि वह बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक संकट से परेशान है लेकिन अहंकारी सत्ता असली मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने, झूठ फैलाने और भड़काने में लगी है।' उन्होंने कहा कि देश की जनता इस सरकार की असलियत को समझती है इसलिए उसने तय कर लिया है कि वह भटकाने की साजिश और भड़काने की राजनीति से छुटकारा पाकर रहेगी और इस लड़ाई में जनता जीतेगी, भारत जीतेगा। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी जी ने चित्रदुर्ग, कर्नाटक में विशाल जनसभा को संबोधित किया। कांग्रेस नेता ने कहा 'आज देश में बेरोजगारी 45 साल में सबसे ज्यादा है। महंगाई हद से ज्यादा बढ़ गई है लेकिन भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री सिर्फ ध्यान भटकाने में व्यस्त हैं। कांग्रेस की सरकार आपकी सरकार होगी जो सिर्फ आपकी भलाई के लिए काम करेगी।'

मोदी ने मंगलसूत्र और दाम्पत्य की गरिमा को गिराया : कांग्रेस

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंगल सूत्र संबंधी बयान को लेकर आज उनकी कड़ी आलोचना की और कहा कि उन्होंने न सिर्फ मंगल सूत्र का महत्व कम किया बल्कि दाम्पत्य की गरिमा को भी गिराया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी ने कांग्रेस के सत्ता में आने पर महिलाओं के मंगलसूत्र बेचने को लेकर जो बयान दिया है उससे उन्होंने, न दांपत्य के सूत्र की गरिमा रखी और, न मंगलसूत्र का महत्व रखा। उन्होंने कहा ÷मोदी जी, आपको भले ही सिंदूर और मंगलसूत्र का महत्व नहीं पता लेकिन इस देश के लोग इसका महत्व बखूबी जानते हैं। मंगलसूत्र दांपत्य जीवन का पावन और पवित्र प्रतीक है जो करोड़ों ब्याहताएं पहनती हैं और सारा जीवन उसे निभाती हैं।

मोदी ने नहीं किया गरीबों का भला: प्रवक्ता ने कहा मोदी जी, आपने गरीबों का कुछ भला नहीं किया। आपने गरीबों को कोविड में चिलचिलाती धूप में पैदल चलने को मजबूर किया। कोविड में गरीबों को दवाई और ऑक्सीजन के लिए दर-दर भटकाया। गरीबों को हवाई जहाज में बैठने का झूठा सपना दिखाया।

अर्जुन मुंडा, जोबा माझी और कालीचरण मुंडा ने किया नामांकन, रोड शो व सभाओं से दिग्गजों ने दिखाई ताकत

रांची-खूंटी-चाईबासा। झारखंड में 13 मई को लोकसभा की चार सीटों के लिए होनेवाले चुनाव के लिए मैदान सज रहा है. दिग्गज मैदान में उतर रहे हैं. मंगलवार को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने खूंटी लोकसभा सीट से पर्चा भरा. सिंहभूम लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की साझा प्रत्याशी जोबा माझी ने झामुमो की ओर से नामांकन किया. नामांकन पत्र भरने गये नेताओं ने अपनी-अपनी ताकत दिखायी. सभा आयोजित कर एक-दूसरे के खिलाफ गरजे.

जोबा मांझी के नामांकन में रहे मुख्यमंत्री चंपाई, कल्पना मौजूद

केंद्रीय मंत्री श्री मुंडा के नामांकन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहुंचे. वहीं जोबा माझी के नामांकन में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन सहित पार्टी के विधायक मौजूद थे. इस दौरान मंत्री दीपक बिरुवा, मंत्री बन्ना गुप्ता, सुखराम उरांव, मझगांव के विधायक निरल पुरती, जगन्नाथपुर से कांग्रेस विधायक सोनाराम सिंकू शामिल हुए. वहीं कालीचरण मुंडा के नामांकन में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अब्दुल मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर पहुंचे थे. नक्सल का रास्ता छोड़ राजनीति में आये पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने भी पलामू से नामांकन किया है.

वह बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं. इसके अलावा मंगलवार को पलामू से अभय कुमार भुइयां ने भाकपा से और वृंदा राम ने पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से पर्चा भरा है. झारखंड में चार सीटों पर होनेवाले चुनाव के लिए अब तक कुल 21 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है. सिंहभूम में अब तक छह उम्मीदवारों ने नामांकन किया है. खूंटी से चार उम्मीदवारों ने नामांकन किया है. लोहरदगा संसदीय सीट से कुल सात उम्मीदवारों और पलामू से कुल चार उम्मीदवारों ने नामांकन किया है.

खूंटी की जीत भगवान बिरसा मुंडा को नमन होगा : अर्जुन मुंडा

खूंटी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने जनसभा को संबोधित कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 400 पार का नारा दिया है, हमें उसे हकीकत में बदलना है. उन्होंने कहा कि खूंटी की पूरी जनता भाजपा की प्रत्याशी है और खूंटी की जीत भगवान बिरसा मुंडा को नमन करने के लिए होगा. उन्होंने कहा कि यह नामांकन खूंटी को विकसित बनाने के लिए है. खूंटी के जनमानस के आकांक्षाओं के लिए है. भगवान बिरसा मुंडा के सपनों का खूंटी बनाने के लिए है.

देश को बर्बाद करने पर तुली है भाजपा : जोबा माझी

शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए प्रत्याशी जोबा माझी ने कहा कि यह चुनाव आदिवासियों व मूलवासियों की पहचान बचाने के लिए है. जल, जंगल व जमीन आदिवासियों व मूलवासियों के रोम-रोम में बसी है, इसे लूटने नहीं देंगे. झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन ने समाज को आगे बढ़ाने के लिए लड़ाई लड़ी है. लोकतंत्र व संविधान को बचाना है, तो एक-एक मतदाताओं को संदेश देना होगा. भाजपा देश को बर्बाद करने पर तुली है.

पटना साहिब से मीरा कुमार के बेटे अंशुल अविजित होंगे कांग्रेस से उम्मीदवार

पटना साहिब। सीट के लिए अंशुल अविजित के नाम की घोषणा के साथ ही महागठबंधन के साथ बंटवारे में कांग्रेस को मिली सभी 9 सीटों पर नाम फाइनल हो गए हैं. कांग्रेस ने 9 में से तीन सीट पर सीनियर नेता या मंत्री को टिकट दिया है. जिसमें मीरा कुमार के बेटे अंशुल अविजित के अलावा नीतीश कुमार की सरकार में मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे सन्नी हजारी और प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के बेटे आकाश प्रसाद सिंह का नाम शामिल है।

रविशंकर प्रसाद से होगा मुकाबला

पटना साहिब सीट के लिए चर्चा में थे ये नाम

पटना साहिब सीट के लिए कांग्रेस में दावेदार के रूप में औरंगाबाद के पूर्व सांसद निखिल कुमार, कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष शशिरंजन, मीरा कुमार के बेटे अंशुल अविजित एवं मंजीत आनंद साहू के नाम की चर्चा थी. स्क्रीनिंग कमिटी ने इन नामों पर विचार विमर्श कर केंद्रीय चुनाव कमेटी को किसी एक नाम पर फैसला लेने की सिफारिश की थी. जिसके बाद कमिटी ने अंशुल अभिजित का नाम फाइनल कर दिया है।

बिहार में कांग्रेस की 9 सीटों पर उम्मीदवार

किशनगंज से मो. जावेद
कटिहार से तारिक अनवर
भागलपुर से अजित शर्मा
पश्चिम चंपारण से मदन मोहन तिवारी
मुजफ्फरपुर से सांसद अजय निषाद
महाराजगंज से आकाश प्रसाद सिंह
समस्तीपुर (सुरक्षित) से सन्नी हजारी
सासाराम (सुरक्षित) से मनोज कुमार

पलामू लोकसभा सीट

झारखंड के पूर्व डीजीपी वीडी राम ने भरा नामांकन

झारखंड में लोकसभा चुनावों को लेकर उम्मीदवारों का नामंकन जारी है. इसी क्रम में पलामू लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार व पूर्व डीजीपी बीडी राम ने आज अपना पर्चा दाखिल कर दिया. इस दौरान उनके साथ बीजेपी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मौजूद थे. बीडी राम ने पर्चा दाखिल करने से पहले छह मुहान स्थित काली मंदिर में पूजा-अर्चना की।

नामांकन दाखिल करने के दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री व पूर्व सेना अध्यक्ष जनरल वीके सिंह भी मौजूद रहे. आपको बता दें कि पलामू लोकसभा सीट पर चौथे चरण में चुनाव है. पलामू सहित लोहरदगा, सिंहभूम, खूंटी में भी 13 मई को मतदान होने वाले हैं।

किसके विरुद्ध ठोकेंगे ताल

इंडिया गठबंधन से पलामू लोकसभा सीट आरजेडी के कोटे में गई है. आपको बता दें कि आरजेडी ने इस सीट से ममता भुइयां को चुनावी मैदान में उतारा है. ममता भुइयां हाल ही में आरजेडी में शामिल हुई थी. वीडी राम पलामू लोकसभा सीट से दो बार के सांसद हैं।

न्यूज गैलरी

नशीली टैबलेट परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। मुखबीर से पता चला कि एक व्यक्ति काले रंग के एक्टिव क्रमांक छ्त्त 04 श्रद्ध 7443 में प्रतिबंधित नशीली दवाई टैबलेट लेकर बिक्री करने के लिए महासमुंद होते रायपुर की ओर जाने के लिए निकला है। की मुखबरी सूचना रोजनामचा में दर्ज कर हमराह स्टाफ एवं गवाहों के साथ आरंग महासमुंद तिराहा एनएच रोड के पास पहुंचकर मुखबिर के बताएं एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 पीएफ 7443 के आने का इंतजार करने पर कुछ देर बाद मुखबिर के बताएं एक्टिवा क्रमांक को रोककर पूछने पर पहले तो अपना नाम बताने में हिल हवाला करने लगा बाद में कड़ाई से पूछने पर अपना नाम कुणाल कुमार वर्मा पिता नागेंद्र वर्मा 22 वर्ष निवासी नावाखास पोस्ट नया जयपुर थाना नावा जयपुर जिला पलामू झारखंड का रहने वाला बताया जिसके एक्टिवा को चेक करने पर सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में अवैध प्रतिबंधित नशीली टैबलेट nitrosun 10 मिला कल 460 स्ट्रिप प्रत्येक में 10-10 नग टैबलेट भरा हुआ कुल 4600 नग टैबलेट प्रत्येक स्ट्रिप की कीमत 71 रू. जुमला कीमती करीबन 32660 रू. परिवहन करते मिला पूछताछ करने पर बसना पदमपुर से रायपुर ले जाकर विक्की खान को देने के लिए परिवहन करना बताया । प्रतिबंधित नशीली टैबलेट nitrosun 10 नग को रखने के संबंध में धारा 91 सीआरपीसी का नोटिस दिया गया जो परिवहन करने के संबंध में कोई भी दस्तावेज पेश नहीं किया।

सड़क दुर्घटना में पति-पत्नि की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। आज दिनांक 24.4.24 को मोटर साइकिल सीडी डीलक्स क्रमांक सीजी 04 nh 6697 मे चालक परिवार के 4 सदस्यों के साथ फरहद से बिरगांव जा रहे थे, जो टेकारी मोड़ के पास नेशनल हाईवे रिंग रोड नंबर 3 मे एक कंक्रीट मिलर वाहन क्रमांक CG04JA9252 के चालक द्वारा कंक्रीट को सद्दू से खाली कर टेकारी आ रहा था. वाहन चालक संतोष उराव पिता राजकुमार उराव उम्र 40 साल निवासी डालओबरा, थाना बडिया, जिला गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा मोटर साइकिल चालक दानेश साहू एवं सवार 3 व्यक्ति को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे पति पत्नी की मौके पर मृत्यु हो गयी एवं चालक का छोटा बच्चा व चालक का साला घायल हो गए जिन्हे उपचार हेतु हॉस्पिटल पहुंचाया गया इलाज जारी है।

बघवा तालाब में बनेगा पाथ-वे और गार्डन

■ **बरसात से पहले तालाब गहरीकरण का कार्य जारी**

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुरा स्थित बघवा तालाब का बरसात से पहले गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। यहां तालाब के चारों और पाथवे के साथ ही उद्यान भी बनाया जाएगा।

निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर निगम की टीम द्वारा यहां चल रहे कार्यों का निरीक्षण कर रही है। आज वहां कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा तथा उप अभियंता अर्जिता दीवान ने वहां जाकर कार्य कर रहे लोगों को दिशा निर्देश दिए। श्री शर्मा ने बताया कि इस तालाब की गहरीकरण के साथ ही वहां रिटेनिंग वाल , पाथवे और उद्यान भी बनाया जा रहा है। ये सभी कार्य बरसात से पहले पूर्ण कर लिए जाएंगे। इस हेतु आज ठेकेदार की हिदायत भी दी गई।

रामनगर टंकी में लगेगा हाइड्रेंट

■ **बाकी टंकीयों में भी हाइड्रेंट लगाने सर्वे किया जाएगा**

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर आज रामनगर स्थित भारत माता टँकी में हाइड्रेंट लगाने हेतु अधिकारियों ने जायजा लिया। यहां टँकी या मेन राइजिंग लाईन में हाइड्रेंट लगाया जाएगा। गुढ़ियारी में बिजली विभाग के यार्ड में आगजनी के घटना के समय निगम द्वारा मेन राइजिंग लाईन की वाल को तोड़कर नाली बनाकर पानी से आग बुझाने का कार्य किया गया था।

इस घटना का जायजा लेते समय निगम आयुक्त श्री मिश्रा ने निर्देश दिए कि टँकी में यदि हाइड्रेंट लगा होता तो पानी निकालने में सहूलियत होती साथ ही इस टँकी के अलावा जिस भी टँकी में हाइड्रेंट ना लगा हो उनका सर्वे कर वहां हाइड्रेंट लगाने के निर्देश दिए थे। आज रामनगर स्थित भारत माता टँकी का निगम के फिल्टर प्लांट के अधीक्षण अभियंता बद्री चंद्राकर और कार्यपालन अभियंता नरसिंह फरेंद्र ने निरीक्षण किया। श्री फरेंद्र ने बताया कि इस जगह पर हाइड्रेंट लगाने के लिए दो तरह से विचार किया जा रहा है। यहां टँकी में या फिर नीचे मेन राइजिंग लाईन के नीचे हाइड्रेंट लगाने का परीक्षण कर जल्द ही हाइड्रेंट लगा दिया जाएगा।

आईपीएल सट्टा: अंतर्राज्यीय गिरोह के 8 सटोरिये गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट को आई.पी.एल. क्रिकेट मैच 2024 के सीजन में क्रिकेट मैच के दौरान सट्टा खेलने/खिलाने वालों एवं इस कारोबार में संलिप्त लोगों की पतासाजी कर आवश्यक कार्यवाही करने के साथ ही क्रिकेट सट्टा के कारोबार पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है।

इसीक्रम में दिनांक 22.04.2024 को एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत स्थित सत्कार होटल गली पास एक व्यक्ति अपने मोबाईल फोन में आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाईन सट्टा खिला रहा है जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम श्री संदीप मित्तल, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट तथा थाना प्रभारी गंज को व्यक्ति को गिरफ्तार करने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट तथा थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। टीम के सदस्यों द्वारा व्यक्ति के पास रखें मोबाईल फोन को चेक करने पर उसके द्वारा मोबाईल फोन में आई.पी.एल. क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाईन सट्टा खेलना पाया गया। व्यक्ति से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा कुछ मोबाईल नंबरों के धारकों से लाईन लेकर ऑनलाईन सट्टा खेलना बताने के साथ ही मोबाईल नंबर के धारकों को कलकत्ता पश्चिम बंगाल में होना बताया गया।

चूंकि एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट रायपुर की टीम थाना माना के प्रकरण में आरोपी पतासाजी हेतु पूर्व से कलकत्ता पश्चिम बंगाल में उपस्थित थी। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कलकत्ता पश्चिम बंगाल में कैम्प कर रहीं टीम को कलकत्ता पश्चिम बंगाल में उपस्थित सटोरियों पर आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा न्यू टाउन गोलाबारी 24 परगना स्थित एक फ्लैट में रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही के दौरान फ्लैट में 08 व्यक्ति उपस्थित थे, जो लैपटॉप व मोबाईल फोन के माध्यम से सेटअप तैयार कर ऑनलाईन सट्टा संचालित कर रहे थे।

सटोरियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा आई.पी.एल. क्रिकेट मैच के दौरान रेड्डी अन्ना एप एवं ऑन लाईन माध्यम से सट्टा खिलाना स्वीकार करने के साथ ही इसका मुख्य सरगना समता कालोनी आजाद चौक रायपुर निवासी मोहित सोमानी को होना बताया गया। जिस पर सभी 08 सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सट्टा संचालन में प्रयुक्त 05 नग लैपटॉप, 36 नग मोबाईल फोन जुमला कीमती लगभग 12,00,000/- रूपये तथा 24 बैंक पास बुक एवं 24 नग ए.टी.एम. कार्ड जप्त किया गया है। सटोरियों के पास 01 दर्जन से अधिक बैंक खाते है, जिनमें सट्टों के पैसों का लेन-देन होता था तथा इन खातों में लाखों रूपये जमा है,के विरुद्ध विधि अनुरूप कार्यवाही की जायेगी ।

बिजली खबों से पीएम मोदी के पोस्टर हटाने की चुनाव आयोग से शिकायत

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा रायपुर के चारो ओर में और छत्तीसगढ़ के अनेक स्थानों में सार्वजनिक विद्युत पोल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पोस्टर लगे होने की शिकायत कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त से किया।

ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान समय में सम्पुर्ण भारत में आदर्श आचार संहिता लागू है ऐसी स्थिति में भारतीय जनता पार्टी द्वारा रायपुर शहर के चारो ओर में और छत्तीसगढ़ के अनेक स्थानों में सार्वजनिक विद्युत पोल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पोस्टर लगाये है जो कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। जिसका प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग घोर आपत्ति/शिकायत करती है।

रायपुर शहर शंकर नगर से विधानसभा जाने वाली रोड में दूरदर्शन के आगे ओवर ब्रिज के दोनों तरफ सार्वजनिक विद्युत पोल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के पोस्टर लगे हुये है और उक्त पोस्टर में भाजपा के द्वारा कमल के बटन दबाना है भाजपा ला जिताना है का उल्लेख है। इसीलिये किसी भी सार्वजनिक विद्युत पोल पर उक्त तरह के पोस्टर लगाना और प्रचार करना आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लंघन है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा रायपुर शहर के चारो ओर में और छत्तीसगढ़ के अनेक स्थानों में सार्वजनिक विद्युत पोल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के पोस्टर को तत्काल हटाये जाने और उक्त पोस्टर, होर्डिंग को लगाने वाले व्यक्ति के विरूद्ध उचित कानूनी समुचित कार्यवाही किये जाने की कृपा की जाये। उक्त कार्यवाही से हमें अवगत करने की कृपा करें। ज्ञापन सौंपने वाले में कांग्रेस विधि विभाग प्रदेश अध्यक्ष डॉ.देवा देवांगन, नंदकुमार पटेल, मोईन कुरेशी, अंकित कुमार मिश्रा, रामशंकर सोनकर उपस्थित थे।

39 किलो गांजा के साथ 3 अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रहीं है। नारकोटिक्स एक्ट पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया है साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।

इसी तारतम्य में दिनांक 23.04.2024 को थाना गंज को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत रेलवे स्टेशन गेट नंबर 02 पास कुछ व्यक्ति अपने पास गांजा रखें है तथा बिक्री करने हेतु ग्राहक की तलाश कर रहे है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली योगेश साहू द्वारा थाना प्रभारी गंज निरीक्षक दीपक पासवान को सूचना की तस्दीक कर आरोपियों को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी गंज के नेतृत्व में थाना गंज पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के 3 व्यक्तियों को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियो ने अपना नाम विष्णु तोमर, अभिमन्यु बेहरा एवं अरूण मिश्रा होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखे ट्राली बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया।

रेल्वे स्टेशन की विफलता को लेकर कांग्रेस पहुंची रेलवे स्टेशन, यात्रियों से भी मिले नेता

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आज रेल्वे स्टेशन में यात्रियों से मिलकर उनकी परेशानियों को जाना इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुये कहा कि 1. गर्मी की छुट्टियां चल रही है, शादी-ब्याह का सीजन है, लोग महीनों पहले टिकिट बुक करवा कर रखे है लेकिन ऐन यात्रा के दिन ट्रेनों के रद्द होने का फर्मान जारी हो जाता है। 2. अकेले रायपुर रेलवे स्टेशन में प्रतिदिन हजारों यात्री ट्रेनों के लेट लतीफी और रद्द होने के कारण परेशान है। 3. वर्तमान में एक बार फिर 18 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया। 40 ट्रेने पहले से रद्द है। 4. देश में आज कोई भी ट्रेन नहीं है जो समय पर गंतव्य के लिये चलती हो घंटो लेट लतीफी भारतीय रेल की पहचान बन गयी है।

5. यह मोदी सरकार की तानाशाही और छत्तीसगढ़ विरोधी रवैया है पिछले 3 साल से अधिक समय से छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 62000 ट्रेनों को बिना किसी ठोस कारण के रद्द किया जाता है 6. लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने का मतलब यात्री ट्रेनों को बंद करने के षड़यंत्र करने का समर्थन करना होगा। रेलवे को बचाने के लिए आवश्यक है कि देश से मोदी सरकार की विदाई की जाये। 7. देश की आजादी के बाद ऐसी स्थिति केवल मोदी सरकार में आई है। जहां रेलवे की यात्री सुविधाएं इतनी ज्यादा खस्ताहाल हो गयी है। यात्री ट्रेनों को जानबूझकर रद्द किया जाता है, कभी कोयले के आपूर्ति के नाम पर, कभी कोई और कारण बता कर यह विश्वसनीय यात्री सेवा भारतीय रेल को बदनाम करने की साजिश है ताकि लोग रेलवे से ऊब जाये और रेल को भी मोदी अपने उद्योगपति मित्र अडानी के हवाले कर सके। 8. बुजुर्गो, छात्रों, बच्चों, विकलांगों को मिलने वाली सुविधा को मोदी सरकार ने मुनाफाखोरी के चक्कर में बंद कर दिया।

रायपुर और तिल्दा में लगा रक्तदान शिविर

रायपुर/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मॉडल ब्लड बैंक सेंटर एवं संत निरंकारी मिशन के संयुक्त तत्वावधान में मानव एकता दिवस के अवसर पर बुधवार को रायपुर और तिल्दा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में रायपुर में 209 यूनिट और तिल्दा में 97 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। रक्तदान शिविर की खास बात यह रही की अकेले रायपुर में 84 यूनिट रक्त और तिल्दा में 23 यूनिट रक्त विशेष रूप से महिला रक्तदाताओं द्वारा डोनेट (दान) किया गया।

संत निरंकारी मिशन की तरफ से रायपुर कैंप का कार्यभार गुरबक्श सिंह कालरा, परमजीत कालरा, कमलेश पंजवानी और तिल्दा कैंप का कार्यभार सुंदर दास ने संभाला। मॉडल ब्लड (बैंक) सेंटर की तरफसे रायपुर कैंप डॉ. सूदित पाल और तिल्दा कैंप डॉ. अविरल मिश्रा के निगरानी में संपन्न हुआ।

रायपुर रक्तदान शिविर की टीम में डॉ. मनीष, डॉ. अमित, डॉ. नुपुर, डॉ. बबिता, डॉ. शिवानी, डॉ. शालिनी, प्रेम लाल बिरला, मनोज दास, गणेश मेहर, जितेन्द्र यादव, झूल सिंह, तिलिस्मी, जागृति, भूमिका यादव, सम्मुख राव, गोवर्धन गायकवाड, लखपति पटेल, लकेश्वर, करिश्मा, शुभम, वंदना और राकेश बंजारे थे। वहीं तिल्दा रक्तदान शिविर की टीम में डॉ. रूपेश, डॉ. प्रेमा, डॉ. शरद चन्द्र, नूरानी खान, चकेश्वर पटेल, वर्षा चौधरी, शोभाराम साहू, शिव साहू, हेमा कश्यप, सिद्धार्थ हेमा और राकेश शर्मा शामिल थे। सभी के विशेष सहयोग से यह दोनों रक्तदान शिविरों का सफल आयोजन किया गया।

जागरूकता की शुरुआत स्वयं से : डॉ पण्ड्या

■ **देसंविवि के छात्रों ने चलाया जागरूकता और स्वच्छता कार्यक्रम**

हरिद्वार/नवप्रदेश। देव संस्कृति विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग द्वारा शहीदी दिवस समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशन में हुआ। चार दिवसीय विशेष कार्यक्रम में स्वच्छता, मतदान जागरूकता, निबंध, पोस्टर, स्लोगन, स्वरचित कविता, दीवार लेखन, रैली आदि का आयोजन किया गया। जिसमें देसंविवि के स्वयंसेवियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

समापन अवसर पर देसंविवि के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि जागरूकता की शुरूआत स्वयं से होती है, सबसे पहले अपने अंदर के दीपक को जगाने की आवश्यकता है। प्रतिकुलपति ने एनएसएस के विद्यार्थियों की मेहनत व लगन की सराहना की।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उमाकांत इंदौलिया ने बताया कि 19 अप्रैल से प्रारंभ हुए इस कैंप के माध्यम से घर-घर जाकर स्वयंसेवियों के द्वारा लोगों को मतदान व स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। स्वच्छता एवं मतदान से संबंधित थीम पर निबंध, पोस्टर, स्लोगन, स्वरचित कविता जैसे विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। साथ ही हरिपुर कलां क्षेत्र व विश्वविद्यालय परिसर में वृहद् स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया व स्वच्छता से संबंधित दीवार लेखन एवं रैली का आयोजन किया गया।

एनएसएस स्वयंसेवकों ने निकटवर्ती क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूक किया, तो वहीं दीवार लेखन के माध्यम से आम जन में स्वच्छता और रुढ़िवादी के प्रति चलाये जा रहे अभियान में अपनी सहज भागीदारी प्रस्तुत किया। इसके साथ ही विभिन्न सकरात्मक गतिविधियों को आमजन तक पहुंचाया हैं, जो समाज सम्मुनत एवं विकसित बनाने, समाज एवं राष्ट्र के समृद्धि में सहायक हैं। समापन अवसर पर 100 स्वयंसेवियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए एवं प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट चयनित विजेताओं को प्रमाण पत्र, मेडल, प्रतीक चिन्ह आदि भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न गणमान्य अतिथियों को मंत्र चादर, स्मृति चिह्न भेंट किया गया। इस कैंप में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इप्सित प्रताप सिंह, श्री प्रखर सिंह पाल, श्रीमती लालिमा, गायत्री शर्मा, ऋचा मिश्रा आदि का विशेष योगदान रहा।

हर घर दिया जा रहा मतदाता पर्चा

■ **कम मतदान क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक भी किया जा रहा**

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम क्षेत्र में कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार मतदाता पर्चे घर - घर जाकर बाटा जा रहा है। साथ ही कम मतदान वाले क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान करने जागरूकता भी लाई जा रही है।

निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर अपर आयुक्त विनोद पांडे ने आज निगम क्षेत्रों के अलग - अलग जगहों पर जाकर मतदाता पर्चियां बांटे जाने के कार्य का अवलोकन किया। साथ ही नागरिकों से मतदान करने हेतु प्रेरित भी किया। श्री पांडे ने बताया कि शहर के सभी 10 जोनों के प्रत्येक वार्डों में बूथ लेवल आफिसर के माध्यम से मतदाता पर्चे बाटे जा रहे हैं। इस कार्य में निगम की टीम भी जुटी हुई है। निगम के राजस्व अमले को भी इसमें लगाया गया है। इसी के साथ ही विधानसभा चुनाव चुनावों के समय जिन मतदान केंद्रों में कम मतदान हुआ था, वहां अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए वहां के मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य भी किया जा रहा है। मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए जागरूकता रैलियां भी निकाली जा रही है।

सुविचार

कुछ नादान लोगों से भी दोस्ती बनाए रखना जरूरी है क्योंकि कठिन समय में समझदार दोस्त व्यस्त पाए जाते हैं। नादान दोस्त ही काम आते हैं। - अज्ञात

ममता सरकार को हाईकोर्ट से झटका

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पिछले कार्यकाल के दौरान शिक्षकों की भर्ती के नाम पर जो भारी भ्रष्टाचार हुआ था उसे लेकर कोलकाता हाईकोर्ट ने ममता सरकार को जोर का झटका दिया है। हाई कोर्ट ने 2016 में बंगाल में 24 हजार शिक्षकों की जो भर्ती की गई थी उसे रद्द कर दिया है। इस भर्ती के नाम पर भारी भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। और इस मामले की सीबीआई तथा ईडी ने जांच की थी। तात्कालीन शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किया गया था। उस समय शिक्षा मंत्री और उनके करीबियों के ठिकानों पर छापे मारे गए थे। जिसमें 49 करोड़ नगद बरामद हुआ था। इस मामले में अब हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है और शिक्षकों की भर्ती को रद्द करने के साथ ही उन शिक्षकों से आठ साल का वेतन वसूल करने का भी आदेश दिया है। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद उन शिक्षकों के सामने इतनी मोटी रकम वापस करने का सवाल खड़ा हो गया है। इन शिक्षकों ने नौकरी पाने के लिए ही 10 से 15 लाख रुपए तक की रिश्वत दी थी। उनके वो पैसे तो डूब ही गए और 8 सालों में उन्होंने वेतन के रूप में जो लाखों रुपए प्राप्त किए थे वे भी खर्च हो गए। ऐसे में इतनी बड़ी रकम चुकाना उनके लिए मुश्किल हो जाएगा। कायदे से तो इस रकम की वसूली ममता बनर्जी सरकार से की जानी चाहिए। इधर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाईकोर्ट के फैसले को अवैधानिक बताते हुए इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की बात कही है। अब इस पर सुप्रीम कोर्ट कब तक और क्या फैसला लेगा इसका इंतजार करना होगा। तब तक उन 24 हजार शिक्षकों के सिर पर तलवार लटकती रहेगी। गौरतलब है कि इसके पहले भी ममता बनर्जी की सरकार पर कट मनी लेने और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में भारी भ्रष्टाचार करने के आरोप लगते रहे हैं। बहुचर्चित हजारों करोड़ के राशन घोटाले में हाल ही में टीएमसी के एक नेता शाहजहां शेख को गिरफ्तार किया गया है। जो इन दिनों जेल की हवा खा रहा है। उसके खिलाफ जब ईडी ने कार्यवाही की थी तो वह फरार हो गया था। और ममता सरकार पर उसे संरक्षण देने का आरोप लगा था। बाद में हाईकार्ट के दखल के बाद ही शाहजहां शेख की गिरफ्तारी हो पायी थी। अब ममता सरकार शिक्षक भर्ती घोटाले के आरोप में घिर गई है। हाईकोर्ट के फैसले के बाद अब यह बात स्पष्ट हो गई है कि शिक्षक भर्ती के नाम पर भी करोड़ों का घोटाला हुआ था और इसे घोटाले की एक बड़ी राशि तात्कालीन शिक्षा मंत्री की एक महिला मित्र के घर से बरामद की गई थी । अब देखना होगा कि उन 24 हजारों शिक्षकों का क्या होगा जिनका भविष्य अंधकारमय हो गया है। लोकसभा चुनाव के दौरान बंगाल में शिक्षा भर्ती घोटाला एक बड़ा मुद्दा बन जाएगा। भाजपा इसे लेकर ममता बनर्जी सरकार को कटघरे में खड़ा करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेगी ऐसे में ममता बनर्जी को लेने के देने पड़ जाए तो कोई आश्चर्य नहीं होगा।

निर्विरोध निर्वाचन पर सवालिया निशान क्यों

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के पहले ही गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल निर्विरोध चुनाव जीत गए हैं। इस पर कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियां सवालिया निशान लगा रही हैं। और भाजपा पर तानाशाही करने का आरोप लगा रही हैं। उनका यह आरोप वाकई समझ से परे है। इसके पूर्व आजादी के बाद से विभिन्न राज्यों में समय समय पर लगभग दो दर्जन सांसद निर्विरोध निर्वाचित होते रहे हैं। इनमें से ज्यादातर निर्विरोध सांसद कांग्रेस के शासन काल में कांग्रेस पार्टी के ही रहे हैं। चुनाव में यदि कोई प्रत्याशी गलत नामांकन पत्र भरेगा तो उसका पर्चा रद्द होना स्वाभाविक है। ऐसी स्थिति में दूसरा प्रत्याशी अपने आप निर्विरोध विजयी घोषित हो जाता है। सूरत में कांग्रेस के प्रत्याशी निलेश कुंभाणी ने अपने नामांकन पत्र में गवाहों के जो नाम दिए थे उनके हस्ताक्षरों में गड़बड़ी पाई गई इसलिए उनका पर्चा रद्द हो गया। सूरत सीट से जिन 8 निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। उन्होंने स्वेच्छा से अपना नामजदगी का पर्चा वापस ले लिया। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल का निर्विरोध सांसद चुना जाना कैसे गलत हो सकता है। किन्तु विपक्षी पार्टियां इसे लेकर व्यर्थ का बवाल खड़ा करने की कोशिश कर रही हैं। जिससे उन्हें कोई लाभ नहीं होगा। जिस कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन पत्र रद्द हुआ है। उसके बारे में चर्चा तो यह है कि वह कांग्रेस की टिकट पर सूरत लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ना ही नहीं चाहता था । क्योंकि 1980 से ही सूरत लोकसभा क्षेत्र भाजपा का अभेद्य गढ़ बनी हुई है। ऐसे में यह संदेह होता है कि कांग्रेस प्रत्याशी ने जानबूझकर अपना गलत नामांकन पत्र दाखिल किया था। ताकि वह रद्द हो जाए और चुनाव लड़ने से बच जाए। यह संदेह इसलिए भी सही लग रहा है क्योंकि कांग्रेस का वह प्रत्याशी लापता हो गया है। इसके बावजूद कांग्रेस इस मामले को उछाल रही है और ऐसा करके वह अपनी स्थिति को और भी हास्यास्पद बना रही है।

वीवीपैट का दायरा बढ़ाने की जरूरत

उत्कर्ष गहरवार

2019 के लोकसभा चुनावों से पहले यह मामला एक बार फिर जोरदार ढंग से उठा। तब सुप्रीम कोर्ट में पिटिशन के जरिए मांग की गई कि हर लोकसभा क्षेत्र में 50 फीसदी ड्ड्वक्क्रज पर्चियों का मिलान किया जाए। इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टिट्यूट का कहना था कि अगर बिना किसी तय आधार के यूं ही चुन लिए गए 479 श्वड्डरूका ड्ड्वक्क्रज से मिलान किया जाता है तो 99 फीसदी सटीक नतीजे आ सकते हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि वह इससे आठ गुना ज्यादा श्वड्डरूलेता है। फिर भी सुप्रीम कोर्ट ने ड्ड्वक्क्रज मिलान का दायरा पांच गुना और

अभी हर विधानसभा क्षेत्र से 5 EVM की VVPAT पर्चियां मिलान के लिए ली जाती हैं। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में हर वोट के मिलान की मांग की गई है। दिक्कत यह है कि VVPAT की पर्चियों के मिलान में वक्त लगता है। लेकिन सवाल चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता का हो तो वक्त कोई मसला नहीं होना चाहिए।

देश में 18वीं लोकसभा के लिए होने वाले सात चरणों का मतदान आज से शुरू हो गया शुक्रवार को पहले चरण की वोटिंग के लिए सारी तैयारियां हो चुकीं । लेकिन दिलचस्प है कि मतदान से ठीक पहले तक सुप्रीम कोर्ट में चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता से जुड़े मामले पर सुनवाई होती रही। मसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में डाले गए वोटों के वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल पर्चियों से मिलान का है। कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

पुराना मसला : निश्चित रूप से मुद्दा अहम है और पुराना भी। EVM के जरिए वोटिंग की शुरुआत 2004 के लोकसभा चुनावों में हुई थी। तब से सरकारें बदलती रहीं, लेकिन EVM की गड़बड़ियों के आरोप लगते रहे। इस बार सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान यह बात पहले ही स्पष्ट कर दी कि बैलट पेपर की ओर वापसी का विकल्प नहीं है। लेकिन उसने यह भी कहा कि चुनाव प्रक्रिया की शुचिता और उसकी विश्वसनीयता से किसी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता।

VVPAT के बाद- EVM की विश्वसनीयता के सवाल से जूझते हुए ही 2013 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से VVPAT लाया गया। इससे मतदाताओं को यह देखने का मौका मिलता है कि उनका वोट उसी को गया है जिसे वह देना चाहते थे। इसने निश्चित रूप से EVM की विश्वसनीयता बढ़ाने वाले एक टूल के रूप में अपनी जगह बनाई है, लेकिन विवाद का कोई सर्वमान्य हल उसके बाद भी नहीं निकल सका।

दायरा बढ़ाया : 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले यह मामला एक बार फिर जोरदार ढंग से उठा। तब सुप्रीम कोर्ट में पिटिशन के जरिए मांग की गई कि हर लोकसभा क्षेत्र में 50 फीसदी VVPAT पर्चियों का मिलान किया जाए। इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टिट्यूट का कहना था कि अगर बिना किसी तय आधार के यूं ही चुन लिए गए 479 EVM का VVPAT से मिलान किया जाता है तो 99 फीसदी सटीक नतीजे आ सकते हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि वह इससे आठ गुना ज्यादा EVM लेता है। फिर भी सुप्रीम कोर्ट ने VVPAT मिलान का दायरा पांच गुना और बढ़ाने को कहा।

वक्त कोई मसला नहीं : बावजूद इसके, मामला अभी भी फंसा हुआ है। अभी हर विधानसभा क्षेत्र से 5 EVM की VVPAT पर्चियां मिलान के लिए ली जाती हैं। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में हर वोट के मिलान की मांग की गई है। दिक्कत यह है कि VVPAT की पर्चियों के मिलान में वक्त लगता है। लेकिन सवाल चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता का हो तो वक्त कोई मसला नहीं होना चाहिए। यूं भी 2004 में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया तीन सप्ताह में पूरी हुई थी। इस बार उसके लिए छह सप्ताह का वक्त लिया जा रहा है। जब वोटिंग में इतना समय लिया गया तो थोड़ा वक्त काउंटिंग में भी लगने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए। बेहतर होगा चुनाव आयोग अपनी तरफसे VVPAT मिलान का दायरा बढ़ाने पर विचार करे।

ग्रीन कार्ड का लंबा इंतजार... अमेरिका में भारतीयों की बढ़ती चाह के मायने क्या

अमेरिका की नागरिकता हासिल करने के मामले में वहां रहने वाला भारतीय समुदाय अब दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक साल 2022 में 65,960 भारतीयों को आधिकारिक तौर पर अमेरिकी नागरिकता प्रदान की गई। इसके बाद अमेरिका में नए नागरिकों के स्रोत के रूप में भारत मेक्सिको के बाद दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया। मगर ये आंकड़े न तो अमेरिका में नागरिकता या ग्रीन कार्ड हासिल करने का इंतजार कर रहे भारतीयों की स्थिति बयां करते हैं और न ही उनकी समस्याओं को समझने में कोई मदद करते हैं।

ग्रीन कार्ड के लिए लंबा इंतजार : साल 2023 के आंकड़े देखें तो वहां भारतीय मूल के 2,90,000 ऐसे लोग रह रहे हैं जिनके पास बाकायदा ग्रीन कार्ड या LPR (लीगल परमानेंट रेसिडेंसी) है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो वे ऐसे लोग हैं जो अमेरिकी नागरिकता हासिल करने की संभावित पात्रता रखते हैं, लेकिन उनकी बारी नहीं आ रही। इसके अलावा डिपेंडेंट्स को मिला लिया जाए तो करीब 12 लाख भारतीय ऐसे हैं जो अमेरिका में ग्रीन कार्ड के इंतजार में बैठे हैं। इनका एक अच्छा खासा हिस्सा हाईली स्किल्ड की श्रेणी में आता है।

पेंडिंग निपटाने में तेजी : हालांकि हाल के वर्षों में नागरिकता आवेदनों के बकाया मामलों को निपटाने में तेजी आई है। 2020 के आखिर में लंबित आवेदनों की संख्या 943,000 हो गई थी जो 2021 में 840,000, 2022 में 550,000 और 2023 में करीब 408,000 तक आ गई थी। मगर लंबित आवेदनों को निपटाने की प्रक्रिया में आई तेजी से ग्रीन कार्ड के लिए लगी भारतीयों की कतार कम करने में खास मदद नहीं मिलने वाली। छ्रक्रस्र की 2020 की एक रिपोर्ट के आकलन के मुताबिक साल 2030 तक एम्प्लॉयमेंट बेस्ड ग्रीन कार्ड की टॉप तीन कैटिगरीज में भारतीयों के लंबित आवेदन की संख्या 21 लाख को पार कर जाएगी जिसे निपटाने में मौजूदा कानूनी प्रक्रियाओं के मुताबिक दो सौ साल लगेंगे।

क्या है कानूनी अड़चन? - असल में एम्प्लॉयमेंट बेस्ड ग्रीन कार्ड के लिए लंबे इंतजार के पीछे मुख्यतया मौजूदा अमेरिकी कानूनों के दो प्रावधानों की भूमिका है।

आज का इतिहास

25 अप्रैल 1809 में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और पंजाब के सिख शासक रणजीत सिंह के बीच अमृतसर संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे। 1867 में जापान की राजधानी टोक्यो में आज ही के दिन विदेशी व्यापार की अनुमति दी गई थी। 1905 में आज ही के दिन दक्षिण अफ्रीका में श्वेतों को मताधिकार मिला था। 1925 को 25 अप्रैल को ही पॉल वोन हिंडनबर्ग जर्मनी के राष्ट्रपति चुने गए थे। 1957 में आज ही के दिन सोडियम परमाणु रिएक्टर पहली बार संचालित किया गया था। 1975 में सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया था। 1982 में आज ही के दिन दिल्ली में टेलीविजन पर पहली बार रंगीन प्रसारण की शुरुआत हुई थी। 1983 में जर्मन पत्रिका 'स्टर्न' ने हिटलर की विवादास्पद डायरी की पहली किस्त छापी थी। 1989 में इथियोपिया में दिमागी बुखार से 20 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। 2005 में जापान में हुई रेल दुर्घटना में 100 लोगों की जान चली गई थी। 2008 को आज ही के दिन बालीवुड के प्रसिद्ध कलाकार व निर्देशक आमिर खान को सिनेमा के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए मास्टर दीनानाथ मंगेशकर स्मृति प्रतिष्ठान का विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

चलते चलते अगर थक

चलते चलते अगर थक गए तो आराम कर लेना रुकना नहीं हैं बस चलते रहना है राहों में अनेक कठिन समय आता है हंसकर बस चलते रहना है बहुत से ऐसे लोग हैं जो जन्म लिए मर भी गए और लोग उन्हें अब भूल भी गए तुम्हें याद रखे ये जहां ऐसा कुछ करना है

- **लक्ष्मी नारायण लहरे**

कितना यथार्थ है ये वाक्य

कितना यथार्थ है ये वाक्य प्रेम इंसान को बांधता है, लेकिन मुक्त भी करता है राधा ने खुद को बांध लिया कृष्णा को खुद से मुक्त किया, राधा तो खुद में सिमट गई कृष्णा संसार में विचर गए

- **अल्पना श्रीवास्तव**

खास पाती | आइनों से नहीं है दुशमनी मेरी

आइनों से नहीं है दुशमनी मेरी, अक्स से अपनी डरती ज़िन्दगी मेरी। सब्ज गुलशन समझ बैठा मै सहरा को अब कहां से बुझेगी तशनगी मेरी। शमअ के प्यार मे मै जल चुका इतना मर के भी तप रही है खुदकुशी मेरी। चांद को बादलों ने फिर छिपाया है, अब मदद किससे लेगी चांदनी मेरी। वे पुजारी हैं धन के हम ग़रीबी के, ऐसे में बच न पायेगी खुदी मेरी। मै बड़ी से बड़ी खुशियों को पकड़ लाया दूर जाती गई छोटी खुशी मेरी। तू नहीं तो नशा काफूर है दानी , इक नज़र ही तुम्हारी मयकशी मेरी।

- **संजय दानी**

मैंने सीखा है किताबों से इश्क़ ज़िंदगी

मैंने सीखा है किताबों से इश्क़ ज़िंदगी से करना अब सीख रही हूँ जीना... ! उसने दी तालीम लोगों संग कैसे है रहना कितनी करनी हैं बातें और कितना चुप रहना कि आसानी से कट जाता है ये ज़िंदगी का सफ़र इस सफ़र में बस किताबें संग रखना कि बस वहीं हैं जो हाथ छुड़ाकर नहीं जातें बस हमें ही आता नहीं उनके संग जीना.....

- **शिल्पी अग्रवाल**

गुपचुप बेचने वालों से मेरी एक शिकायत

गुपचुप बेचने वालों से मेरी एक शिकायत है ये भाई लोग अपनी दुकान में जब बिन ग्राहकी के खाली बैठे होते हैं उस समय गुपचुप में छेद करके क्यों नही रखते भला जब हम पांच छह लोग खाने जाते है तो इन्हें गुपचुप को बीच मे छेद करते देख इंतजार सहन नहीं होता भाई। - **संत आर थवाइत**

राजनीति अजब गजब रंग दिखाती है

राजनीति अजब गजब रंग दिखाती है राजनीति के चक्कर में राजनेता से न जाने क्या क्या सवांग करवाती है। चुनाव आता है , हाथढ्ढपांव जोड़ ,राजनेता कभी बेटा , कभी बाप तो कभी, भाई और दोस्त बन, मतदाता से रिश्तेदारी खूब निभाता है । ऐ सी में चलने वाला, चिलचिलाती धूप में, बरसते बादल में, कड़कती ठंड में, हाथ जोड़े मुस्कुराता, मतदाता को रिझाता है । छप्पन भोग खाने वाला धूल-धूसरित जमीन पर , मतदाता के बीच पाँव पसारे बैठ , सूखी रोटी को भी , मन मसोसकर , मुस्कुरा ,मुस्कुरा खाता है । चुनाव आता है , दुर्लभ राजनेता , घर घर सुलभ हो जाता है ।

- **वर्षा ठाकुर**

धन का अकड़, ज्ञान का अकड़

धन का अकड़, ज्ञान का अकड़ , समृद्धि का अकड़। अकड़ विद्या का अकड़ बुद्धि का अकड़ बल का। अकार निर्धनता का भी अकड़ निर्बलता का भी अकड़ दीनता का भी। और तो और सत्य का भी अकड़ प्रेम का भी अकड़ करुणा का भी अकड़। अकड़ अकड़ अकड़। किस बात का अकड़। गज़ब है अकड़ जब तक है अकड़ तब तक परमात्मा पर कहाँ पकड़। - **राकेश मिश्रा**

वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के इंस्टेंट उपाय :

वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के इंस्टेंट उपाय : बूथ पर खाने-पीने की व्यवस्था रखी जाए, हमारे देश में मुफ्तखोरी मानसिकता तो खूब हैं हीं, ऐसी व्यवस्था होने पर तुलनात्मक रूप से ज्यादा लोग वोट देने जाएंगे और इस प्रबंध में चुनाव प्रचार से तो कम खर्च ही होगा। - **मिनाक्षी सिंह**

प्रेरक प्रसंग

संकल्प शक्ति

राजा राममोहन राय तब बालक ही थे। उन दिनों सती प्रथा पूरे जोर पर थी। उनके बड़े भाई की मृत्यु हो गई हो, प्रथा के अनुसार उनकी भाभी को सती होने पर बाध्य किया गया। धधकती ज्वालाओं में जिंदा शरीर को झोंक दिया गया। वेदना से छटपटाकर वह चिता से बाहर दौड़ी। पर क्रूर प्रथा पालकों ने उसे बाँसों से ढकेलकर फिर चिता में डाल दिया। जीवन का यह करुण-वीभत्स अंत देखा न गया। हृदय चीत्कारें सुनकर विगलित हो गया। मस्तिष्क में एक विरोध की भावना उठी, उस अमानवीय प्रथा के प्रति।

उन्होंने संकल्प लिया-जब तक इस पिशाचिनी प्रथा का अंत न कर दूँगा, चैन से न बैठूंगा और उन्होंने वह कर दिखाया। एकत्रित कर पाया। अब उन्होंने विलायत जाने के लिए पासपोर्ट प्राप्त करने का प्रयत्न किया। बडी कोशिशों के बाद उन्हें वह मिला, किंतु वह पड़ा उनके बड़े भाई श्री विठ्ठल भाई के हाथ। उनका मन ललचा आया। बड़े भाई बी. जे. पटेल थे। अतः बड़े भाई ने कहा- मैं बड़ा हूँ। पहले मुझे बैरिस्ट्री पास कर आने दो। तुम बाद में जाना। इतने वर्षों का श्रम, साधना प्रयत्न तथा प्रतीक्षा सब निरर्थक गया, किंतु वल्लभ भाई वास्तव में ही आदर्श व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने सहर्ष वह पासपोर्ट अपने बड़े भाई को दे दिया और स्वयं तीन वर्ष पश्चात, जब वे लौट आये तब गये।

QUIZ TIME

1) भीमा नायक का संबंध किस रियासत से था?

2) रामचन्द्रिका किसकी प्रसिद्ध रचना है?

3) साइबर सुरक्षा में एक फायरवॉल का क्या उद्देश्य है?

4) हाल ही में, कौन सा देश मेनिनजाइटिस के लिए वैक्सीन तैयार करने वाला पहला देश बन गया है?

5) हाल ही में, कौन सा भारतीय स्टेडियम नई हाइब्रिड पिच वाला पहला बीसीसीआई मान्यता प्राप्त स्थल बन गया है ?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) बड़वानी (2) केशवदास (3) एक नेटवर्क को अनधिकृत पहुँच को रोकना (4) नाइजीरिया (5) हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम धर्मशाला

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:50, सूर्यास्त : 06:47, चन्द्रोदय : 19:21

अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय)

ऋतुः : ग्रीष्म, शक सम्वतः : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः : 2081 (काल), मास : वैशाख, पक्ष : कृष्ण, तिथि : द्वितीया, नक्षत्र : विशाखा, योग : व्यतीपात, प्रथम करण : बालव (18:05 तक), द्वितीय करण : कौलव (पूर्ण रात्रि)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : तुला, मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अमृत काल : 15:06 से 16:50, विजय मुहूर्त : 14:30 से 15:23, गोधूलि मुहूर्त : 18:51 से 19:13, सायाह्न सन्ध्या : 18:52 से 19:58, निशिता मुहूर्त : 23:57 से 24:41, राहुकाल : 15:00 से 16:30, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड : 07:25 से 09:03, होमाहुति : चन्द्र (24:41 से मंगल), दिशाशूल : उत्तर, अग्निवास : आकाश, चन्द्रवास : पश्चिम, शिववास : गौरी के साथ।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज दिन के प्रथम भाग मे आप किसी कार्य को लेकर भाग्य के भरोसे रहेंगे लेकिन आज आपको भाग्य पक्ष का साथ बहुत कम मिलेगा।

वृषः आज के दिन आपके आस पास की परिस्थिति पल पल में बदलती रहेंगी। अन्य लोगो की देखा देखी के चक्कर मे मानसिक रूप से अशांत रहेंगे।

मिथुनः आज का दिन बीते दिन की तुलना में थोड़ा ठीक रहेगा लेकिन आज आर्थिक एवं पुराने पारिवारिक उलझनों के चलते किसी न किसी से गरमा गरमी होने की संभावना है।

कर्कः आज आपको किसी पुरानी गलती अथवा गुप्त रोग का भय मन ही मन सताएगा लेकिन मामला अंदरूनी होने के कारण किसी से बांट नही सकेंगे।

सिंहः आज का दिन आपके लिये धन लाभ वाला रहेगा लेकिन आज आर्थिक मामलों में सतर्कता बरतने की भी आवश्यकता है।

कन्याः आज का दिन सामान्य ही रहेगा मन मे।यात्रा की योजना दिन भर लगी रहेगी लेकिन किसी न किसी कारण से आगे के लिये टालनी पड़ेगी।

तुलाः आज के दिन आपका चाल चलन एवं व्यवहार परिजनों के मन मे शंका पैदा करेगा। विपरीत लिंगीय आकर्षण अधिक रहेगा।

वृश्चिकः आज के दिन आपकी लापरवाह कार्य शैली के कारण सार्वजनिक क्षेत्र पर अपमानजक स्थिति बन सकती है।

धनुः सार्वजनिक क्षेत्र पर आज आपके लाभ के संबंध बनेंगे लेकिन इनसे तुरंत लाभ उठाने के प्रयास ना करें अन्यथा संबंध ज्यादा देर नहीं टिकेंगे।

मकरः आज परिस्थिति अन्य दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाली है किसी भी कार्य मे लाभ पाने के लिये सनकी स्वभाव त्यागना पड़ेगा।

कुंभः आज के दिन भी धार्मिक भावनाएं जागृत रहने से दिन की मुश्किल परिस्थितियां भी ज्यादा विचलित नही कर पाएंगी।

मीनः आज भी दिन में मध्यान तक सेहत सम्बन्धित समस्या परेशान करेंगी बीच मे।थोड़ा बहुत सामर्थ्य बनने पर भी बहाना बनाकर परिश्रम करने से बचेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य - 037

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. रुचिकर लगने वाली, रुचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

ऊपर से नीचे

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृपक 19. अधिक, ज्यादा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 036 का हल

न्यूज गैलरी

दिन दहाड़े लाखों की चोरी

भिलाई। वैशालीनगर थाना क्षेत्र में दिन दहाड़े दो घरों में चोरी हो गई। शांति नगर के एक ही स्ट्रीट में रहने वाले चाचा व भतीजे के मकानों में चोरों ने धावा बोल हाथ साफ कर दिया। घटना के समय दोनों ही घरों में ताले लगे थे। एक मकान से दो लाख रुपए कैश व सोने चांदी के जेवरात व दूसरे मकान से 10 हजार नगदी व सोने चांदी के जेवर पार हो गए। मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 454, 380 के तहत अपराध दर्ज किया है। आलमारी से दो लाख रुपए नगद एवं सोने चांदी के जेवरात सिक्के आदि चोरी हो गए। इसके बाद संजय शर्मा ने इसकी शिकायत वैशाली नगर थाने में की।

सरकारी बंगले में चोरी

दुर्ग। जिले के सीएसपी प्रशिक्षु आईपीएस चिराग जैन को अलॉट हुए बंगले से चोरी का मामला सामने आया है। चोरी हुए सामान की कुल कीमत 43800 रुपए बताई गई थी। इसमें मामले में पुलिस ने दो चोर को गिरफ्तार किया गया है। वहीं आरोपी खरीददार को नया माल लेकर छोड़ दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, घटना 5 अप्रैल की रात की है। कुछ महीने पहले सीएसपी प्रशिक्षु आईपीएस चिराग जैन को बंगला नंबर एफ-1 अलॉट हुआ था। पीडब्ल्यूडी में ठेका कर्मी इलेक्ट्रीशियन अजय साहू को पद्मनापुर थाना भेज कर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। थाने में रिपोर्ट होने के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा।

भाजपा नेता ने लगाई फांसी

भिलाई। जिले में एक भाजपा नेता ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। घर में फंदे से उनकी लाश लटकी मिली है। मौके से ही सुसाइड नोट भी बरामद हुई है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, मामला नंदिनी थाना क्षेत्र का है। जहां भाजपा नेता शिवकुमार वर्मा ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। बताया जा रहा है कि वे भाजपा युवा मोर्चा अहिवारा मंडल के महामंत्री थे। जानकारी के अनुसार उनके पैतृक गांव सहगांव पथरिया में शादी का कार्यक्रम था जिसमें शामिल होने के लिए उन्होंने अपनी पत्नी और बेटे को भेज दिया। इसके बाद शिवकुमार घर पर अकेले ही थे। शाम 4 बजे शिवकुमार की पत्नी व बेटा वापस लौटे तो देखा कि दरवाजा अंदर से खुला हुआ है और शिवकुमार फंदे से लटका हुआ था। मौके से पुलिस ने एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। सुसाइड नोट में मृतक शिवकुमार ने लिखा कि वह अपनी मर्जी से खुदकुशी कर रहा है। इसके के लिए वो खुद जिम्मेदार है।

ट्रेन से कटकर दो की मौत

भिलाई। जिले में भिलाई के दो युवकों को दो अलग-अलग ट्रेन हादसों में जान चली गई। दोनों का शव रेलवे ट्रैक से बरामद किया गया। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस दोनों ही मामलों में मर्ग कायम कर जांच कर रही है। जीआरपी ने बताया कि उनके यहां रेलवे ट्रैक में मंगलवार को एक 32 वर्षीय युवक का शव मिला था। उसकी पहचान शंभू उर्फ सोमनाथ पटेल के रूप में हुई। वो छावनी वार्ड 40 स्थित राधा कृष्ण मंदिर के पास रहता था और पेंटर का काम करता था। उसके चाचा ने बताया कि उनके घर में पसरों पूजा का कार्यक्रम था। अचानक शंभू कहीं चला गया। बाद में उन्हें पता चला कि उसकी रेलवे ट्रक में लाश मिली है।

सभी वाहनों की करें सघन जांच

उड़नदस्ता दल व स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। लोकसभा निर्वाचन 2024 दुर्ग जिला अंतर्गत गठित उड़नदस्ता दल (एफएसटी), स्थैतिक निगरानी दल प्रभारियों की बैठक आज व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पत्तनसेठ्ठी, पुलिस प्रेक्षक अनुपम शर्मा के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में आयोजित की गई। सुश्री चौधरी ने निगरानी दल में तैनात सभी अधिकारी को पूरे समय चौकन्ना रहकर मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। उन्होंने मार्ग से गुजरने वाली प्रत्येक वाहनों का अनिवार्य रूप से जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में तैनात टीम को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की भलीभांति जानकारी होनी चाहिए, जिससे कार्य करने एवं निर्णय लेने में आसानी होगी। इसमें लापरवाही पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि वाहनों की जांच के दौरान जाम की स्थिति नहीं बननी चाहिए यह सुनिश्चित करें। उन्होंने जरूरत के मुताबिक ऐसे जगहों पर स्थैतिक निगरानी दलों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने कहा कि निगरानी दल के सभी सदस्य अपने जिम्मदारियों और दायित्वों को भलीभांति समझ लें। जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराना हम सभी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी एसएसटी दल अपने निर्धारित चेकपोस्टों में तैनात रहेंगे और अपने क्षेत्र में भारी मात्रा में लाए जाने वाले नगदी, अवैध शराब, संदेहास्पद वस्तु या शस्त्रों इत्यादि की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रखेंगे। उन्होंने वहां से गुजरने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों की सघन जांच करने के निर्देश दिए। अनावश्यक किसी भी व्यक्ति को परेशान नहीं किया जाए। साथ ही संदेहास्पद वस्तुओं की वीडियोग्राफी कराते हुए पारदर्शिता के साथ नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। प्रत्येक चेकपोस्ट में स्थैतिक निगरानी दल की ड्यूटी लगाई गई है। ये सभी दल 24 घंटे शिफ्टवाईस कार्यस्थल में उपस्थित रहेंगे। कार्यस्थल पर दूसरे शिफ्ट का अधिकारी नही आ जाता, तब तक पहले शिफ्ट का अधिकारी अपना कार्यस्थल को नही छोड़ते हुए वाहनों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की सूचना मिलने पर तत्काल पूरी दल के साथ पहुंचकर प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करने को कहा।

व्यय प्रेक्षक श्री पत्तनसेठ्ठी ने कहा कि वाहनों के चेकिंग के दौरान वीडियोग्राफी कराते समय वाहन चालक का नाम, गाड़ी का नंबर, रजिस्टर में आवश्यक जानकारी की दिनांकवार एंट्री जरूर करें। सभी एफएसटी और एसएसटी टीम भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालान करें। सभी निगरानी दल अलर्ट होकर चेकपोस्टों से होकर गुजरने वाली प्रत्येक वाहनों की जांच अनिवार्य रूप से करें। निगरानी दल चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा किए जाने वाले व्यय जैसे सभा, जुलूस, रैली, रोड शो, आदि पर किए जाने वाले व्यय तथा शिकायतों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

28 वार्डो में 64 कर्मचारी करेंगे डोर टू डोर व्यवस्था की निगरानी : आयुक्त

नव प्रदेश संवाददाता

रिसाली। एसएलआरएम सेंटर की बिगड़ी व्यवस्था को सुधारने आयुक्त मोनिका वर्मा एक्शन में है। बुधवार को उन्होंने निगम के 70 से भी अधिक अधिकारी कर्मचारियों को अल सुबह बुलाकर सीधे फिल्ड ड्यूटी करने के निर्देश दिए। अधिकारी कर्मचारी वार्ड में डोर टू डोर व्यवस्था पर नजर रखेंगे। आयुक्त ने निर्देश दिए है कि फिल्ड ड्यूटी करने वाले निगम के अधिकारी कर्मचारी कचरा कलेक्शन गाड़ी के साथ साथ भ्रमण करेंगे। गीला व सूखा कचरा अलग अलग नहीं देने पर नागरिकों को समझाएंगे। इसके बाद ही कचरा लेकर उसे एस एल आर एम सेंटर पहुंचाया जाएगा। फिल्ड में कार्य करने वाले कर्मचारी इस बात का भी ध्यान रखेंगे कि कचरा कलेक्शन करने वाले वाहन चालक किसी तरह की लापरवाही तो नहीं कर रहे है। शहर की चरमराई सफाई व्यवस्था को देखने के बाद उन्होंने नए सिरे से प्लान तैयार की है। सफाई व्यवस्था की निगरानी करने सब को देर शाम सूचना दी। उन्होंने सभी को सुबह 6 बजे दशहरा मैदान रिसाली में उपस्थित होने कहा। कई अधिकारी कर्मचारी सुबह हड़बड़ाहट में पहुंचे, और सीधे अलग अलग वार्ड में रवाना हुए। आयुक्त ने पहले 28 वार्ड को 13 सेक्टर में बाटा और 64 कर्मचारियों पर नजर रखने 13 को जिम्मेदारी दी। वर्तमान में डोर टू डोर व्यवस्था ठप है। कचरा कलेक्शन वाले मिक्स कचरा को सीधे एस एल आर एम ले जाते है। वहा से ठेकदार कचरा को अघोषित ट्रेचिंग ग्राउंड में डंप कर रहे थे। कचरा कलेक्शन सही होने पर एस एल आर एम सेंटर व्यवस्थित होगा। कोई भी कर्मचारी बिना कारण अवकाश नहीं लेगा। इसकी निगरानी वे खुद करेंगी। बिना बताए छुट्टी मारने पर वेतन कटौती की जाएगी। अधिकारी कर्मचारी हर रोज सुबह 6.30 से 9.30 तक प्रभार वार्ड में रहेंगे। शहर को साफ सुथरा रखने सभी पर सख्ती बरत रही है। समझाईस के बाद भी कलेक्शन करने वाले वाहन चालक अगर मिक्स कचरा लेकर पहुंचते तो, उस गाड़ी का कचरा नहीं लिया जाएगा। पहले वाहन चालक को कचरा अलग अलग करना होगा।

प्रशिक्षण में अनुपस्थित 10 अधिकारी-कर्मचारी निलंबित

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत मतदान दल अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी बीआईटी दुर्ग में विगत दिनो आयोजित की गई थी। प्रशिक्षण में 10 अधिकारी-कर्मचारी सम्मिलित नहीं हुए। प्रशिक्षण तिथि को कर्त्तव्य पर उपस्थित नहीं होने के फलस्वरूप जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी (प्रशिक्षण) द्वारा अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। उक्त नोटिस का जवाब यथा समय प्राप्त नहीं होने/संतोषप्रद नहीं होने के कारण जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी (प्रशिक्षण) द्वारा अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों के निलंबन का प्रस्ताव कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी को प्रेषित किया गया। सीईओ जिला पंचायत द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के आधार पर निर्वाचन कार्य में घोर लापरवाही बरते जाने के फलस्वरूप कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 20 (क) तथा सिविल सेवा आचरण अधिनियम के तहत उक्त 10 अधिकारी-कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

पुरानी रंजिश को लेकर जानलेवा हमला, 5 गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। क्षेत्रान्तर्गत पुरानी रंजिश को लेकर धारदार हथियार से वार कर गंभीर चोंट पहुंचाने वाले 5 आरोपियों को पुलिस कुम्हारी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना कुम्हारी में आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 103/2024 धारा 147 148 294 506बी, 323, 307 भादवि के तहत कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार दिनांक 23.04.2024 को प्रार्थी आदेश गोड पिता तव्कल गोड उम्र 45 साल निवासी रामनगर का लडका विक्की गोड तथा रिश्तेदार अब्बू नेताम बाजार चौक कुम्हारी मार्केट में सुलभ शौचालय नहाने एवं फ्रेश होने गये थे। जहां आरोपीगण पवन बेलदार, विट्टू बेलदार, अमन बेलदार, समीर बेलदार, और राजू बेलदार लोहे के पाईप एवं डण्डा से लैस होकर आये और पुरानी रंजीश की बात को लेकर प्रार्थी के बेटे व रिश्तेदार को गाली गलौज कर, जान से मारने की धमकी देकर दौड़ाकर विक्की गोड को रामनगर पुराना सरकारी अस्पताल कुम्हारी के पीछे रोड पर गर्दन में धारदार हथियार से हत्या करने की नियत से मारपीट कर प्राण घातक चोंट पहुंचाये। पीड़ित को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती किया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कुम्हारी में अपराध कायम किया गया। घटना की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुये जितेन्द्र शुक्ला पुलिस अधीक्षक, दुर्ग व्दारा आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। अंति. पुलिस अधीक्षक (शहर), दुर्ग सुखनंदन राठौर एवं हरीश पाटिल नगर पुलिस अधीक्षक छावनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुम्हारी एवं पुलिस स्टाफ व्दारा आरोपियों की पतासाजी कर 5 आरोपीगणो को पकड़ा जाकर, आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथियार जप्त कर, थाना कुम्हारी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर भेजा गया है।

आयुक्त पहुंचे बोरसी एसएलआरएम सेंटर, कार्य में तेजी लाने दिए निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमांतर्गत शहर में स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा शहर में और भी विशेष सफाई अभियान तेज कर दिया गया है। बुधवार सुबह आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने वार्ड 52 बोरसी महावीर खेल मैदान के पास जीरो वेस्ट सेंटर में साफ सफाई एवं डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, पीआईयू राहुल, सुपर वाइजर आशीष बघेल मौजूद थे। आयुक्त ने गीला और सूखा कचरा अलग-अलग कर देने हेतु आम नागरिकों से लगातार अपील की जा रही है साथ ही उल्लंघन करने पर जुर्माने की कार्रवाई शुरू किया जाएगा। निगम द्वारा आम नागरिकों के घरों से गीला और सूखा कचरा अलग -अलग लेने अभियान शुरू किया जाएगा। दुकानदारों व घर के गीला सूखा कचरा लेने में लापरवाही करने पर होगी कार्रवाही। ये लोग आम नागरिकों के घरों से गीला और सूखा कचरा अलग-अलग लेने के कार्य में लगातार लापरवाही बरत रहे हैं। समझाइश के बाद भी नहीं मानने पर इनके खिलाफ जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान सेंटर में एकत्रित कर कचरों का पृथक्कीकण के बाद सूखे कचरे से प्राप्त पॉलीथीन को बेलिंग मशीन से बंडल बनाकर निष्पादन हेतु भेजा जा रहा है।इसी तरह गीले कचरो का पृथक्कीकरण के बाद एसएलआरएम सेंटर मे इसे खाद के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। इस कार्य में तेजी आने के बाद अब निगम क्षेत्र में पॉलीथीन के कचरों का ढेर भी अब नजर नहीं आता।

जहर सेवन से किशोरी की मौत

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले से एक बड़ा मामला सामने आया है जिसमें जहर सेवन से किशोरी की मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को नहीं दी थी।

फिलहाल पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। दुर्ग के आरोग्य हॉस्पिटल की लापरवाही का एक मामला सामने आया है। मोहन नगर थाना क्षेत्र स्थित आरोग्य हॉस्पिटल में जहर खुरानी का मामला सामने आया है, जिसमें एक किशोरी की जान चली गई है। मोहन नगर पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार कापा राजनांदगांव डोंगरगांव निवासी किशोरी रेणुका साहू ने किसी बात पर जहर खा लिया था। जिसके बाद उसे उपचार के लिए आरोग्य हॉस्पिटल में 5 अप्रैल से भर्ती कराया गया था। जिसकी सूचना अस्पताल प्रबंधन ने नजदीकी थाने में न देकर लापरवाही दिखाते हुए उस किशोरी का इलाज जारी रखा। मामले में मोहन पुलिस शून्य में एफआईआर दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202404100400158/अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका राजकुमार तिवारी आ./पति विश्वनाथ तिवारी निवासी मैत्रीकुंज रिसाली भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 52 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 228/185 रकबा 0.0123 हें/ 1350 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202404100400157/अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका पूर्णिमा तिवारी आ./पति राजकुमार तिवारी निवासी वार्ड नं. 63 रिसाली भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 670/4 रकबा 0.02 हें/ 2304 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202404100400256/अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका लोमेश तोड़े आ./पति भगवान जी तोड़े निवासी कोठारी जिला चन्द्रपुर द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 834/6 रकबा 0.021 हें/ 2220 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

मुहर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती पुष्प प्रसाद | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202404100400314/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती पुष्प प्रसाद पति श्री मनोज प्रसाद निवासी सिकोलाबस्ती दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग	820/28	0.052 हें 5658 वर्गफीट	व्यवसायिक प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री नेमीचंद कुमावत | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202404100400308/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री नेमीचंद कुमावत आ. श्री रामचंद कुमावत निवासी वार्ड 51 धनोरा रोड बोरसी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तह. व जिला दुर्ग	565/233	0.010 हें 1157 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती मीनल जैन | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202404100400310/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती मीनल जैन पति श्री सुमित कुमार जैन निवासी लाभांडीह रायपुर तह. व जिला रायपुर द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तह. व जिला दुर्ग	119/38 119/39	0.0102 हें 0.0102 हे.	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री राहुल जैन | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202404100400306/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री राहुल जैन आ. श्री कमल कुमार जैन निवासी दीपक नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तह. व जिला दुर्ग	119/33 119/36 565/234	0.010 हें 0.009 हे. 0.010 हे.	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती अमिता जैन | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202404100400305/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती अमिता जैन पति श्री संजीव बाबू जैन निवासी शंकर नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम चिखली प.ह.न. 11 तह. व जिला दुर्ग	314/133	0.030 हें 3660 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री पप्पूनाथ | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202404100400309/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री पप्पूनाथ आ. श्री कोजनाथ निवासी महाराणा प्रताप नगर बोरसी वार्ड 52 तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तह. व जिला दुर्ग	565/235	0.0107 हें 1157 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल तितुरडीह तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

विषय :- सीमांकन बाबत्।

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के आदेश क्रं.अ/12 आदेश दिनांक 24.02.2024 के आदेशानुसार आवेदिका श्रीमती मीनोती दास पति अनाथदास निवासी इस्पात नगर रिसाली ग्राम कातुलबोर्ड प.ह.न. 42 रा.नि.मं. तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 16/20 रकबा 0.0220 हे. का सीमांकन दिनांक 09.05.2024 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 11 से 5 बजे स्थल पर किया जाना है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति उक्त खसरा नंबर की भूमि पर प्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के दस्तावेज नक्शा, खसरा, लेआउट तथा रजिस्ट्री की प्रतिलिपी सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नही होगी।

मुहर

राजस्व निरीक्षक
तितुरडीह तह. व जिला दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-02/ वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ 'प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक जितेश्वर कुमार साहू आ. चम्पालाल साहू साकिन अमरीखुर्द द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.न. 46 तहसील व जिला दुर्ग मे उसके नाम पर भूमि ख.न. 237/8 रकबा 0.009हे. को रजिस्टर्ड बंटवारा के माध्यम से कय किया गया था, जिसका नामान्तरण पश्चात ऋण पुस्तिका प्राप्त हो गया था किन्तु वर्तमान आन लाईन में पूर्व विक्रेता राजेन्द्रं आ. केशो का नाम दर्ज हो गया है, को सुधार किये जाने के सबंध में आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय दुर्ग के न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर सुधार किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 13.05.2024 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 08.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-74/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती शाहजहां खान पति सलीम खान निवासी ग्राम मिनाक्षी नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 197/23 रकबा 0.024 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लिकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.05.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.04.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202404103000043/अ-74/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक सौरभ रायका पिता भगवती प्रसाद रायका निवासी ग्राम अरसनारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि पिता भगवती प्रसाद रायका पिता स्व. दुर्गा प्रसाद रायका ग्राम अरसनारा में खसरा नंबर 323 रकबा 0.8400 हे. भूमि को विक्रेता गौतम जैन पिता पुखराज जैन साकिन बोड़ेगांव से रजिष्ट्री बैनामा दिनांक 18/08/2011 को कय किया था। भूमि कय किया था आफ्लाईन भुईयां कार्यक्रम संचालित था। वर्ष 2014/15 में राजस्व अभिलेख आनलाईन किया गया। आनलाईन भुईयां रिकार्ड मे खसरा नंबर 323 मूल खसरा नक्शा प्रदर्शित हो रहा है किन्तु वह नक्शा गलत है। पटवारी चालू नक्शा शीट में नक्शा सही है। ग्राम अरसनारा का मूल नक्शा शीट में ठीक है। आनलाईन भुईया रिकार्ड मे खसरा नंबर 323 मूल नक्शा खसरा प्रदर्शित हो रहा है। किन्तु नक्शा गलत है। कास्त -कब्जा के अनुसार आनलाईन भुंईया रिकार्ड के नक्शा में खसरा नंबर 323 मूल स्थिति में सुधार किये जाने आवेदन न्यायालय मे प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथी दिनांकक 13/05/2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथी के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सोनम जैन पति अविनाश जैन, उम्र 35 वर्ष, निवासी- क्वाटर नंबर एम.आई.जी. 608 पद्मनाभपुर दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) की हूं। मेरे पुत्र विधान जैन की जन्म तिथि 02.05.2014 है जिसके जन्म पश्चात जारी जन्म प्रमाण में मेरे पुत्र के माता अर्थात मेरा नाम त्रुटिवश विधान जैन माता सोनम चोपड़ा नाम से जारी किया गया है जबकि मेरा सही नाम सोनम जैन पति अविनाश जैन है। उक्त त्रुटि सुधार कर अब मेरा पुत्र अपने परिवर्तित नाम विधान जैन माता सोनम जैन से जाना, पहचाना एवं पुकारा जाती है ।

अतः जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज नाम विधान जैन माता सोनम चोपड़ा के स्थान पर आगे भविष्य में जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का परिवर्तित / संशोधित नाम विधान जैन माता सोनम जैन लिखना चाहती हूं।

सोनम जैन
निवासी-क्वाटर नंबर एम.आई.जी. 608 पद्मनाभपुर
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मोबाईल नंबर- 9827709077

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202404101400111/अ-27/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सीता बाई पति स्व. दिलीप कुमार, दिनेश कोसरे आ. स्व. आवेदिकागण दिलीप कुमार, उमाशंकर कोसरे पिता स्व. दिलीप कुमार, दिलहरण कोसरे पिता स्व. दिलीप कुमार, बीरबल कोसरे पिता स्व. अघनुराम, तीजू कोसरे पिता स्व. अधनुराम विरूद्ध शासन आवेदिकागण के नाम पर संयुक्त खाता में मौजा हनोदा प.ह.नं. 53 तह व जिला दुर्ग स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 616, 617, 649 रकबा कमश 0.69, 0.06, 0.48 हे. जमीन स्थित है जो राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है। उपरोक्त जमीन पैतृक है। उपरोक्त जमीन का आवेदिकागण न्यायालय के बाहर आपस में बंटवारा कर लिया गया है तथा अपने-अपने हिस्से पर काबिज है। आवेदन अनुसार हल्का पटवारी से फर्द बंटवारा मंगाते हुए खाता विभाजन किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो यह नियत पेशी दिनांक 18/05/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19/04/2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202404101400108/अ-27/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमन्त पिता जेवू राम विरूद्ध कमलेश पिता जेवू राम पता- ग्राम चनोरा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक एवं अनायेदक दोनो सगेभाई है तथा दोनों के सामिलात खाते में हक भूमिस्वामी जमीन वाके मौजा- घनोरा प.ह.नं. 53. रा.नि.नं. उत्तई तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 133, 139, 551 रकबा कमशः 0.6800, 0.7700, 0.0600 है. कुल रकबा 1.5100 हे. लगान 3.00 रू. राजस्व अभिलेख में कृषि भूमि दर्ज है। आवेदक एवं अनावेदकगणों की उपरोक्त वर्णित भूमि सामिलात खाते में होने से उन्हे उक्त भूमि संबंधी कार्यों को संपादित करने में परेशानियां हो रही है जित्तसे वे आपसी सहमति से खाता विभाजन कर पृथक-पृथक ऋणपुस्तिका प्रदान किये जाने खाता विभाजन आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या बावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13/05/2024 तक स्वर्ग अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित्त होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/04/2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

चिन्मय सागर महाराज का 37 वां दीक्षा दिवस मनाया गया

भाटापारा/नवप्रदेश। श्री 1008 आदिनाथ नवग्रह दिगंबर जैन मंदिर में राष्ट्र संत मुनि श्री 108 चिन्मय सागर जी महाराज जंगल वाले बाबा दीक्षा समारोह संपन्न हुआ। गौरतलब है कि मंदिर में मूल सिंहासन एवं जंगल वाले बाबा के चरण विद्यमान हैं। जंगल वाले बाबा के चरणों का पंचामृत, दूध, केसर, चंदन, हल्दी, रत्न , पुष्प वृष्टि आदि भक्ति भाव से संपन्न हुए। मुनि श्री 108 चिन्मय सागर जी महाराज एक ऐसे संत हैं जो कि इस पंचम काल में बियावान जंगलों में रहकर कठोर साधना किया करते थे ,साधना करके संसार के सभी प्राणियों का कल्याण करते थे, विश्व वंदनीय श्री 108 आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने श्री दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र सोनागिरी जी दतिया मध्य प्रदेश में महावीर जयंती के दिन 31 मार्च 1988 को डायरेक्ट मुनि दीक्षा प्रदान की थी। विद्यासागर जी महाराज के प्रथम शिष्य थे जो डायरेक्ट मुनि बने थे ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुमन लता मोदी, रजनी, नेहा ,अंशु ,प्रकाश मोदी, आलोक , विनोद, अभिषेक अभिनव, अभिनंदन , आर्नव, अनायशा नवीन गदिया ,नितिन गदिया ,पंकज गदिया आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक मोदी ने किया।

सीएम साय पिपरौद में 26 को करेंगे सभा को संबोधित

नवापारा- राजिम/नवप्रदेश। रायपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में चुनावी सभा के लिए सीएम साय की शुक्रवार 26 अप्रैल को दोपहर 2 बजे अभनपुर विकासखंड के ग्राम पिपरौद पहुंच रहे हैं। स्थानीय व क्षेत्रीय ग्रामीणों के विशेष अनुरोध पर यहां सभा रखी गई है। इस सभा में भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल , सांसद सुनील सोनी, विधायक इंद्र कुमार साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

शत प्रतिशत मतदान का संदेश देने छतरी स्वीप रैली का आयोजन

बलौजाबाजार - भाटापारा/नवप्रदेश। लोक सभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। एक ओर जहां टैक्टर रैली,ऑटो रैली, मशाल रैली, टॉर्च रैली,बाहर गए ग्रामीण को फोन कर आमंत्रित जैसे कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जा रहा है.वही दूसरी ओर स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय में छतरी स्वीप रैली का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 3 किलोमीटर मार्ग को कलेक्टर के एल चौहान के नेतृत्व में अधिकारी कर्मचारी सहित विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा कड़कड़ती धूप के बीच पैदल चलकर पूरी की गई। रैली में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार भी शामिल होकर अधिकारियों का उत्साह बढ़ाया। इस रैली में शिक्षा,महिला एवं बाल विकास विभाग,पंचायत,राजस्व सहित अन्य छात्र,छात्राएं,शिक्षक,आमजन, खिलाड़ी, प्रबुद्ध नागरिक,सहित अधिकारी कर्मचारी, मिडिया प्रतिनिधी बड़ी संख्या में शिरकत किए। इसके साथ ही रैली प्रारंभ आने से पूर्व कलेक्टर श्री चौहान ने सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई।

कलेक्टर ने श्री चौहान ने कहा गांव की अपेक्षा शहरों में थोड़ा कम वोटिंग होता है।लोग इस दिन के छुट्टी की तरह मान लेते है। हमे लोकतंत्र के इस महापर्व को अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए वोट जरूर करना चाहिए. इसी संदेश को लेकर आज हमने छतरी स्वीप रैली निकाली है। उन्होंने महिला, युवाओं और पुरुषों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पहुंचने और लोकतंत्र के इस महापर्व में भागादारी करने की अपील की है। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल उप जिला निर्वाचन अधिकारी,आर आर दुबे,बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता,जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी टिकवेंद्र जाटवर, तहसीलदार राजू पटेल,जनपद पंचायत सीईओ श्री मंडावी,सीएमओ श्री भोई,साक्षर भारत सोमेश्वर राव,अन्य सभी विभागों के जिला अधिकारी गण सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

पीएम मोदी को पसंद आया राजभवन का भोजन, टिफिन पैक करवाकर ले गए साथ

■ **अल सुबह उठकर किये योग, लगाए ध्यान और फिर पूजा के बाद सुबह 7.30 बजे किया नाश्ता**

रायपुर/नवप्रदेश। मोदी को पसंद आया राजभवन का भोजन, टिफिन पैक करवाकर ले गए साथ। पीएम नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर आए थे। जहां राजभवन में रात्रि विश्राम किया और बुधवार की सुबह तक़रीबन साढ़े आठ बजे अंबिकापुर के लिए रवाना हो गए। साथ ही राज्यपाल से खाने और नाश्ते की सराहना भी की।

पीएम नरेंद्र मोदी दिनभर के दौरे के बाद शाम को राजभवन पहुंचे। जिसके बाद वहां वे फ्रेश हुए और अपने कपड़े बदले। ठीक साढ़े सात बजे वो खाने के टेबल पर आ गए थे। चूंकि पीएमओ की तरफ से राजभवन को गाइडलाइन दी गई कि, पीएम मोदी रात आठ से पहले भोजन कर लेते हैं।

बता दें कि पीएम मोदी ने राजभवन में डिनर और सुबह की चाय-नाश्ता भी अकेले ही लिया। हालांकि एक दिन पहले राजभवन की ओर से पीएमओ को लेटर भेज कर उन्हें डिनर के लिए आग्रह किया था। लेकिन वहां से कोई जवाब नहीं आया। ऐसे में मान लिया गया कि, निमंत्रण स्वीकार नहीं किया गया है।

सूत्रों की मानें तो देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जब छत्तीसगढ़ दौरे पर थीं तो राजभवन का खाना थोड़ा गड़बड़ा गया था। ऐसे में इस बार पीएम मोदी को लेकर राजभवन के लोग ज्यादा सावचेत थे। राज्यपाल से खाने और नाश्ते की सराहना किये।

नाश्ते में ये चीजें परोसी गई

आज सुबह पीएम ने नाश्ते में पोहा, इडली, सांभर, पपीता और छाछ खाया। यह नाश्ता उन्हें इतना भाया कि, उन्होंने कहा कि, इसे पैक करवा दो, रास्ते में खाएंगे। चूंकि पीएम के जाने का समय हो रहा था ऐसे में जल्दी-जल्दी उसे पैक किया गया। जाते-जाते उन्होंने राज्यपाल को राजभवन की व्यवस्था को लेकर सराहना की जिसमें उन्होंने वहां के स्वादिष्ट देसी खाने का भी जिक्र किया।

रात के खाने में स्वाद के साथ सादगी थी

पीएम मोदी खाना बहुत सिंपल खाते हैं जैसे रोटी, दाल, एक सब्जी, चावल, दही और पापड़। इस बार राजभवन पीएम मोदी के लिए रहर की दाल फ्राई बनाई गई थी, जो उन्हें इतनी भाई कि, उन्होंने दो बार मांगकर उसे पीया। खाना भले ही सिंपल था, लेकिन उसे बनाया बड़े ढंग के साथ गया था जो कि, बहुत स्वादिष्ट था।

जांजगीर लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक पहुंचे बलौदाबाजार

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 3 जांजगीर- चांपा के लिए नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर (सामान्य प्रेक्षक) आईएएस सौरभ स्वामी बुधवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार पहुंचे। उन्होंने जिला निर्वाचन कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की जनकरी ली। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के. एल. चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानन्द कुमार भी उपस्थित थे।सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी ने जिले में मतदाताओं की संख्या, मतदान केंद्र की संख्या, मतदान केंद्रों में बुनियादी सुविधाएं, मदतदन दलों का प्रशिक्षण,ईव्हीएम मशीनों का रेंडमाइजेशन, कमीशनिंग, डाक मतदान, वेब कास्टिंग, सुरक्षा व्यवस्था, एसएसटी, एफएसटी दलों द्वारा कार्यवाही, सी -विजिल एप्प में शिकायतों का निपटारा आदि की जानकारी लेते हुए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कंट्रोल रूम, वीडियो निगरानी कक्ष, व्यय अनुवीक्षण इकाई, एमसीएमसी का निरीक्षण कर अब तक की गई कार्यवाही के संबंध में पूछताछ की। इसके पश्चात सामान्य प्रेक्षक ने नवीन मंडी परिसर स्थित ईव्हीएम स्ट्रांग रूम, मतदान सामग्री वितरण एवं मतगणना स्थल का जायजा लिया।उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए तैनात सुरक्षाबलों,सीसीटीवी कैमरा, डबल लॉक इत्यादि की जानकारी लेते हुए जरूरी निर्देश दिए।

ओढ़ और आमामोरा मतदान केन्द्र के लिए वोटिंग दल हेलीकॉप्टर से रवाना

दोनों मतदान केन्द्रों में 1 हजार से अधिक मतदाता करेंगे वोट

■ **कलेक्टर ने मतदान दलों को पुष्पगुच्छ भेंटकर दी शुभकामनाएं**

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदान दिवस के दो दिन पूर्व संवेदनशील एवं दूरस्थ मतदान केन्द्रों के लिए दो मतदान दलों को बुधवार 24 अप्रैल को ही रवाना कर दिया गया है। जबकि शेष सभी मतदान दलों को गुरूवार 25 अप्रैल को रवाना किया जायेगा। कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राकेश कुमार गोलछा की मौजूदगी में बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केन्द्र आमामोरा-77 एवं ओढ़-78 के लिए वायुसेना के हेलीकॉप्टर से रवाना किया गया। बुधवार सुबह 11:00 बजे पुलिस परेड ग्राउंड से दोनों मतदान केंद्र के लिए सुरक्षाधिकारी एवं मतदान दल सहित 16 सदस्यों को हेलीकॉप्टर से रवाना किया गया। जहां सुबह 11:20 बजे मतदान दल सुरक्षित पहुंच गया। इन दोनों मतदान केन्द्रों में प्रातः 7 बजे से शाम 3 बजे तक मतदान सम्पन्न होगा। उल्लेखनीय है कि इन दोनों मतदान केन्द्रों में मतदान कराने के लिए युवा मतदान अधिकारी एवं सुरक्षा अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। आमामोरा-77 के मतदान केन्द्र पर कुल 747 मतदाता है, इनमें 375 महिलाएं एवं 372 पुरूष मतदाता शामिल है। इसी प्रकार ओढ़-78 मतदान केन्द्र पर कुल 330 मतदाता है, इनमें 172 महिलाएं एवं 158 पुरूष मतदाता शामिल है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने इससे पूर्व मतदान अधिकारियों एवं सुरक्षाकर्मियों को गुलदस्ता भेंटकर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने की बात कही। साथ ही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अग्रवाल ने जिले में निष्पक्ष, निर्विघ्न व शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी आम मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है।

पीएम की सभा में शामिल हुए साहू

नवापारा- राजिम/नवप्रदेश। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा चुनाव समन्वयक पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने सोमवार को रायपुर व महासमुंद लोकसभा क्षेत्र का दौरा किया । इस दौरान चुनाव प्रचार के तहत श्री साहू धमतरी में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम में शामिल हुए। उनके साथ मंच भी साझा किया। धमतरी से वापिस रायपुर लौटते समय श्री साहू ने ग्राम नारी और ग्राम गोजी में जनसंपर्क किया। अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खोरपा में पूर्व केंद्रीय मंत्री सतपाल महाराज के कार्यक्रम में भी शामिल हुए । इस दौरान श्री साहू ने लोगों को प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल में देश में हुए उल्लेखनीय विकास कार्यों की जानकारी दी। मोदी के कार्यकाल में हमारे देश ने विश्वगुरु के तमगे को फिर से हासिल कर लिया है । आज हमारा देश सुरक्षित और सशक्त होने के साथ-साथ विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है । इसलिए नरेंद्र मोदी को इस बार भी प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है और जिसके लिए महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी और रायपुर लोकसभा क्षेत्र से बृजमोहन अग्रवाल को जिताना जरूरी है।

राज्यपाल हरिचंदन, प्रथम महिला सुप्रभा हरिचंदन को मतदाता पर्ची का वितरण

■ **किया मतदान करने का आग्रह**

रायपुर/नवप्रदेश। आज राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ,प्रथम महिला श्रीमती सुप्रभा हरिचंदन को रायपुर जिला प्रशासन दारा मतदाता पर्ची का वितरण, राजभवन जाकर किया गया। साथ ही मतदान करने का आग्रह किया गया। मतदाता पर्ची का वितरण अतिरिक्त कलेक्टर श्रीमती निधि साहू व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री नंदकुमार चौबे द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि रायपुर में मतदान आगामी 7 मई को है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

कांग्रेस के खतरनाक इरादे ...
वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी, बल्कि कांग्रेस सरकार का पंजा उसे भी आपसे छीन लेगी।

कांग्रेस का इरादा बहुसंख्यकों को ...
मत-मजहब की बात नहीं है। वास्तव में कांग्रेस को देश की कीमत पर येन-केन-प्रकारेण सत्ता चाहिए। वह महिलाओं पर बर्बर अत्याचार करने वाले तालिबानी प्रवृत्ति को भारत में लागू करना चाहती है।

महाकाल को गर्मी से बचाने बांधी ...
शुरू कर दिए हैं। परंपरा के अनुसार महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल को सहस्त्र जलधारा चढ़ाई जा रही है। हर साल वैशाख कृष्ण प्रतिपदा से राजा महाकाल को गर्मी से रहत देने सतत जलधारा से ठंडक दी जाती है। शिवलिंग के ऊपर करीब 11 मटकियां लगाई गई हैं, जिसके जरिए सहस्त्रधारा बाबा महाकाल को अर्पित की जा रही है।
प्रतिवर्ष वैशाख कृष्ण प्रतिपदा से जल धारा
पुजारियों के द्वारा बाबा का जतन इस लिए किया जा रहा है ताकि, भगवान को गर्मी से बचाया जा सके। बाबा महाकालेश्वर को जल धारा के माध्यम से ठंडक पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। परंपरा अनुसार प्रतिवर्ष वैशाख कृष्ण प्रतिपदा से जल धारा प्रारंभ की जाती है ताकि बाबा भोलेनाथ को गर्मी से राहत मिल सके।

सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी...
न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने झारखंड मुक्ति मोर्चा ने हेमंत सोरेन का पक्ष रखते हुए उनकी अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया।इस पर पीठ ने कहा कि शीघ्र सुनवाई के मामले मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ कोई विचार कर सकते हैं।
न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की विशेष पीठ ने तब (दो फरवरी को) याचिका खारिज करते हुए सोरेन को अपनी जमानत के लिए झारखंड उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा था।
सिब्बल ने रखा पक्ष
शीर्ष अदालत की पीठ ने दो फरवरी को याचिका खारिज करते हुए याचिकाकर्ता का पक्ष रख रहे वरिष्ठ सिब्बल से पूछा था, फ्आपको उच्च न्यायालय क्यों नहीं जाना चाहिए? अदालतें सभी के लिए खुली हैं। फ्विशेष पीठ वकील से यह भी कहा था, फ्उच्च न्यायालय भी संवैधानिक अदालतें हैं। यदि हम एक व्यक्ति को अनुमति देते हैं तो हमें ऐसा सभी को देनी होगी। सोरेन की ओर से वरिष्ठ वकील एएम सिंघवी ने भी दलील दी थी।

मोदी ने अमीरों के 16 लाख...
श्री मोदी ने देश के करोड़ों गरीबों के हक़ को छीनने का काम किया है। इतने पैसों से 16 करोड़ युवाओं को मिल सकती थी नौकरी : उन्होंने कहा इतने पैसों से 16 करोड़ युवाओं को एक लाख रुपये साल की नौकरी मिल सकती थी और 16 करोड़ महिलाओं को एक लाख रुपये साल देकर उनके परिवारों की जिंदगी बदली जा सकती थी तथा 10 करोड़ किसान परिवारों का कर्ज़ माफकर अनगिनत आत्महत्याएं रोकी जा सकती थी।
गांधी ने कहा कि इतनी रकम से पूरे देश को 20 वर्षों तक मात्र 400 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जा सकता था और तीन साल तक भारतीय सेना का पूरा खर्च उठाया जा सकता था।इसके साथ ही दलित, आदिवासी और पिछड़े समाज के हर युवा की ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई मुफ्त की जा सकती थी।

दूसरे चरण की 88 सीटों ...
बंगाल की 3-3 और जम्मू-कश्मीर, मणिपुर तथा त्रिपुरा की 1-1 सीटों पर मतदान होगा। मत सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक डाले जायेंगे और मतगणना 4 जून को होगी। निर्वाचन आयोग के अनुसार इस चरण के लिये 89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक और 109 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किये गये हैं।

अब सीबीआई राज्य में कहीं ...
कर दी थी। इसकी वजह से 2019 के बाद से अभी तक प्रदेश में राज्य सरकार से संबंधित संस्थानों और मामलों में सीबीआई की जांच नहीं हुई है।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास कबीर नगर कालोनी रायपुर में निर्मित एल.आई.जी. योजना के अंतर्गत भवनों में से भवन क्र. एल.आई.जी.-44/526 द्वितीय तल में श्रीमती प्रीति अग्रवाल पति श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल को स्ववित्तीय/ एकमुश्त आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 10.03.2011 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट/भवन के विक्रय हेतु दिनांक 27.03.2024 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट/ भवन श्रीमती अलका दुर्गा प्रसाद सिंह पति श्री मिथलेश सिंह के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

न्यायालय तहसीलदार भाटापारा
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 2024003211100108/
अ-6 अ/वर्ष 2023-24
ग्राम- मझगांव प.ह.नं. 13 तह. भाटापारा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकुमार उर्फ इतवारी राम वर्मा पिता घुनारी वर्मा निवासी ग्राम दावनबोड़ तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा मझगांव प.ह.नं. 13 खोखली तहसील भाटापारा स्थित भूमि खसरा नंबर 8/2, 47/1 रकबा क्रमशः 0.7390, 0.4110 हे. कुल खसरा नंबर 02 योग रकबा 1.1500 हे. भूमि लगान 2.12 रुपए राजस्व अभिलेख में रामकुमार पिता घुनारी जाति कुर्मी के नाम पर दर्ज रहा है। आवेदक का वास्तविक नाम इतवारी राम वर्मा पिता घुनारी राम वर्मा है, जो समस्त शासकीय दस्तावेज में अंकित है। जबकि रामकुमार वर्मा पिता घुनारी राम वर्मा एवं इतवारी राम वर्मा पिता घुनारी राम वर्मा पिता घुनारी राम वर्मा दोनों ही नामों से जाना वो पहचाना जाता है। अतः आवेदित भूमि में रामकुमार उर्फ इतवानी राम वर्मा पिता घनारी वर्मा जाति कुर्मी अंकित करते हुए अभिलेख दुरूस्ती किए जाने हेतु आवेदन न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा. महोदय भाटापारा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 29.04.2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 29.04.2024 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्मय से दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं, नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
भाटापारा (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरसींवा
जिला-सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र. क्र.- बी-121/2023-24
ग्रामः हरदी प.ह.नं.-20
जारी दिनांक 19/04/2024
पेशी दिनांक 63 / 0512024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक शशिभूषण पिता कैलाशचन्द्र प्रधान निवासी हरदी प.ह.नं.- 20 राजस्व निरीक्षक मण्डल बिलासपुर तहसील सरसींवा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) के द्वारा अपने माता ललिता प्रधान पिता चक्रधर प्रधान का जन्म दिनांक 10/05/1941 को होने एवं उनका पंजीयन नही होने से जन्म मृत्यु पंजीयन हेतु अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं पंचनामा सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जाकर निवेदन किा गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी ईच्छुक व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्ति करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में ठोस दस्तावेज के साथ दावा/आपत्ति नियत दिनांक 03/05/2024 को प्रातः 11.00 बजे इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई प्रकार की विचार/स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/04/2024 को न्यायालय मे पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया।

सील
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सरसींवा

ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
ANSARI NAGAR, NEW DELHI – 110 608
EXAMINATION SECTION

ADMISSION NOTICE NO. 25/2024

F.No.AIIMS/Exam.Sec./Advt./4-5/(INI-CET-PG-July-24)/2024 19.02.2024

INI-CET for admission to PG Courses for July 2024 session

AIIMS, New Delhi invites online applications for Institute of National Importance Combined Entrance Test (INI-CET) July 2024 Session for admission to PG courses [MD/MS/M.Ch.(6years)/ DM(6years)/MDS] of AIIMS, New Delhi and other AIIMS, JIPMER Puducherry, NIMHANS Bengaluru, PGIMER Chandigarh & SCTIMST Trivandrum as per following schedule: -

Date of uploading Prospectus Part-A including eligibility criteria: 18.03.2024

Online Registration for application	Start date	Closing Date
• Registration and Basic Information	18.03.2024	12.04.2024 (by 5:00 pm)
• Generation of Examination Unique Code (EUC) • Completion of Application form	05.04.2024	26.04.2024 (05:00 pm)
Uploading of admit card on AIIMS website	**13th May, 2024 (Monday)**	
Date of Examination	**19th May, 2024 (Sunday)**	

Please visit the website www.aiimsexams.ac.in regularly for all the latest updates and detailed information.

PAAR
ASSTT. CONTROLLER (EXAMS)
cbc 17112/12/0005/2425

केनरा बैंक Canara Bank
सिंडिकेट Syndicate
क्षेत्रीय कार्यालयः [illegible] तृतीय तल, व्यापार विहार, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) 495001,
मोबा.- 9516009413, ई-मेल: recrobsp@canarabank.com

अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस परिशिष्ट IV नियम 8(1)

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन केनरा बैंक की निम्नांकित शाखा का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऋण लेने वाले निम्नलिखित कर्जदार को निम्नांकित सारणी के अनुरूप मांग सूचना तथा उसमें उल्लिखित रकम उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी।

ऋण लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदेय करने में असफल रहने पर, ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त (अधिनियम) की धारा 13(4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि निम्नलिखित सम्पत्तियों में कोई लेन-देन न करें और उसमें किसी प्रकार का लेन-देन केनरा बैंक की निम्नांकित संबंधित शाखा को देय बकाया राशि एवं उस पर ब्याज आदि के प्रभार के अधीन होगा।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (ओं) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।

क्र. सं.	ऋणी का नाम	कब्जाधीन सम्पत्ति का विवरण	मांग सूचना राशि	मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना तिथि
1.	श्रीमती महेश्वरी डहरिया (स्व. श्री रविदत्त के कानूनी उत्तराधिकारी) पति- स्व. श्री रविदत्त डहरिया. शाखा- बलौदा बाजार (छ.ग.)	सर्वे नं. 39/7, प.ह.नं. 07, आरआईसी- बलौदा बाजार, जिला- बलौदा बाजार भाटापारा, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल- 0.020 हेक्टेयर में स्थित आवासीय मकान संपत्ति के समस्त भाग व अंश । चौहद्दीः उत्तर- ख.नं. 35, दक्षिण- ख.नं. 39/2, पूर्व- ख.नं. 40, पश्चिम- ख.नं. 36.	₹ 2,13,209.68 ब्याज एवं उस पर लागू शुल्क के साथ ।	03.02.2024 / 22.04.2024
2.	मेसर्स हरिओम ट्रेडर्स, प्रोपराईटर- श्री नोहर कुमार साहू पिता- फेकू राम साहू, शाखा- मुंगेली (छ.ग.)	खसरा नं. 126/7, प.ह.नं. 06, ग्राम- बोधा पारा, आरआईसी, तहसील व जिला- मुंगेली, छत्तीसगढ़-495334, क्षेत्रफल- 0.15 एकड़ (0.060 हेक्टेयर) में स्थित परिवर्तित आवासीय भवन एवं भूमि के साम्यिक बंधक । चौहद्दीः उत्तर- कमलेश्वर की भूमि, दक्षिण- तलेश्वर की भूमि, पूर्व- तेज सिंह की भूमि, पश्चिम- लोरमी से मुंगेली मुख्य सड़क ।	₹ 21,29,345.00 ब्याज एवं उस पर लागू शुल्क के साथ ।	06.02.2024 / 22.04.2024

दिनांक : 24.04.2024, स्थानः बिलासपुर (छ.ग.)
प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

चुनाव शोर थमा, आज रवाना होंगे 1900 मतदान कर्मी

■ मतदान दल में बड़ी संख्या में महिला कर्मी

■ बीएलओ ने कलेक्टर निवास पहुंच कर चुनाव का न्योता

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला निर्माण के बाद पहली बार हो रहे लोकसभा चुनाव के लिए स्थानीय वेयर हाऊस से गुरुवार 25 अप्रैल को मतदान दल मतदान सामग्री के साथ मतदान केन्द्रों के लिए रवाना होंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। पिपरिया स्थित वेयर हाऊस से जिले के 380 मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दल में शामिल 1900 मतदान कर्मियों को मतदान सामग्री के साथ रवाना किया जाएगा। दो सौ कर्मी रिजर्व में रखे गए हैं। इसके अलावा सुरक्षा के लिए पुलिस, वनविभाग के जवानों की मतदान केन्द्रों में भी तैनाती होगी। कुल मतदान कर्मियों में 30 फीसदी महिला कर्मी भी मतदान दल में शामिल होंगी।

सुबह होगा मतदान सामग्री का वितरण

वेयर हाऊस स्थित स्ट्रांग रूम से मतदान दलों को सुबह से ही मतदान सामग्री का वितरण शुरू हो जाएगा । इसके लिए 20 काउंटर बनाए गए है । खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के 283 मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दल को सामग्री वितरण करने 15 काउँटर तैयार किए गए हैं। जबकि डोंगरगढ़ विधानसभा के 97 मतदान केन्द्रों के लिए 5 काऊंटर बनाए गए हैं। मतदान दलों को सामग्री वितरण के बाद वाहनों से रवाना किया जाएगा । इस दौरान मतदान दलों के लिए लगभग 85 वाहन आरक्षित किए गए हैं। मतदान दलों के लिए कुल 84 रूट तैयार किए गए है। इसमें खैरागढ़ के 283 मतदान केन्द्रों के लिए 63 और डोंगरगढ़ विधानसभा के 97 मतदान केन्द्रों के लिए वाहन 21 रूट से रवाना होंगे। मतदान के लिए कुल 47 जोनल और सेक्टर अधिकारी तैनात किए गए है। इसमें खैरागढ़ के लिए 39 और डोंगरगढ़ के लिए 8 जोनल सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

बीएलओ ने चुनाव न्योता कलेक्टर को दी पर्ची

लोगो को मतदान के लिए प्रेरित करने जिला प्रशासन के साथ जूटे बीएलओ ने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के घर पहुँचकर कलेक्टर को सपत्नीक मतदान करने चुनई न्योता दिया। इस दौरान बीएलओ ने कलेक्टर को मतदाता संदर्शिका और मतदान पर्ची दी। कलेक्टर ने भी सभी से पहला काम मतदान करने अपील की। इस दौरान बीएलओ ने अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र कुमार ठाकुर को जिला कार्यालय पहुंच कर मतदाता संदर्शिका एवं मतदाता पर्ची देकर मतदान हेतु न्योता दिया।

222358 मतदाता करेंगें मतदान, 89 केन्द्र अतिसंवेदनशील

विधानसभा क्षेत्र खैरागढ़ मे 283 मतदान केन्द्रों में लोकसभा चुनाव में रिकार्ड 222358 मतदाता मतदान मे हिस्सा लेंगें । इसमे पुरूष मतदाता 111304 और महिला मतदाताओ की संख्या 111054 है । डोंगरगढ़ विधानसभा के जिले मे आने वाले 97 मतदान केन्द्रों मे मतदाताओं की कुल संख्या 71694 है इसमे पुरूष 36344 और महिला 35350 है । खैरागढ़ जिले मे कुल मतदाताओ की संख्या 2,94,052 है । जिले के कुल मे 89 मतदान केन्द्र अति संवेदनशील, 36 संवेदनशील, 88 राजनितिक संवेदनशील है । सामान्य मतदान केन्द्रों की संख्या 167 है । जिले मे कुल 380 मतदान केन्द्र बनाए गए है।

लोकसभा चुनाव की अधिसुचना जारी होने के बाद राजनितिक दलों के जारी प्रचार अभियान शाम को पूरी तरह थम गए । बुधवार शाम तक राजनीतिक दलों ने प्रचार अभियान में अपना पूरा जोर लगाया । घर घर दस्तक देकर मतदाताओ से संपर्क साधनें का हर तरह का प्रयास किया गया । बैनर पोस्टर सहित अन्य प्रचार सामाग्री और वाहनों से भी लोगों को दलों ने अपनी ओर रिझाने का पूरा प्रयास किया । अब आज से डोर टू डोर जनसंपर्क होगा ।

न्यूज गैलरी

अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। 23 अप्रैल को थाना डोंगरगांव पुलिस को प्राप्त मुखबीर से सूचना के आधार पर टीम गठित कर आरी कोनारी चौंक के पास ग्राम आरी, थाना डोंगरगांव के पास घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया, जिसमें अपराध धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत आरोपी गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता जैतराम वर्मा, उम्र-38 साल, पता-तेलीटोला टप्पा, ओपी तुमड़ीबोड़, थाना लालबाग के पास से काले रंग के एक बैग मे रखा शोले देशी प्लेन शराब 25 नग पौवा 4.500 बल्क लीटर किमती रकम 2250 रूपये बिक्री रकम 300 रूपये जुमला रकम 2550 रूपये को जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया जाकर गिरफ्तार किया जाकर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। थाना डोंगरगांव पुलिस की कार्यवाही आगे जारी रहेगी।

सामान्य प्रेक्षक शेट्टीनावर ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रेक्षक एसबी शेट्टीनावर ने आज जिलें के विभिन्न मतदान बूथों का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने सबसे पहले स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सिंघौरी का निरिक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर उपस्थित संबंधित कर्मचारियों को महिला एवं पुरुष मतदाताओं के साथ ही 80 से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या की जानकारी लेते हुये उनके लिए उचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। उन्होंने केन्द्रों में मूलभूत सविधाओं शौचालय, शुद्ध पेयजल, बिजली, रेम्प की जानकारी लेते हुए उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके पश्चात उनके द्वारा कन्या पू.मा.शा.वार्ड क्रं. 16 भैरव बाबा मंदिर बेमेतरा तथा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सिंघौरी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बेमेतरा का निरिक्षण किया एवं साथ ही कहा कि यदि आवश्यकता अनुसार इन मतदान केंद्रों में सुविधाओं की और आवश्यकता होती हैं तो उसकी भी व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर सीएमओ भूपेंद्र उपाध्याय, तहसीलदार परमानन्द बंजारे सहित संबंधित कर्मचारी उपस्थित थे।

कालेज छात्रों ने ली शतप्रतिशत मतदान की शपथ

खैरागढ़/नवप्रदेश। शासकीय महाविद्यालय मे प्राचार्य जितेन्द्र साखरे की अगुवाई मे महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं को लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान करने शपथ दिलाई गई । महाविद्यालय मे आयोजित शपथ कार्यक्रम मे महाविद्यालय सहित नवीन कन्या महाविद्यालय के छात्रछात्राएं शामिल हूए । कार्यक्रम को संबोधित करते छात्रसंघ प्रभारी जेके वैष्णव ने मतदान के महत्व को बताते शतप्रतिशत मतदान मे अनिवार्य रूप से मतदान करने की बात कही । प्राचार्य जितेन्द्र साखरे ने छात्रछात्राओं को स्वयं मतदान मे भाग लेने के साथ अपने आसपास के मतदाताओ को भी मतदान करने प्रेरित करने कहा । कार्यक्रम मे आरएल देवांगन, सुरेश धनगर, होमन साहू, धरमपाल वर्मा, नरेन्द्र वर्मा, सहित महाविद्यालय कर्मी छात्रछात्राएं मौजूद थे।

विधायक दीपेश साहू ने किया सभा स्थल का निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। अमित शाह 26 अप्रैल को बेमेतरा जिले के प्रवास पर रहेंगें। जहाँ बेमेतरा के बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित चुनावी आमसभा को सम्बोधित करेंगे और दुर्ग लोकसभा के भाजपा प्रत्यासी विजय बघेल के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। जिसके लिए आज बेमेतरा विधायक दीपेश साहू कार्यक्रम स्थल बेसिक स्कूल मैदान का निरिक्षण कर कार्यक्रम के समुचित व्यवस्था को लेकर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ को दिशा निर्देश दिये। इस दौरान लोकसभा सह प्रभारी राजीव अग्रवाल, संजय बघेल, राजेंद्र शर्मा, नरेंद्र वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, हर्ष तिवारी, राकेश मोहन, विकास घरडे, अजय तिवारी, नीलू राजपूत, राजीव चौबे, मोंटी साहू, रेवा राम निषाद, राजू देवांगन, विकाश तम्बोली, रोहित साहू सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहें।

दस साल में महंगाई दोगुनी हुई : भूपेश बघेल

■ डबल परेशानी है डबल इंजन की सरकार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा के नेता डबल इंजन की सरकार की बातें करते हैं, लेकिन सच यह है कि एक ओर एक इंजन लगातार महंगाई बढ़ा रहा है और दूसरा इंजन कांग्रेस सरकार की ओर से महंगाई से राहत दिलाने के लिए जो सुविधाएं मिली थीं, उसमें कटौती कर रहा है। उन्होंने कहा कि ये डबल इंजन की डबल ट्रबल इंजिन सरकार है यानी दोहरी परेशानी देने वाली सरकार।

भूपेश बघेल भाजपा सरकार की नीतियों और वादा खिलाफियों के खिलाफ जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार गरीब, आदिवासी और महिला विरोधी है, एक ओर कांग्रेस जहां गरीबों, आदिवासियों, महिलाओं और मजदूरों की मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखती है तो वहीं भाजपा गरीब को और गरीब बना रही है, उनसे सुविधाएं छीन रही है।

भूपेश बघेल ने कहा कि 2014 में भाजपा ने नारा दिया था, बहुत हुई महंगाई की मार-अबकी बार मोदी सरकार, लेकिन आज 10 सालों बाद महंगाई दोगुनी से भी अधिक हो गई है, बढ़ी हुई महंगाई की सबसे अधिक मार घर में सबके भोजन का प्रबंध करने वाली माताओं-बहनों पर पड़ी है और अब तो भाजपा सरकार ने राशनकार्ड के चावल में भी कटौती कर दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में मजदूरों को मिलने वाले सालाना 7000 रूपये का भी कोई अता-पता नहीं, महुआ की भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी अब बंद हो चुकी है।

जनसंपर्क में भूपेश बघेल ने राजनांदगांव विधानसभा के ककरेल, भेड़ीकला, बोरी, डिलापहरी, इंदामारा, उसरीबोड़, मुड़पार, सुरगी, बुचीभरदा, मोखला, जंगलेसर, दैहान एवं अंबागढ़.चौकी के आमाटोला, रेंगाकठेरा, कान्हे, पटेल पारा चौकी, सांगली, बांधाबाजार, बादराटोला में जनता से मुलाकात की।

अपने जनसंपर्क कार्यक्रम को बीच में ही स्थगित कर शहर के मानव मंदिर चौक पर भूपेश बघेल पहुंचे, जहां स्थानीय नेताओं और जनता के साथ वहां खड़े होकर हनुमान जयंती शोभा यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने हनुमान जी का गदा लहराते हुए बजरंग बली की जयकार का नारा लगाया।

शहर में कार्यक्रम के दौरान मुख्यरूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, महापौर हेमा देशमुख, श्रीकिशन खंडेलवाल, जितेंद्र मुदलियार, निखिल द्विवेदी, सुदेश देशमुख, रमेश डाकलिया, अमित खंडेलवाल, मानव देशमुख, अमर झा, शुभम शुक्ला सहित भक्तजन उपस्थित थे। ग्रामीण इलाकों में मुख्यरूप से राजनांदगांव ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, भोलाराम साहू, मोतीलाल साहू, गोवर्धन देशमुख, अंगेश्वर देशमुख, घनश्याम देवांगन, नरेश शुक्ला, नवीन जैन, टिंकू साहू, रोहित चंद्राकर, किरण साहू, रामेश्वर साहू उपस्थित रहे।

भाजपा के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को कांग्रेस पचा नहीं पा रही: संतोष पांडे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे अपने चुनाव प्रचार अभियान के अंतिम दौरे में सहसपुर लोहार व डोंगरगांव क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क किया एवं चुनावी सभा को संबोधित करते हुए हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्र निर्माण की अनुपम घड़ी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दस वर्षों में देश का जो कायाकल्प किया हैं, उसे और आगे बढ़ाने के लिए इस चुनाव में उनके नेतृत्व पर मुहर लगाना हम सब के लिए युगधर्म के समान हैं।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री पांडे ने याद दिलाते हुए कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम अपनी जन्मभूमि में टेंट में रह रहे थे, बरसात में टेंट टपकने लगता था, रामलला भीग जाते थे, टेंट बदलने के लिये आवेदन लगाना पड़ता था, किन्तु उन आवेदनों पर कोई विचार नहीं होता था, ले-देकर साल में एकाध बार रामलला के वस्त्र बदलने की अनुमति मिलती थी। देश के बहुसंख्यक समाज के साथ हो रहे इस घृणित अत्याचार पर जवाबदार लोग खामोश थे, न्यायलाय में चल रहे रामलला के मुकदमे को लटकाने कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंधवी सहित कांग्रेस ने 40 वकीलों की फौज खड़ी कर रखी थी।स्मरण रहें की मंदिर निर्माण के लिए जब शिलान्यास हुआ, तब सनातन विरोधियों के सांसदों ने लोकसभा व राज्यसभा में काली पट्टी लगाकर विरोध दर्ज किया था।

श्री पांडे ने कहा की केवल राम मंदिर निर्माण पर ही बात खत्म नहीं होती, बल्कि हिन्दुत्व की हुंकार करती काशी विश्वनाथ मंदिर का भी जीर्णोद्धार हुआ, आज भगवान भोलेनाथ गंगा तट से सीधे दर्शन दे रहे हैं। उज्जैन के महाकाल मंदिर का भी विकास किया गया, भगवान केदारनाथ मंदिर को भी नया स्वरूप प्रदान किया गया, द्वारिकधीश मंदिर की भी चिंता की गई, देश के 52 शक्तिपीठों की भी सुध ली गई, जिससे देश का सांस्कृतिक राष्ट्वाद सर चढ़कर बोलने लगा, बस हिन्दुत्व का यही विकास देश की पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस को पच नहीं रहा हैं।

श्री पांडे कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति को आगे बढ़ाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इनका हालिया घोषणा पत्र जिसमें वें लोगों की संपत्तियों का सर्वे कराकर उसे अल्पसंख्यकों को बाटने की घोषणा कर रहें हैं, यह इनके तुष्टीकरण की राजनीति की पराकाष्ठा हैं।

अभिव्यक्ति की आजादी को पेड न्यूज मानना अनुचित : कांग्रेस

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने लोकसभा निर्वाचन में समाचारों के लिए अपनाई जाने वाली कार्यवाही के परिपेक्ष में कहा कि लोकसभा निर्वाचन में प्रत्याशी के द्वारा आम सभाओं को संबोधित करते हुए अपनी पार्टी के विचारों, सिद्धांतों, योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने एवं विपक्षी दलों की नीतियों व असफलता को बताते है उसे पार्टी द्वारा समाचार पत्रों अवगत कराया जाता है, पत्रकारिता जगत द्वारा उन समाचारों को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में स्थान दे या ना दे, उनकी निष्पक्षता स्वतंत्रता पर निर्भर करता है जिसे पेड न्यूज की श्रेणी में मानकर नोटिस दिए जाने पर पुनर्विचार करने का निवेदन किया है।

प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 में स्वतंत्रता के अधिकार (अभिव्यक्ति की आजादी) सबको प्राप्त है, अपने उसी संवैधानिक अधिकार के तहत ही प्रत्याशी अपना संबोधन करते हैं और उनके द्वारा कहे गए वक्तव्य को लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया को अवगत कराया जाता है। समाचार प्रकाशित होने पर निर्वाचन आयोग द्वारा उन समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों को पेड न्यूज की श्रेणी में लाकर नोटिस दिया जा रहा है एवं व्यय खाते में जोड़ने का निर्णय लिया जा रहा है, जो स्वस्थ लोकतंत्र के लिए उचित प्रतीत नहीं हो रहा है, क्योंकि भारतीय संविधान में अभिव्यक्ति की आजादी के तहत कही गई बातें अपनी नीति को जनता के समक्ष रखने के कार्य जिसमें ना भ्रामकता है और ना ही जीत के दावे हैं, ऐसी स्थिति में भी उसे पेड न्यूज नहीं माना जा सकता। अतः निर्वाचन आयोग को पेड न्यूज की श्रेणी की व्याख्या के संबंध में पुनर्विचार करने की आवश्यकता है, अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब प्रत्याशी अपनी अभिव्यक्ति की आजादी का उपयोग भी करने से वंचित होएगा, जो स्वस्थ पत्रकारिता एवं लोकतंत्र के लिए कदापि उचित नहीं होगा।

सामान्य प्रेक्षक की मौजूदगी में मतदान दलों का रेंडमाइजेशन

बेमेतरा/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 07 दुर्ग अंतर्गत बेमेतरा जिलें की तीनों विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ के मतदान दलों के गठन का कार्य पूरा हुआ। निर्वाचन आयोग के साफ्टवेयर में रेंडमाइजेशन प्रक्रिया से मतदान दल गठित किए गए। रेंडोमाइजेशन जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस के बैठक कक्ष में सामान्य प्रेक्षक (ऑब्जर्वर) एसबी शेट्टीनावर (आईएएस) की मौजूदगी में हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा सहित ज़िला अधिकारी उपस्थित थे।

प्रथम रेंडमाइजेशन में निर्वाचन में ड्यूटी करने वाले अधिकारी-कर्मचारी चयनित किए गए थे। अभी दूसरे चरण के रेंडमाइजेशन से मतदान दल बनाए गए। विधानसभावार दल बनाए गए हैं। टीम के सदस्यों को अभी यह नहीं पता कि उन्हें किस बूथ में मतदान कराने जाना है। यहां तक वे आपस में परिचित भी नहीं हैं। सामग्री वितरण के समय ही उन्हें बूथ बताकर रूट चार्ट के अनुरूप रवाना किया जाएगा। डीआईओ रोहित चन्द्रवंशी के नेतृत्व में उनकी टीम ने रेंडमाइजेशन की कार्रवाई पूर्ण की। मतदान दलों का प्रशिक्षण हो गया है। इस अवसर पर सीईओ ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुडू लाल जगत, अपर कलेक्टर डा. अनिल वाजपेयी, सर्व एसडीएम, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कोचिया से 21 पौवा शराब जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस चौकी देवरबीजा को 22 अप्रेल को सूचना मिला कि ग्राम दहिमही का देवसिंग साहू ग्राम भैसामुडा स्थित रोड किनारे अपने दुकान में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा हैं की सूचना पर मौके पर पहुच कर सूचना के अधार पर कार्यवाही किया गया। जिसमें पुलिस चौकी देवरबीजा थाना बेमेतरा में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी कोचिये देवसिंग पिता अंचल साहू उम्र 62 साल साकिन दहीमही पुलिस चौकी देवरबीजा थाना व जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। कोचिये से कुल 21 पौवा अंग्रेजी शराब किमती 2640 रूपये, बिक्री रकम 1000 रूपये, कुल जुमला रकम 3640 रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं।

कलेक्टर पर भारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के अधिकारी

■ निर्माण के 6 महीने के अंदर पानी टंकी में लिकेज

खैरागढ़/नवप्रदेश। गातापार जंगल इलाके के लिमऊटोला में जलजीवन मिशन के तहत बनाई गई पानी टंकी में छह माह में ही लिकेज होने की खबर के बाद मामले में कलेक्टर की फटकार का भी लोकस्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के अफसरों पर कोई असर नहीं हुआ है। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने खबर के बाद इसे गंभीरता से लेते विभागीय अधिकारियों को पानी टंकी की मरम्मत त्वरित रूप से करने के निर्देश देते खुद इसका मुआयना करने की बात कही थी। लेकिन विभागीय अधिकारियों ने कलेक्टर को सब कूछ ठीक ठाक होने का हवाला देकर मामले में गांव पहुँच मरम्मत की कार्यवाही शुरू कराने के बजाय ग्रामीणों से पंचनामा में हस्ताक्षर लेकर मामले को सप्ताह भर मे ठीक करने का हवाला देकर गांव से उल्टे पांव लौट आए । लिमऊटोला मे 60 लाख रू से अधिक की लागत से जलजीवन मिशन योजना के तहत बनाए गए पानी टंकी छह माह मे ही खस्ता हो रही है । जहां से पानी सप्लाई करने पाइप लगाई गई है वहाँ से पानी टंकी लिकेज हो रही है । ग्रामीणों की शिकायत के बाद इसके खबर प्रकाशन से कलेक्टर वर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते कार्यवाही के निर्देश लोस्वायां विभाग के अधिकारियों को दिए थे । लेकिन अधिकारी कार्यवाही की बजाय कलेक्टर के निर्देश को धता बताकर खानापूर्ति मे जूटे है ।

ग्रामीणों ने की मरम्मत की मांग

जलजीवन मिशन के तहत बनाए गए पानी टंकी निर्माण के छह माह बाद ही लिकेज से ग्रामीण योजना के फलीभूंत होने के पहले ही सशंकित हो गए है। वर्षो बाद गांव के ग्रामीणों को नल से पेयजल व्यवस्था की सुविधा मिली है। लेकिन इसके निर्माण का लाभ ग्रामीणों को नही मिल पा रहा है। पानी टंकी लिकेज होने से समस्या और बढ़ गई है । ग्रामीणों ने बताया कि पानी टंकी शुरू करने से पहले भी निर्माण के बाद मरम्मत की जा चुकी है।

गांव पहुँच ग्रामीणो से करा लिए हस्ताक्षर

कलेक्टर की फटकार के बाद गांव पहुँचे पीएचई के अधिकारी ने लिमऊटोला पहुँच कर वहाँ दो ग्रामीणों से पंचनामा बताकर हस्ताक्षर करवा लिए । इस दौरान ग्रामीणों ने पानी टंकी मे लिकेज की जानकारी दी तो अधिकारियों ने सप्ताह भर मे इसमें सुधार कार्य कराए जाने का हवाला दे दिया । मामले मे हो हगा न हो इसके लिए अधिकारी पंचायत सरपंच के पास भी पहुँचे और सप्ताह भर मे मरम्मत किए जाने की जानकारी दे दी । और उनका भी पंचनामें मे हस्ताक्षर करवा लिए । इसके बाद से न तो मरम्मत का कार्य शुरू हो पाया है और न अधिकारी और ठेकेदार इसे झांकने पहुँचे है । बताया गया कि गांव पहुँचे अधिकारियों ने वहाँ आंगनबाड़ी मे कार्यरत दुलाराबाई और ग्राम के बुजूर्ग आगनू पिता पलटन के हस्ताक्षर करवाए । पंचायत सरपंच बसंत कुंवर को भी मरम्मत कराए जाने की जानकारी देते उनका हस्ताक्षर लेकर पंचनामा तैयार कर लिया ।

> लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के अधिकारी लिमऊटोला आकर पानी टंकी लिकेज का कार्य सप्ताह भर में कराए जाने का भरोसा दिलाकर पंचनामा तैयार कर ले गए है। काम अभी शुरू नहीं हुआ है।
>
> **बसंत कुंवर ,**
> सरपंच गातापार

एसपी रामकृष्ण ने बिरनपुर व कुरुलु चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा चुनाव के लिये आदर्श आचार सहिता लगने के बाद बेमेतरा जिलें में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन कार्य संपादित करने के लिए लगातार बाहर से आने-वाले बलों की रुकने की व्यवस्था व चेक पोस्ट एवं मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्था का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जा रहा है। जिसके तहत 23 अप्रेल को आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने थाना साजा एवं परपोडी क्षेत्रांतर्गत स्थित बडा पुल के पास बिरनपुर एवं कुरूलु चौक परपोडी में स्थैतिक निगरानी टीम नाका/चेक पोस्ट का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह के साथ निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहां पर तैनात पुलिस जवानों एवं अन्य अधिकारियों को जिलों के सीमाओं में प्रवेश करने वाले वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग करने व हमेशा सतर्क एवं सुरक्षित डयूटी करने के संबंध में हिदायत तथा सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण आवश्यक निर्देश दिये एवं आदर्श आचार संहिता का कडाई से पालन सुनिश्चित करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान थाना साजा प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू, थाना परपोडी प्रभारी उप निरीक्षक ओंकार प्रसाद साहू, उप निरीक्षक जयराम गंगवेर, सउनि भलेतिनुस पन्ना सहित अन्य अधि./कर्म. उपस्थित रहें।

न्यूज गैलरी

इलिजियम स्कूल का परीक्षा परिणाम सौ फीसद

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर के दाउचौरा स्थित इलिजियम पब्लिक स्कूल में परीक्षा परिणाम जिपं सभापति विप्लव साहू के मुख्य आतिथ्य ,स्कूल अध्यक्ष डॉ. अरुण भारद्वाज की अध्यक्षता प्राचार्य माधुरी नामदेव की उपस्थिति में घोषित किया गया । प्राचार्य ने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 फीसदी रहा। स्कूल अध्यक्ष अरुण भारद्वाज ने कहा कि स्कूल में सभी के अंक बराबर नहीं होता। इसमें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। आगे और अच्छे तरीके से तैयारी करें मुख्य अतिथि विप्लव साहू ने शिक्षा पर प्रकार डालते हुए कहा कि शिक्षा वो मंत्र है जो हमारे जीवन के सभी चुनौतियों और खुशियों के बारे में हमारे सभी संदेहों और डर को मिटाने में मदद करती है। घोषित परिणामों मे कक्षा नर्सरी में प्रथम काव्या साहू, द्वितीय जानवी देवांगन, क्रिशा साहू, केजी 1 में प्रथम गगन देवांगन, रुद्रांश प्रजापति, द्वितीय ओमकार देवांगन, जेसीका देवांगन, केजी 2 में प्रथम मुस्कान देवांगन, द्वितीय भावना देवांगन, कक्षा पहली में प्रथम खिलेश साहू, द्वितीय विराज रजक, कक्षा दूसरी में प्रथम सत्यम देवांगन, द्वितीय निष्कर्ष देवांगन, कक्षा तीसरी में प्रथम डीलेश्वरी देवांगन, द्वितीय निकिता पटेल, कक्षा चौथी में प्रथम एकता देवांगन, द्वितीय भूमिका साहू, कक्षा पांचवी में प्रथम आरव यदु, द्वितीय इशिका देवांगन, लक्ष्मणी यादव, कक्षा छठवीं में प्रथम रौनक जैन, द्वितीय युवराज राजपूत, कक्षा आठवीं में प्रथम रुपेश देवांगन, द्वितीय निशांत बर्मन इस प्रकार हैं।इस अवसर पर स्वपनिल तिवारी, शांति वर्मा, माया बर्मन, आँचल रजक, योगिता तम्बोली, तनूजा वर्मा, शिवानी नामदेव, प्रिया सारथी, सोनम वैष्णव इत्यादि उपस्थित थे।

बीआईटी दुर्ग के सामने तीन बाइकों में भिड़ंत, 3 गंभीर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। दुर्ग सर्किट हाउस के पास, बीटीआई के ठीक सामने मंगलवार दोपहर 3 बजे तेज रफ्तार तीन बाइक आपस में टकराने से दुर्घटना ग्रस्त हो गए। बाइक वाले तीनों व्यक्ति हाइवे में दुर्घटना ग्रस्त होकर गिर पड़े, उसी वक्त निर्वाचन संबंधी दौरे पर निकले दुर्ग तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता घटना स्थल में गाड़ी रुकवाकर अपने एंबुलेंस के आने का इंतजार न कर अपने निजी वाहन में ही तीनों गंभीर को गाड़ी में शिफ्ट कर जिला अस्पताल पहुंचाकर आपात कालीन चिकित्सा उपचार करवाने में मदद की। तीनों घायलों में नंदलाल सोनी, उम्र 58 वर्ष, निवासी रायपुर नाका, सिंधी कॉलोनी दुर्ग गंभीर रूप से घायल है, जिसे गंभीर हालत में उच्च चिकित्सा सेंटर के लिए रेफर किए जाने की जानकारी मिली है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना स्थल में तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता ने मानव सेवा का परिचय देते हुए बिना देरी किए ही अपनी खुद की गाड़ी में घायलों को अस्पताल ले कर जीवन बचाने का कार्य किया है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली दुर्ग के थाना प्रभारी महेश ध्रुव ने भी अपने दल-बल के साथ जिला अस्पताल आकार घायलों के उपचार करवाने में मदद की।

कांग्रेस का विरासत टैक्स लगाने की कोई योजना नहीं : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। विरासत टैक्स को लेकर प्रधानमंत्री सफेद झूठ बोल रहे है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस का विरासत टैक्स लगाने का कोई योजना नहीं है, न ही कांग्रेस पार्टी ने इस प्रकार के टैक्स के बारे में कोई विमर्श कभी किया है। सैम पित्रोदा के एक संगोष्ठी में पश्चिमी देशों के टैक्स को लेकर दिये गये भाषण जो कि उनके निजी विचार थे को प्रधानमंत्री मोदी दुर्भावनापूर्वक चुनावी प्रचार का हिस्सा बना रहे है। यह मोदी की बौखलाहट को प्रदर्शित करता है। 10 सालों तक देश की सरकार चलाने के बाद प्रधानमंत्री के पास कोई उपलब्धि नहीं है। वे कांग्रेस को कोस कर वोट मांग रहे। प्रधानमंत्री जाति धर्म के आधार पर वोट मांगने को मजबूर हो गये है। यह प्रधानमंत्री की नाकामी को प्रदर्शित करता है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री झूठ बोलकर वोट मांग रहे है।

महिलाएं मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने संकल्पित: भावना बोहरा

- **महतारी वंदन योजना से प्रदेश की महिलाओं का बढ़ रहा आत्मविश्वास**

कबीरधाम/नवप्रदेश। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने बुधवार 24 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के तहत ग्राम कुंडा में आयोजित महतारी वंदन योजना कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। महिलाओं से लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने की अपील की। उन्होंने लाभार्थी महिलाओं से भी भेंट किया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा महतारी वंदन योजना से आज प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को वित्तीय सुरक्षा के साथ ही सामाजिक न्याय भी मिल रहा है। महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण से लेकर हर क्षेत्रों में माताओं-बहनों को प्रोत्साहन देने के लिए केंद्र व छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

आज महिलाओं के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता ने महिलाओं को सैन्य, खेल, व्यापार, उद्योग और लोकसभा जैसे सभी क्षेत्रों में प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की थी और सीएम साय के नेतृत्व में प्रदेश के विकास और उसे संवारने का कार्य कर रहे हैं। पीएम ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की बात हो या मातृत्व वंदना योजना के तहत आर्थिक सहयता हो अपने ध्येय और महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य को स्पष्ट किया है। प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक स्वावलम्बन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ करने के तथा आर्थिक स्वावलम्बन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में ÷महतारी वंदन योजना÷ लागू किया गया है जिसकी 2 किश्त भी पारदर्शी तरीके से महिलाओं के खाते में सीधे ट्रांसफर की गई। कांग्रेस की सरकार ने प्रदेश की महिलाओं के विश्वास को तोड़ा, उनसे किये वादे केवल कागजों में ही रहें इसी का परिणाम रहा कि छत्तीसगढ़ की माताओं ने विधनासभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को सिरे से नाकारा और प्रदेश में सुशासन का सूर्योदय लेकर आई एक बार फिर वह अवसर है जब छत्तीसगढ़ की माताएं-बहनें 26 को भारतीय जनता पार्टी को वोट देकर तीसरी बार नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनायेंगी।

मोदी की गारंटी पर विश्वास जताते हुए 400 पार के लक्ष्य में अपनी पूर्ण सहभागिता निभाते हुए छत्तीसगढ़ में 11 लोकसभा सीटों पर भाजपा की प्रचंड विजय में अपनी निर्णायक भूमिका निभाएगी। साय की सरकार किसान ,गरीब,आम जनता, महिलाओं, युवाओं के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है और हमारी सरकार पूरी तरह से समर्पित होकर आम जनता के हित में काम कर रही है।

उदयपुर में दुकान आवंटन नियमानुसार करने के बाद भी ग्राम पंचायत को नोटिस

- **जिलायुंकाध्यक्ष गुलशन तिवारी ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

खैरागढ़/नवप्रदेश। छुईखदान ब्लाक के ग्राम पंचायत उदयपुर में निर्मित व्यावसायिक परिसर के आबंटन को लेकर जिला युंकाध्यक्ष गुलशन तिवारी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जनपद का हस्तक्षेप बंद कराने की मांग की है। जिला युकां अध्यक्ष गुलशन तिवारी ने सौंपे ज्ञापन में बताया कि उदयपुर में नवनिर्मित आठ दुकानों की नीलामी बाद आवंटन को जनपद पंचायत द्वारा निरस्त की जा रही है। मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना अंतर्गत 8 लाख 92 हजार की लागत से 4 और पंचायत विकास मद से 7 लाख 30 हजार की लागत से चार नग मिलाकर कुल आठ दुकानों का व्यावसायिक परिसर बनाया गया है। निर्माण पूर्व उस जगह पर काबिज लोगों को आबंटन में प्राथमिकता देने का प्रस्ताव पंचायत द्वारा लिया गया था। उसी आधार पर शिक्षित युवा बेरोजगारों को दुकान आवंटित किया गया, लेकिन जनपद द्वारा ग्रापं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिलाध्यक्ष तिवारी ने बताया कि परिसर निर्माण बाद आवंटन को लेकर ग्रामीणों को आमंत्रित किया, लेकिन एक व्यक्ति के द्वारा दुकानों की गुणवत्ता खराब होने की वजह से आबंटन निरस्त करने का आवेदन जनपद को दिया उस आधार पर नियमानुसार प्रक्रिया नही अपनाने का कारण बताते हुए आबंटन निरस्त करने का आदेश जारी कर दिया गया।

जिपं के निर्देशों की अनदेखी

गुलशन तिवारी ने बताया कि ग्रापं द्वारा जिपं राजनांदगांव में परिसर के मूल्यांकन सत्यापन और पूर्णता प्रमाण पत्र साथ आवेदन प्रस्तुत करने पर जिपं द्वारा शासन के नियमानुसार परिसर आबंटन का आदेश दिया गया। इसके बाद बकायदा मुनादी, सूचना प्रकाशन सहित सार्वजनिक जगहों पर इश्तहार चस्पा कर पात्र हितग्राहियों के नामों पर दावा आपत्ति के लिए सात दिनों का समय दिया गया। बाद भी पुनः उसी शिकायकतकर्ता के आवेदन पर जनपद पंचायत ने 11 मार्च को आबंटन निरस्त कर जॉच टीम का गठन कर एक सप्ताह में प्रतिवेदन देने कहा, लेकिन आज तक दल द्वारा किसी प्रकार का जांच प्रतिवेदन नहीं दिया गया है। इसके अलावा एक दुकान को पैसे लेकर आबंटन की शिकायत पर 15 अप्रैल को जनपद पंचायत ने ग्रापं को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। जिलाध्यक्ष तिवारी ने कहा कि परिसर निर्माण से लेकर आबंटन तक शासन के सारे निर्देशों का पालन हुआ है, लेकिन दुकान नहीं मिलने से क्षुब्ध व्यक्ति द्वारा लगातार आवेदन देकर प्रक्रिया को उलझाया जा रहा है। जब ग्रापं द्वारा सर्वसम्मति से दुकान आबंटन किया गया है तो जनपद बार-बार आबंटन निरस्त क्यो कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस मामले में हितग्राहियों के साथ-साथ ग्रामीण परेशान हो गए है।

घर-घर हल्दी चावल देकर मतदान का दे रहे आमंत्रण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले के मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने के लिए जिला प्रशासन द्वारा घर-घर हल्दी चावल देकर आमंत्रित किया जा रहा है। हल्दी चावल का उपयोग भारतीय संस्कृति में बहुत ही अच्छा माना गया है। भारतीय संस्कृति में हर कार्यक्रम व त्यौहारों में पीले चावल में निमंत्रण दिया जाता है। इसलिए स्वीप टीम द्वारा हल्दी चावल यानी कि पीले चावल बांटे जा रहे हैं। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान करने पहुंचे और लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में शामिल हो सके। सीएमओ डोंगरगढ़ द्वारा सभी शासकीय कर्मचारियों के साथ मिलकर कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों का चिन्हांकन कर हल्दी चावल देकर लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। जिससे नागरिक मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र में जाकर अपना बहुमूल्य वोट दे सके। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देश पर जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं।

जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने सीएमओ डोंगरगढ़ के द्वारा सभी शासकीय कर्मचारियों के साथ मिलकर कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में टीम बनाकर हल्दी चावल देकर आमंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने रेल्वे कॉलोनी डोंगरगढ़ के घर-घर जाकर आमंत्रित करने की शुरूआत किया है। डोंगरगढ़ नगर पालिका परिषद क्षेत्र में स्वीप टीम द्वारा कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों का चिन्हांकन कर घर-घर जाकर हल्दी चावल देकर मतदान कर देश के सबसे बड़े पर्व में शामिल होने निमंत्रण दिया जा रहा है।

कांग्रेस प्रत्याशी पर व्यक्तिगत टिप्पणी कर रहे भाजपाई

- **कर रहे आचार संहिता का उल्लंघन पर कार्रवाई करे आयोग**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल पर व्यक्तिगत आरोप लगा कर भाजपा अपनी कुत्सित मानसिकता से लगातार आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है। भूपेश बघेल के निर्वाचन अभिकर्ता गिरीश देवांगन ने भाजपा द्वारा सोशल मीडिया में अनर्गल पोस्ट डालकर वर्गों के बीच शत्रुता पैदा करने कवर्धा की घटना को लेकर शिकायत की है क्योंकि वहां भाजपाईयों पर धार्मिक उन्माद के मामले दर्ज हुए अब वहां कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल पर व्यक्तिगत अभद्र टिप्पणी के साथ उनके फोटो युक्त पोस्ट चस्पा कर निर्वाचन को दूषित करने का काम भाजपाईयों के संरक्षण में हो रहे हैं, जिस पर जिला निर्वाचन अधिकारी की मौन सहमति भी दर्शित हो रहा हैं। क्योंकि निर्वाचन शाखा का यह प्रथम दायित्व होता है कि निर्वाचन से संबंधित कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट किसी चौक-चौराहे पर ना लगे यदि लगे हो तो तत्काल हटाएं, लेकिन लगने के बाद भी उन पर निर्वाचन आयोग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया जाना भाजपा और विघ्न संतोषियों को प्रश्रय देने के समान है। सबसे दुर्भाग्य जनक बात यह है की कवर्धा के चौक-चौराहा में लगातार पोस्टर लगाने का कार्य चलता रहा और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री गृह मंत्री विजय शर्मा के संज्ञान में आने के बाद भी वे स्थल पर रुके, लेकिन जिनके द्वारा यह कृत्य किया जा रहा था, उन पर किसी प्रकार का कोई कार्यवाही न होना अपने आप में निर्वाचन की निष्पक्षता को पूरी तरह से दूषित करती है और ऐसी स्थिति में कभी भी अप्रिय घटना से इनकार नहीं कर सकता। कवर्धा में जिस प्रकार से अभद्र पोस्टर लगाए गए उसके बाद उनके हौसले इतने बुलंद हो गए कि राजनांदगांव शहर के स्टेशन परत और गौरी नगर क्षेत्र में भी लगाना प्रारंभ हो गया, लेकिन वार्डवासियों के विरोध के बाद लड़के वहां से फरार हो गए, लेकिन पोस्टर लगाने वालों की फोटो वार्डवासियों ने मोबाइल से खींच लिया और कवर्धा की घटना का भी वीडियो और पोस्टर लगाने वालो के फोटो सहित पेन ड्राइव में शिकायत कर तत्काल पोस्टर निकलवाने एवं पुलिस गस्त बढ़ाने के साथ-साथ संलिप्तों पर अपराध दर्ज की कार्यवाही करने की मांग की गई है।

महंगाई-जीएसटी-बेरोजगारी पर कांग्रेस का हल्ला बोल प्रदर्शन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आज राजनांदगांव शहर में कांग्रेस ने महंगाई, जीएसटी और बेरोजगारी के ख़िलाफ़ कुछ अलग अंदाज में प्रदर्शन करते हुए भूपेश बघेल के पक्ष में माहौल बनाया। यह अंदाज काफ़ी रचनात्मक और प्रभावी नजर आया, जिसके कारण से यह पूरे शहर में चर्चा का विषय बना रहा। बुधवार को राजनांदगांव लोकसभा के लिए चुनाव प्रचार का आखिरी दिन था।

कांग्रेस जो कहती है वो करती है : भूपेश बघेल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि हमारी सरकार ने सदैव प्रदेशवासियों को सशक्त बनाने की दिशा में काम किया, अब आप सभी को तय करना है कि आपको कौन चाहिए यदि आप भाजपा को चुनते हैं तो महंगाई, बेरोजगारी ये सारी स्थितियां वैसी ही रहेंगी लेकिन आप कांग्रेस का साथ देंगे तो ये हालात बदलेंगे, क्योंकि कांग्रेस जुमलेबाजी नहीं करती जो कहती है, वो करती है। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भूपेश बघेल ने पंडरिया में जनसंपर्क किया। उन्होंने कांग्रेस को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं, आदिवासियों सहित सभी वर्गों का ध्यान रखती है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तब हमने केंद्र में बैठी भाजपा सरकार के विरोध के बाद भी धान का प्रति क्विंटल ?2500 का दाम दिया, मजदूरों को सालाना ?7000, शिक्षित बेरोजगारों को ?2500 मासिक का भत्ता दिया, माताओं-बहनों को गौठानों में रोजगार से जोड़ा, आदिवासियों को जल-जंगल-जमीन का अधिकार दिया। भूपेश बघेल ने ग्रामजनों से कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो सबसे पहले किसानों की कर्जमाफी की, किसानों को धान के प्रति क्विंटल ?2500 देने पर मुहर लगी। उन्होंने कहा कि आम लोगों को समृद्ध बनाने के लिए गोबर खरीदी, रीपा जैसी योजनाएं लाई गईं। कांग्रेस सरकार ने मजदूरों को ?7000 सालाना सहायता दी, 67 लघु वनोपजों की खरीदी न्यूनतम मूल्य पर की। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि महंगाई के इस दौर में जनता के खर्च कम करने हेतु बिजली बिल हाफ योजना, श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स खोले और कोशिश की थी कि जनता की जेब में पैसा बचे जिससे कि वे गैस से लेकर पेट्रोल तक और तेल से लेकर आटे तक की बढ़ी कीमत के बीच परिवार चला सके।

नुक्कड़ सभा कर कांग्रेस ने खोली भाजपा की पोल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मंगलवार 23 अप्रैल को राजनांदगांव शहर के ग्रामीण वार्डों में दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन द्वारा नुक्कड़ सभा आयोजित कर भाजपा के वादा खिलाफी और भ्रष्टाचार की पोल खोली। ब्लॉक कांग्रेस के उपाध्यक्ष विष्णु सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 अप्रैल को शाम 5 बजे से वार्ड क्रमांक 49 मोहड़, वार्ड क्रमांक 50 सिंगदई एवं वार्ड क्रमांक 51 हल्दी में नुक्कड़ सभा आयोजित की गई, जिसमें मुख्य वक्ता ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन भाजपा पर कड़ा पहार करते हुए कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव आम नहीं खास चुनाव है। केंद्र में बैठी नरेंद्र मोदी की तानाशाही सरकार अहंकार में डूबकर लोकतंत्र की हत्या करने से भी नहीं चुक रही हैं।

पूरे देश को निजीकरण की दिशा में ले जाकर सरकार और लोकतंत्र के अस्तित्व को ही खत्म करना चाहते हैं। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रोल बांड के जरिए भाजपा ने ऐसी कंपनियों से पैसा ले लिया, जिनके रिकॉर्ड कई वर्षों से या तो बंद है या जो कंपनियां घाटे में चल रही है, ऐसी कंपनियां भी हजारों करोड़ का चंदा भाजपा को दे रही है और हिंदुत्व की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी और केंद्र में बैठी सरकार गौ मांस निर्यात करने वाली कंपनियों से चंदे के रूप में मोटी रकम लेकर अपने आप को हिंदूवादी पार्टी होने का झूठा भ्रम भारत में फैला रही है। वहीं वरिष्ठ कांग्रेसी दिनेश शर्मा ने बढ़ती हुई महंगाई को लेकर 2014 और 2024 के तुलनात्मक मूल्य का ब्यौरा देकर गैस सिलेंडर के दाम पेट्रोल-डीजल और आवश्यक सामग्री की महंगाई के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया। वहीं पूर्व महापौर सुदेश देशमुख एवं सेक्टर प्रभारी दीना सोनकर एवं संजय साहू ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने अंग्रेजों के डिवाइड एंड रूल को फॉलो किया है। भारत के लोगों को धर्म और जाति के नाम पर बांटकर देश की तरक्की और आर्थिक सुदृढ़ता को रोकने का घृणित कार्य केंद्र में बैठी सरकार और भाजपा ने किया है।

वहीं पूर्व पार्षद भारत साहू एवं वरिष्ठ कांग्रेसी ग्रामीण गणेश दास वैष्णव ने भाजपा की सरकार को जुमलेबाज की सरकार करार दिया और इस बार इनके बहकावे में नहीं आना है और कांग्रेस के प्रत्याशी भूपेश बघेल को जिताने की अपील की, जिससे राजनांदगांव की आवाज भारत के उच्च सदन में मजबूती के साथ मनवाई जा सके। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से दिनेश शर्मा, सुदेश देशमुख, बूथ अध्यक्ष स्वतंत्र दास साहू, तेजराम पटेल, राजू खान, पार्षद संजय रजक, पार्षद केवल साहू, वार्ड अध्यक्ष राकेश रावते, उत्तम साहू, टीकम निषाद, तेनसिंह साहू, जीवनदास मानिकपुरी, विशाल यादव, सुरेश निषाद, रूपेश साहू, भागवत साहू, लक्ष्मण नेताम, शेखर निषाद, मनोज यादव, जितेंद्र निषाद, सरिता साहू, ललिता साहू, मुन्ना भाई, समय निषाद, खिलेश्वर पाल, रमेश मंडावी, यादवराम चंद्राकार, ओमप्रकाश साहू, कुशल राम निषाद, युवराज हिरवानी, शंकर श्रीवास, कार्तिक राम साहू, नरेश निषाद, डेराहाराम साहू सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी एवं कांग्रेसजन शामिल रहे।

एसपी साहू ने साजा, परपोड़ी और देवकर चौकी का किया निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने भ्रमण दौरान थाना साजा, परपोडी एवं पुलिस चौकी देवकर का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह के साथ जायजा लिया। इस दौरान सभी अधिकारियों व जवानो को कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया। थाना/चौकी प्रभारी को अवैध कारोबारियो, अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगो के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने तथा चोरियो एवं अपराधो पर अंकुश लगाने हेतु रात्रि में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त सुदृढ करने, गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त के दौरान हाटल, लाज, ढाबा, एटीएम, बैंक, बस स्टैण्ड, प्रतिक्षालय एवं संदिग्ध व्यक्तियो कि चेकिंग करने, अधिकारियों व जवानों को रात में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त कर गली मोहल्लों एवं चप्पे-चप्पे पर अपनी पैनी नजर रखने, लंबित समंस, लंबित वारंट व ऑपरेशन ईगल अभियान चलाकर स्थायी वारंट की तामिली किये जाने, असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। सामुदायिक पुलिसिंग के लिए ÷हमर पुलिस हमर बजार÷ अभियान के माध्यम से हॉट/बाजारों एवं ग्रामों में जागरूकता अभियान चलाने तथा त्रिनयन एप के माध्यम से बेमेतरा जिले के लिए विकसित सीसीटीवी कैमरा का डेटाबेस हैं, जो तेजी से अपराध सुलझाने के लिए पुलिस को सशक्त बनाने, सायबर अपराध पर नियंत्रण हेतु रेंज तथा जिलों में सायबर प्रहरी का प्रचार-प्रसार कर व्हाट्सएप ग्रुप बीट वाईस बनाया गया हैं उसमें अधिक से अधिक लोगो को जोडकर जन जागरूकता अभियान चलाया जाने एवं अगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आर्दश आचार सहिंता के नियमों का पालन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान थाना साजा प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू, थाना परपोडी प्रभारी उप निरीक्षक ओंकार प्रसाद साहू एवं अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय लेखा के रख-रखाव का दिया गया प्रशिक्षण

जांजगीर/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत व्यय प्रेक्षक पवन कुमार एवं कलेक्टर आकाश आकाश छिकारा की उपस्थिति में आज जिला पंचायत सभा कक्ष में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय लेखा रखरखाव के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में अभ्यर्थी द्वारा पृथक से बैंक खाता और उसका लेखा जोखा रखने के संबंध विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचरण संहिता और निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। निर्वाचन अवधि के दौरान वाहनों व रैलियों की अनुमति की प्रक्रिया तथा इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से भी उन्हें अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन के दौरान व्यय किए जाने की सीमा तथा इनके लेखों के संधारण के संबंध में आयोग के निर्देशों की भी जानकारी राजनीतिक दलों को दी गई। प्रशिक्षण में निर्वाचन व्यय रजिस्टर, निर्वाचन खर्चों के दैनिक लेखक के रजिस्टर, कैश तथा बैंक रजिस्टर भरने की प्रक्रिया, दैनिक लेख का रजिस्टर, कैश रजिस्टर, बैंक रजिस्टर, प्राप्त चेक ड्राफ्ट भुगतान आदेश एवं निर्वाचन व्यय के लेखा संधारण करने की जानकारी से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचन खर्च, निगरानी के उद्देश्य व कानूनी प्रावधान, निर्वाचनों का संचालन, नियम, अनुवीक्षण की संरचना, उनके प्रकार एवं कार्य, लेखा समाधान बैठक, चुनाव प्रचार के दौरान अभ्यर्थी की ओर से किये गये व्यय का लेखा कैसे संधारित करना होगा विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल कुमार रावटे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी सहित सहित सहायक व्यय प्रेक्षक, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट का किया गया प्रथम पूरक रेण्डमाइजेशन

जांजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा की उपस्थिति में जिला पंचायत के सभाकक्ष में ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट का प्रथम पूरक रेण्डमाइजेशन किया गया।

वर्तमान में जिले के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 3 जांजगीर-चांपा में नाम निर्देशन पत्रों के अभ्यर्थिता वापस लिए जाने के पश्चात कुल विधिमान्य अभ्यर्थियों की संख्या 15 से अधिक हो जाने के फल स्वरुप ईवीएम मशीनों का आज प्रथम पूरक रेंडमाइजेशन किया गया। प्रथम पूरक रेण्डमाईजेशन उपरांत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 3 जांजगीर-चांपा में कुल बीयू 1591, सीयू 806 तथा वीवीपैट 872 नग है। इसके साथ ही उपलब्धता के आधार पर विधानसभावार बीयू 20 प्रतिशत, सीयू 20 प्रतिशत तथा वीवीपैट 30 प्रतिशत रिजर्व सहित रेण्डमाईजेशन किया गया। रेण्डमाईजेशन के बाद राजनैतिक दल के द्वारा स्ट्रांग रूम का निरीक्षण भी किया। राजनैतिक दलों को बताया गया कि रेंडमाइजेशन पश्चात ईव्हीएम मशीनों को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज पेण्ड्री भांठा जांजगीर में स्थित स्ट्रांग रूम में स्थानांतरित किया जाएगा। जहां सभी बीयू मशीनो को विधानसभा वार अलग-अलग किया गया। इस दौरान जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल कुमार रावटे, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी सहित राजनैतिक दल के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा नेताओं से की मुलाकात

सक्ती/नवप्रदेश। भारत के प्रधानमंत्री एवं केंद्र की एनडीए सरकार के मुखिया नरेंद्र मोदी के जांजगीर- चांपा लोकसभा क्षेत्र के चुनाव को लेकर शक्ति जिले के ग्राम जेठा आगमन पर जहां उनसे मिलने वाले लोगों का तांता लगा रहा, तो वहीं हेलीपैड सहित उनके आगमन मार्ग पर प्रधानमंत्री मोदी ने जिस आत्मीयता के साथ भाजपा नेताओं से मुलाकात की, उससे भाजपा के नेता मंत्रमुग्ध हो गए हैं।

तथा भाजपा नेताओं का कहना है कि ऐसा प्रधानमंत्री उन्होंने कभी नहीं देखा जो स्वयं हाथ जोड़कर सर झुकाकर अभिवादन स्वीकार कर रहा हो, एवं उनसे व्यक्तिगत रूप से चर्चाएं कर रहा हो, तथा मोदी की इस शैली से लोग काफी प्रभावित हैं तो वहीं उनके मंच पर हुए भाषण से भी लोग काफी प्रभावित हैं, मोदी के जेठा आगमन पर जहां भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल, जांजगीर चांपा जिला भाजपा के कोषाध्यक्ष अरुण झांझडिया, शक्ति जिले के कोषाध्यक्ष रामनरेश यादव, जिले के उपाध्यक्ष मांगेराम अग्रवाल, भाजपा शक्ति नगर मंडल के अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, शक्ति विधानसभा क्षेत्र के संगठन प्रभारी विकास केडिया रायगढ़, भाजपा के जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति गगन जयपुरिया सहित अनेको नेताओं ने मोदी जी से मुलाकात की है, वही नगर पालिका सक्ती के पूर्व अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे बड़े ही आत्मीय पूर्ण ढंग से मुलाकात करते हुए चुनाव को लेकर भी करीब 7 मिनट की चर्चा की, तथा उन्होंने लोकसभा के चुनाव को महत्वपूर्ण बताते हुए पार्टी के एक-एक कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की भी बात उनसे व्यक्तिगत रूप से कही है।

मतदान के लिए जागरूक करने फैंसी ड्रेस और कैटवॉक का आयोजन

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो और स्वीप नोडल अधिकारी बीपी भारद्वाज के निर्देशन में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा व निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के तहत मजबूत लोकतंत्र-सबकी भागीदारी के तहत लगातार विभिन्न स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग ने मतदाताओं के सक्रिय सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए जिले के समस्त एकीकृत बाल विकास परियोजनाओं में परियोजना, सेक्टर स्तरीय महिलाओं ने फैंसी ड्रेस व कैटवॉक ने मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

भगवान श्रीराम झंडा को उतारने कांग्रेस नेता ने सीएमओ को लिखा पत्र

सर्व हिन्दु समाज ने जताया आक्रोश

जांजगीर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के दौरान शहर में लगे भगवान श्रीराम के झंडा और तोरण को कांग्रेस के एक नेता ने आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए भगवान श्रीराम का झंडा और तोरण लगाने के लिए अनुमति नहीं होने की बात कही है, इधर इसकी जानकारी मिलते ही जांजगीर के सर्व हिन्दु समाज ने कड़ी आपत्ति जताई है और कहा कि भगवान श्रीराम पर किसी भी राजनीतिक पार्टी का एकाधिकार नहीं है। सर्व हिन्दु समाज ने एसडीएम को पत्र लिखकर इस मसले में कदम उठाने की अपील की है।

दरअसल कौमी एकता मंच के अध्यक्ष व कांग्रेस नेता विवेक सिंह सिसोदिया ने नगरपालिका सीएमओ को एक पत्र लिखा है, जिसमें कहा गया है लोकसभा चुनाव के तहत यहां 7 मई को मतदान होगा। क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। इसके बावजूद बगैर अनुमति शहर के विभिन्न मार्गों और बिजली खंभों में जय श्रीराम छपा झंडा महीने भर से लगा है।

पत्र में आगे लिखा है कौमी एकता मंच द्वारा उक्त जगहों पर तिरंगा, जय सतनाम लिखा सफेद झंडा, जय भीम लिखा नीला झंडा, जय सूर्यांश लिखा नीला व पीला झंडा लगाया जाना चाहिए। उन्होंने मतदान दिवस तक कौमी एकता द्वारा निर्धारित झंडों को लगाने की अनुमति मांगी है। इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए सर्व हिन्दु समाज जांजगीर ने एसडीएम को पत्र लिखकर इस दिशा में कदम बढ़ाने को कहा है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है हाल में भगवान श्रीरामनवमी महोत्सव देश भर में धूमधाम से मनाया गया। जांजगीर में भी बीटीआई चौक से कचहरी चौक, नेताजी चौक से परशुराम चौक और नैला तक मुख्य मार्ग में हर साल हिन्दु नववर्ष एवं रामनवमी जन्मोत्सव पर ध्वज सर्व हिन्दु समाज द्वारा भगवान श्रीराम का झंडा और तोरण से सजाया जाता है। सर्व हिन्दु समाज ने कहा है शहर में परंपरा रही है ये ध्वज जन्माष्टमी के समय बदला जाता है। लेकिन उन्होंने निर्वाचन अधिकारी के पास एक शिकायत पस्तुत कर हमारे आदर्श श्रीराम का उल्लेख और श्रीराम छपे झंडे पर आपत्ति की है।

सर्व हिंदू समाज ने कांग्रेस पर श्रीराम विरोधी होने का लगाया आरोप

संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि कांग्रेस नेता के पत्र से स्पष्ट है कि वो भगवान श्रीराम के झंडों को उतरवाना चाहती है। इससे जाहिर है एकबार पहले ही कांग्रेस की भगवान श्रीराम के प्रति दुर्भावना स्पष्ट होती है। पहले ही कांग्रेस समय समय पर भगवान श्रीराम के प्रति अपनी दुर्भावना देश को दिखा चुकी है। ऐनचुनाव के समय इस तरह का कारनामा भाजपा को बढ़त दिला सकता है। बहरहाल, देखना होगा प्रशासन इस मामले को किस तरह सुलझाइएगा।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिससे कोई भी पात्र मतदाता इस लोकतंत्र में महापर्व से वंचित न हो। इसी कड़ी में पण्डो क्षेत्र समुदाय में मतदाताओं को मतदान के लिए स्वीप के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। जिले के अंतर्गत ग्राम वीरेन्द्रनगर, बिजाकुरा, बेलसर, रघुनाथनगर में पंडो जनजाति की महिलाओं के द्वारा अपने समुदाय के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। महिलाओं के द्वारा मेरा वोट मेरा अधिकार पोस्टर के साथ रैली निकाली गई। साथ ही मेंहदी एवं रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया। इसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तथा मतदाताओं को शपथ दिलाते हुए मतदान करने के फायदों के बारे में बताया गया कि मतदान करने से आप अपने लिए सही और योग्य नेता चुनने का अधिकार प्राप्त करते हैं। आपके मत से पसंदीदा प्रत्याशी को चुन कर सही दिशा में विकास को प्रोत्साहित कर सकते हैं। मतदान करने से सामाजिक जागरूकता बढ़ती है।

कलेक्टर ने ली सेक्टर अधिकारियों की बैठक

- **मतदान केन्द्रों में व्यवस्थाओं की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**
- **सभी सेक्टर अधिकारी सावधानी एवं गंभीरता के साथ अपनी जिम्मेदारी का करें निर्वहन-कलेक्टर**

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सेक्टर अधिकारियों की बैठक लेकर मतदान केन्द्रों में व्यवस्थाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को कमियों को समय पूर्व दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने सेक्टरवार मतदान केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों तक पहुंच मार्गों, शौचालय की व्यवस्था, रैम्प, पेयजल उपलब्धता की विस्तृत समीक्षा की।

सेक्टर अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने कहा कि निर्वाचन संचालन में सेक्टर अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है इसलिए सभी सेक्टर अधिकारी सावधानी और गंभीरता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। कलेक्टर श्री एक्का ने बैठक में सेक्टर अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ईव्हीएम की कार्यप्रणाली को अच्छी तरह से समझें। उन्होंने कहा कि जिले में इस बार लोकसभा निर्वाचन में 56 संगवारी, 12 युवा तथा 02 दिव्यांग मतदान केंद्र बनाया गया है। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को बताया कि संगवारी मतदान केन्द्रों में सिर्फ महिला मतदान दलों द्वारा मतदान कराया जाएगा, इसलिए महिला मतदान दलों को ध्यान में रखते हुए इन केन्द्रों में बेहतर सुविधाएं होनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिले के 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों में वेब कास्टिंग होना है।

मां ने शराबी बेटे की कर दी हत्या, मारपीट से थी परेशान

जांजगीर/नवप्रदेश। शराबी बेटे से परेशान होकर मां ने अपने ही बेटे को कुल्हाड़ी से प्राण घातक हमला कर उसकी हत्या कर दी। शराबी बेटा हर रोज माँ के साथ गाली-गलौच, मारपीट करता था, जिससे वह परेशान थी। इससे यह खौफनाक कदम उठाया।

पुलिस के अनुसार 22 अप्रैल को दोपहर करीब 12 बजे सुनिल कुमार सूर्यवंशी पिता स्व. शिवचरण सूर्यवंशी (26) निवासी महंत थाना नवागढ़ द्वारा हर रोज की तरह शराब पीकर घर पहुंचा। घर में अपनी मां को पैसा नहीं देती हो, सौतेला व्यहार करती हो मोटर सायकल चलाने नहीं दे रही कहने लगा। इसके बाद सुनील द्वारा घर के मोटर सायकल व टीवी को तोड़फोड़ कर अपनी मां को मारपीट कर रहा था। आए उसकी इस हरकतों से तंग आकर मां ने गुस्से में आकर अपने बेटे सुनील कुमार सूर्यवंशी को टांगी से सिर को मारकर प्राण घातक हमला कर दिया। इससे सुनील कुमार सूर्यवंशी जमीन पर बेहोश होकर गिर गया। साथ ही घटनास्थल पर मौत हो गई।

प्रार्थी सुखनंदन सूर्यवंशी पिता स्व. शिवचरण (22) निवासी महंत की रिपोर्ट पर आरोपी मां के खिलाफ थाना नवागढ़ में धारा 302 के तहत का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया । हत्या जैसे प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा तत्काल घटना स्थल पहुंचकर शव का पंचनामा कार्रवाई की गई। इसके बाद शव को पीएम के भेजा गया। प्रकरण की विवेचना दौरान तत्काल आरोपी अघन बाई सूर्यवंशी को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ की। इसके द्वारा घटना घटित करना स्वीकार किए जाने से उसके मेमोरेंडम कथनानुसार घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी (टांगी) को बरामद किया गया। साथ ही धारा 302 के तहत गिरतार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

मलेरिया दिवस | मलेरिया मुक्त जिला घोषित होने की दिशा में बढ़ रहा है बलरामपुर-रामानुजगंज जिला

जिले में लगातार मलेरिया के रोगियों में आ रही कमी

बलरामपुर /नवप्रदेश। 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस है, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज के लिये अच्छी बात यह है कि लगातार मलेरिया के मरीज कम हो रहे है। मलेरिया टेस्ट के बढ़ाये जाने के बाद भी मलेरिया के मरीजों की संख्या कम ही निकल रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसंत कुमार सिंह ने बताया की विगत 05 वर्षों में जिले में निरंतर मलेरिया के मरीजों में कमी आई है, जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में मलेरिया का इलाज बिलकुल मुफ्त है साथ ही मच्छरों से बचने हेतु लोगों को दवा उपचारित मच्छरदानी का वितरण किया गया है। समय-समय पर डी.डी.टी. दवा का छिडकाव भी किया जाता है। मलेरिया के प्रति जन जागरूकता हेतु समाचार पत्र, दीवार लेखन व गृह भ्रमण में लोगों को मलेरिया, डेंगू, फाइलेरिया हेतु सचेत भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया की कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का की निर्देशन में जिले में मच्छर जनित रोगों की समीक्षा बैठक भी ली जाती है। इस हेतु जिला टास्क फोर्स का भी गठन किया है। जिले में जहां वर्ष 2017 में कुल 11008 मलेरिया के रोगी थे व जिले का एपीआई 13.5 था वहीं वर्ष 2023 में कुल 31 मलेरिया रोगी थे व एपीआई 0.03 था, जिले में लगातार मलेरिया के रोगियों में कमी आई है।

डॉ. सुबोध सिंह जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि जिले में विगत वर्षों में मलेरिया रोग की कमी का मुख्य कारण जन जागरूकता व मच्छरदानी का उपयोग से रोग में कमी आई है एवं मितानिन द्वारा समुदाय में मलेरिया बीमारी के प्रति सचेतन ने भी जागरूकता बढ़ाता है। उन्होंने बताया कि मलेरिया मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होता है जिसके लिए साफ-सफाई को लेकर गंभीर होने की आवश्यकता है, क्योंकि बरसात को 02 माह ही बचे है, जो कि मच्छरों के लिए प्रतिकूल परिस्थिति निर्माण करता है जहां भी पानी रुकता या ठहरता है वहां मच्छर पनपते है, ऐसे जगह को या तो पाट देना चाहिए या रुके हुए पानी को बहा देना चाहिए। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री स्मृति एक्का ने बताया कि जिले में मलेरिया मरीजों की संख्या राष्ट्रीय स्तर के औसत पैमाने से भी कम है और निरंतर राज्य स्तर एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन की नजर भी जिले पर बनी रहती है। वर्ष 2024 विगत 03 माह में अभी तक एक भी मलेरिया के मरीज नहीं मिले है, जो की मलेरिया मुक्त जिला घोषित करने के दिशा में पहला कदम दिखाई दे रहा है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीण स्तर तक मितानिन के माध्यम से मरीजों की जांच करना तथा मरीजों से सम्बन्धित जानकारी स्वास्थ्य विभाग तक पहुंचाने का कार्य करवाया जा रहा है।

पानी जमाव मलेरिया बढ़ाव

पानी का एक जगह पर जमा होने से गन्दगी बढती है जिससे मच्छर पैदा होते हैं, मच्छरों के श्रोत को नियंत्रित करने सभी विकासखण्ड में श्रोत नियंत्रण गतिविधि भी किया जाता है एवं जिले में मितानिन व अन्य माध्यम से नारा लेखन का कार्य भी किया जा रहा है। लोगों को जागरूक करने गावों में ''पानी जहाँ ठहरेगा, मच्छर वहाँ पनपेगा'' का स्लोगन भी लिखवाया जा रहा है व कैसे समस्या से निदान हो इसके लिए जागरूकता कार्य भी किया जा रहा है।

85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं दिव्यांग मतदाता करेंगे होम वोटिंग

- **होम वोटिंग के लिए मतदान तिथि 29 एवं 30 अप्रैल**

बलरामपुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के आदेश के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का के द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराये जाने के लिए होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई है। जिसके तहत् 29 एवं 30 अप्रैल 2024 को 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग तथा दिव्यांग मतदाता अपने घर में ही डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकेंगे। जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु के विधानसभा वार 66 मतदाता एवं 46 दिव्यांग मतदाता हैं, जिन्हें होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई है। जो मतदान के निर्धारित तिथि को प्रातः 09 बजे से शाम 05 बजे तक मतदान कर सकते हैं। निर्वाचन कार्यालय द्वारा होम वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए रूट चार्ट का भी निर्धारण किया गया है जिसके तहत् रूट चार्ट के अनुसार ही मतदान किया जाएगा। मतदान कराने के लिए 18 मतदान दलों का भी गठन किया गया है तथा मतदान दलों को होम वोटिंग कराने के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया है।



घर से लेकर मंदिरों तक गूंजा महाबीर बजरंगबली का गुणगान

हनुमान प्रकटोत्सव पर हवन पूजन

सांकरा/जोंक/नवप्रदेश। चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर पर्यावरण-प्रकृति संरक्षण समिति छत्तीसगढ, चिर्राझरन जिला महासमुन्द एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम ढोढरकसा के अनन्य सहयोग से श्री हनुमान मंदिर ढोढरकसा में हनुमंत प्रकटोत्सव सम्पन्न हुआ।

उस पावन अवसर पर मानस' प्रवचन एवं नाम संकीर्तन तथा हबीब खान 'समर' बागबहारा का भक्ति गान की भक्तिमय एवं संगीतमय प्रस्तुति हुई। सन्ध्या को महा आरती के पश्चात माता कौशल्या भण्डारा में प्रसाद वितरण किया गया। दूर-दूर से भक्त एवं मानस प्रेमी उपस्थित हुए। चरीवड़ा ओडिशा मानस

मंडली, छोटेलोरम मानस मंडली, गणेशपुर मानस मंडली, लालमाटी मानस मंडली एवं पाटसेन्द्री मानस मंडली द्वारा भाव-भक्ति भरा संगीतमय प्रस्तुति दी गई। कीर्तन मंडली दोढरकसा द्वारा ओडिशा भजन कीर्तन प्रस्तुत किया गया।इस भक्तिमय कार्यक्रम में ढोढरकसा, बहादुरपुर, सलडीह ,छोटेलोरम ,गणेशपुर, लालमाटी,कटंगतराई, शकरपुर,उरेईरादर (उड़िसा), दाबपाली (उडिसा) बेलटुकरी (राजिम), बागबहारा, आदि ग्रामों सहित ग्राम ढोढरकसा के लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। हवन-पूजन भजन से श्रीराम एवं श्री हनुमानमय वातावरण से भक्तगण अभिभूत होकर श्री बजरंगबली के श्रीचरनों में भक्ति- पुण्यांजलि अर्पित किये। सर्वजनहिताय-सर्वजनसुखाय भक्तवृन्द चिरंजीवी श्रीहनुमान जी के सन्मुख नतमस्तक होकर मंगलकामना की।

हनुमान जयंती पर हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का सामूहिक पाठ

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। नवापारा नगर के प्रसिद्ध धार्मिक एवं जन कल्याण कार्य में सदैव तत्पर श्रीदक्षिणमुखी संकटमोचन सुंदरकांड मंदिर समिति सरकारी अस्पताल के सामने नवापारा में हनुमान जयंती का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। सुबह विधि-विधान पूर्वक पूजन हवन कर हनुमान चालीसा और संगीतमय सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष द्रोणसिंह ठाकुर ने रामभक्त हनुमान की महिमा का बखान करते हुए कहा कि वानरों के राजा केसरी और उनकी पत्नी अंजना के छह पुत्रों में सबसे बड़े और पहले पुत्र हैं हनुमानजी रामायण के अनुसार जानकी के अत्यधिक प्रिय हैं। इस धरा पर जिन सात मनीषियों को अमरत्व का वरदान प्राप्त है, उनमें बजरंगबली भी हैं। हनुमानजी का अवतार भगवान राम की सहायता के लिए हुआ हैं। इनका शरीर वज्र की तरह होने के कारण इन्हें बजरंगबली भी कहा जाता हैं। धर्मशास्त्रों में आत्मज्ञान की साधना के लिए तीन गुणों की अनिवार्यता बताई गई है- बल,

बुद्धि और विद्या। यदि इनमें से किसी एक गुण की भी कमी हो, तो साधना का उद्देश्य सफल नहीं हो सकता है। सबसे पहले तो साधना के लिए बल जरूरी है। निर्बल व कायर व्यक्ति साधना का अधिकारी नहीं हो सकता है। दूसरे साधक में बुद्धि और विचार शक्ति होनी चाहिए। इसके बिना साधक पात्रता विकसित नहीं कर पाता है। तीसरा अनिवार्य गुण विद्या है। विद्यावान व्यक्ति ही आत्मज्ञान हासिल कर सकता है। हनुमानजी के जीवन में इन तीनों गुणों का अद्भुत समन्वय मिलता है। इन्हीं गुणों के बल पर वे जीवन की प्रत्येक कसौटी पर खरे उतरते हैं। मंदिर प्रांगण में उपस्थित भक्तों ने श्री राम जानकी बैठे है, दुनिया में देव हजारों हैं.. श्री राम जहां होंगे.. दुनिया चले न श्री राम. सुमधुर भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी जिसे सुनकर भक्ती के रस में डूबकर सभी झूमने लगें। भोग प्रसादी के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव शक्ति महिला समिति एवं अनिल दुबे, राकेश देवांगन, शालू कुलेश्वर प्रसाद साहू, पवन कंसारी, तारेश्वर कंसारी, कन्हैया कंसारी, चितानंद देवांगन, अनिल कंसारी, नारो पोटानी, संजू पटेल, डमरू देवांगन, संतु साहू, किशन साहू, मनोज सचदेव, शुभम सिंह, प्राची सिंह, किरण सिंह रुद्र साहू, विक्रांत राव, शिव निषाद, पन्नू साहू, डग्गू तारक, का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

न्यूज गैलरी

पलारी में घर आजा संगी अभियान की शुरुआत

पलारी/नवप्रदेश। पलारी जनपद के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राज्य से बाहर गए मजदूरों को शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए कलेक्टर के निर्देश के बाद 'घर आजा संगी अभियान' की शुरूआत की गई है। जिसके तहत गांव के सचिव, रोजगार सहायक ऐसे व्यक्तियों को चिन्हाकित कर समान्य कॉल एवं वीडियों कॉल करके मतदान हेतु आमंत्रित कर रहे है। प्रशासन के द्वारा अपील की जा रही है कि, ग्रामीण अपने घर आकर 7 मई 2024 को मतदान करने अपने संबंधित मतदान केंद्र में जाए। लोकतंत्र के इस महान पर्व में अपनाया भागीदारी निभाएं। कलेक्टर श्री चौहान ने जिलेवासियों से अपील करते हुए ग्रामीणों से कहा कि, जो भी अच्छे मजदूरी की तलाश में बाहर राज्य गए और उनका यदि उस राज्य के मतदाता सूची में नहीं है तो वे अपने गृह राज्य आकर मतदान में अवश्य भाग लेवें। इसके साथ ही घर परिवार, आस-पड़ोस और अपने से जुड़े सभी लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। पलारी जनपद के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राज्य से बाहर गए मजदूरों को शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए कलेक्टर के निर्देश के बाद 'घर आजा संगी अभियान' की शुरुआत आपको बता दें कि, लोक सभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वहीं घर आजा परदेशी तेरा देश बुलाए रे की तर्ज पर राज्य से बाहर गए ग्रामीण मतदाताओं को रिझाने के लिया प्रशासन घर आजा संगी अभियान रहा है।

मतदाताओं को रिझाने 'घर आजा संगी अभियान'

- **रोजगार सहायक, सचिव एवं अन्य कर्मचारियों के जरिए वीडियो कॉल करके ग्रामीणों को कर रहे है मतदान हेतु आमंत्रित**

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के.एल चौहान के निर्देश में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राज्य से बाहर गए मजदूरों को शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए 'घर आजा संगी अभियान' की शुरूआत की गई है। जिसके तहत गांव-गांव की सचिव, रोजगार सहायक ऐसे व्यक्तियों को चिन्हाकित कर समान्य कॉल एवं वीडियों कॉल करके मतदान हेतु सादर आमंत्रित कर रहे है। जिला प्रशासन का अपील की जा रही है कि ग्रामीण अपने घर आकर 7 मई 2024 को मतदान करने अपने संबंधित मतदान केंद्र में जाए और लोकतंत्र के इस महान पर्व में अपनाया भागीदारी निभाएं। कलेक्टर श्री चौहान ने जिलेवासियों से अपील करते हुए ग्रामीणों से कहा कि जो भी अच्छे मजदूरी की तलाश में बाहर राज्य गए और उनका यदि उस राज्य के मतदाता सूची में नहीं है तो वह अपने गृह राज्य आकर मतदान में अवश्य भाग लेवें इसके साथ ही घर परिवार, आस-पड़ोस और अपने से जुड़े सभी लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। गौरतलब है कि लोक सभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने घेरा थाना

डेढ़ माह बाद भी हत्या का आरोपी गिरफ्त से बाहर

गंडई/पंडरिया/नवप्रदेश। गंडई थाना क्षेत्र के ग्राम नादिया में 10 मार्च को सड़क किनारे इंद्रेश साहू के शव मिलने के बाद अब तक पुलिस की कार्यवाही से असंतुष्ट परिजनों ने बुधवार 24 अप्रैल की दोपहर गंडई थाने का घेराव कर दिया। परिजनों ने पुलिस की कार्यवाही पर कई प्रकार के संदेह जताते हुए राजनीतिक दबाव होने का भी आरोप लगाया है।

मृतक इंद्रेश साहू के बड़े भाई केशव साहू ने आरोप लगाया है कि लगभग डेढ़ माह से अधिक समय बीतने के बाद भी राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस सही कार्यवाही नहीं कर रही है। केशव साहू का कहना है कि जिस ईंट भट्ठा के पास इंद्रेश

साहू का शव मिला था। उसी ईंट भट्ठे में उसकी हत्या की गई थी। उसके बाद शव को घसीट कर बाहर लाकर फेंक दिया गया था। ईंट भट्ठे का मालिक तहसील साहू बीजेपी कार्यकर्ता होने के कारण राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस कार्यवाही नहीं कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके द्वारा 18 मार्च 2024 को पुलिस अधीक्षक खैरागढ़ के पास आवेदन कर रामाधार पटेल और साधना पटेल पति रामाधार पटेल के खिलाफ जांच कर हत्या का अपराध पंजीबद्ध किये जाने का निवेदन किया गया था।

थाना पहुंचे परिजन एवं ग्रामीणों की थाना प्रभारी निरीक्षक भीमसेन यादव से तीखी बहस हुई। उन्होंने डॉग स्क्वायड की मदद न लेना, कार्यवाही में कोताही बरतने, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में देरी और विसरा जांच के लिए देरी से भेजे जाने सहित कई आरोप लगाए हैं। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक भीमसेन यादव ने कहा कि हम ने शव पंचनामा कर शव परीक्षण कराया था। शव में हमें किसी चोट खरोच या हत्या का साक्ष्य नहीं मिला। जिससे हत्या होना प्रतीत हो। हमने विसरा जांच के लिए भेजा है एफएसएल रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा, आज परिजन एवं ग्रामीण थाना आए थे। उनका कहना है कि जांच नहीं हो रही है परंतु साक्ष्य मिलने के बाद आगे का कदम उठाया जाएगा।

गरियाबंद के अति संवेदनशील क्षेत्रों में मतदान दल हेलीकॉप्टर से रवाना

गरियाबंद/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर सीटों में 26 अप्रैल को वोटिंग होनी है। अति संवेदनशील इलाकों के लिए जैसे आमामोरा ओड के लिए हेलीकॉप्टर से मतदान दल को रवाना किया गया है। कलेक्टर ने सभी को गुलाब फूल भेंट कर शुभकामनाएं दी। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने अति संवेदनशील क्षेत्रों जैसे आमामोरा ओंड के लिए हेलीकॉप्टर से मतदान दल को रवाना किया और उन्हें गुलाब फूल भेंट कर शुभकामनाएं दी। दोनों बूथ में वोटिंग के लिए 6 दलों के अलावा उतने ही संख्या में रिजर्व दल भेजा गया। जिनमें कुल 12 दलों को प्रशासन ने 48 घंटे पहले रवाना कर दिया है। पुलिस परेड ग्राउंड में सेना के हेलीकॉप्टर से उन्हे रवाना किया गया है।

76 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य करेंगे हासिल

बातचीत के दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि, वहां पर्याप्त सुरक्षा के इंतजामात किये गयें हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में हुए 76 प्रतिशत से इस बार ज्यादा करने का लक्ष्य हासील होगा। महीने भर पहले से हमने जागरूकता के अभियान चलाए हैं और विभिन्न माध्यमों से यह अभियान सतत जारी रहा।

बरात लेकर पहुंचे दुल्हे की पिटाई

कोरबा/नवप्रदेश। शादी करने कोरबा पहुंचे दूल्हे को जूते की माला पहनाकर दुल्हन के घर वालों ने इतना पीटा कि, दूल्हे की पिटाई देखकर बाराती शादी से फरार हो गए। दूल्हा-दुल्हन की शादी होने वाली थी। जिसके लिए गुजरात से अपने दोस्तों और रिस्तेदारों के साथ दूल्हा आया हुआ था। फिर आखिर ऐसा क्या हो गया जो दुल्हन के परिवार वालों ने दूल्हे को पीटना शुरू कर दिया और बाराती वहां से भाग निकले। दरअसल, युवक दादूराम गुजरात में खुद को असिस्टेंट मैनेजर बता रहा था और कोरबा में आकर फर्जी शादी कर रहा था। शादीशुदा युवक की पत्नी ने दुल्हन के घर वालों को फोटो और वीडियो भेजकर पूरी बात बता दी। जिसके बाद परिवार वाले आगबबूला हो गए और दूल्हे का स्वागत जूतों की माला के साथ किया गया। शादी होने ही वाली थी कि, फर्जी शादी करने का मामला सामने आ गया।

दूल्हे के खिलाफ कार्रवाई की मांग :

इस घटना के बाद बस्ती के लोग काफी संख्या में दूल्हे के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर कोतवाली थाने पहुंचे थे। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपी दूल्हे को गिरफ्तार कर लिया है।

शादी में चले लाठी-डंडे, थाने पहुंचे दूल्हा-दुल्हन

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। मनेन्द्रगढ़ जिले में एक प्रेमी जोड़े की शादी में जमकर बवाल हुआ और लाठी-डंडे और फरसा तक चल गया। जिससे एक ग्रामीण घायल हो गया है। दूल्हा-दुल्हन रिपोर्ट लिखाने थाने गए तो थाने में अंदर से ताला लगा था। ताला खुलने के इंतजार में रात बीत गई और दूल्हा-दुल्हन की शादी नहीं हो सकी और सुबह हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना एमसीबी जिले के झगराखंड थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बंजी के मटियारीऔरा की है। जहां झगराखंड पुलिस की लापरवाही सामने आई है। वहीं जिम्मेदार अफसर पुलिस बल की कमी बता कर बचने का प्रयास कर रहे हैं। मटियारीऔरा निवासी दूल्हा के भाई शिवमूरत सिंह कुर्रे ने बताया कि, चार साल पहले उसके छोटे भाई प्रकाश ने पड़ोस की लड़की से कोर्ट मैरिज की थी।

इसके बाद से दोनों महाराष्ट्र चले गए और वहां काम कर जीवन यापन कर रहे थे। चार साल बाद लौटने के बाद समाज और रिश्तेदारों ने उन्हें सामाजिक रीति-रिवाज से शादी करने को कहा। इसके बाद 22 को अप्रैल शादी की तारीख तय हुई। देर रात वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान डीजे बजाकर वे आतिशबाजी कर रहे थे। इस बीच बार-बार बिजली गुल हो रही थी। शक होने पर घर से कुछ ही दूर स्थित ट्रांसफॉर्मर की जांच की गई तो एक लड़के को डंडे से डीओ गिराते हुए पाया गया। इस पर दूल्हे के भाई मूरतसिंह ने उससे डीओ गिराने का कारण पूछा तो लड़के ने कहा कि, उसकी जमीन पर ट्रांसफॉर्मर लगा है। वह जो चाहे कर सकता है। इस पर बात बिगड़ गई और लड़की पक्ष की ओर से लड़की के पिता, भाई और मां सहित अन्य ने लाठी-डंडा और फरसा लेकर उन पर और शादी में शामिल होने आए मेहमानों पर हमला कर दिया। हमले में लड़के पक्ष की ओर से शादी में शामिल होने आये अंगद सिंह का हाथ फरसे से जख्मी हो गया।

थाने में अंदर से लगा हुआ था ताला :

इसके बाद रात तक़रीबन एक बजे दूल्हा-दुल्हन को साथ लेकर रिपोर्ट दर्ज कराने झगराखंड थाने पहुंचा। जहां थाने के गेट पर अंदर से ताला लगा हुआ था। डेढ़ घंटे तक आवाज देने के बाद भी कोई गेट खोलने नहीं आया।

महावीर जयंती पर हनुमान चालीसा और भंडारा

- **विधि विधान से पूजा अर्चना कर मनाया हनुमान जन्मोत्सव**

अर्जुनी-भाटापारा/नवप्रदेश। अंचल में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भावमय वातारण रहा अर्जुनी सहित रवान,टोनाटार ,पौसरी, नवागांव मल्दी, मोपर में भी महावीर जयंती धूमधाम से मनाया गया। अर्जुनी के बाजार चौक सहित बस स्टैंड स्थित मनोकामना संकट मोचन हनुमान मंदिर व गांधी चौक स्थित हनुमान मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ सहित विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के द्वारा महाभोज भंडारा का आयोजन किया गया है।

बाजार चौक में स्थित हनुमान

मंदिर में सावन के महीना में प्रति दिन रामचरितमानस का आयोजन मंडली द्वारा किया जाता है ,समस्त ग्रामवासियों का श्रद्धा इस मंदिर पर रहती है मंदिर के संचालन में सोनू नागदेव, दयाराम वर्मा व उनके सहयोगियों के द्वारा पूर्ण सहयोग प्रतिवर्ष किया जाता है इस आयोजन पूरा गांव सनातन की अलख जग उठती हैं , गांधी चौक मारुति नंदन की जन्म उत्सव के अवसर पर महा भंडारा का आयोजन किया गया तथा सुंदरकांड की पाठ का आयोजन कर पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण सनातन धर्म की ध्वज लहराया गया। पूरे क्षेत्र में सनातन धर्म की ध्वजा भगवामय हुआ माहौल। हनुमान जन्म उत्सव क्षेत्र भर में बहुत श्रद्धा एवं जोश के साथ मनाया गया।विभिन्न स्थानों के आयोजनों में रमाकांत वैष्णव,मनीष वर्मा,राजू रजक,सूरज वैष्णव,गोपेश सेन, सचिन सेन ,हेमंत सेन ,जयेश सेन,सोनू वर्मा ,अटल वर्मा,ओमप्रकाश वर्मा, कमलेश यदु,ईश्वर ध्रुव, विजय साहू, सचिन साहू,रवि ध्रुव,हुलास साहू, रामाधार वैष्णव,शोभाराम साहू व बाज़ार चौक में बसंत रजक ,जितेंद्र नागदेव, हेमंत वर्मा ,कुबेर साहू ,कुणाल वर्मा ,आशीष वर्मा,विकास वर्मा, पुनाराम साहू,कोमल साहू, रॉकी साहू ,रोम लाल साहू, रंजीत विश्वकर्मा का विशेष योगदान रहा साथ ही ग्रामीण जन शामिल हुए।

विवादित पोस्टर चिपकाते पकड़े गए लोगों को कांग्रेस ने पहुंचाया थाना, की शिकायत

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के जालबांधा में विवादित पोस्टर चिपकाए जाने के विवाद को लेकर कांग्रेस-भाजपा दोनों ने शिकायत कर कार्रवाई की मांग है। दोनों पक्षों के नेताओं की उपस्थिति के चलते पुलिस चौकी में घंटों गहमा-गहमी रही। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के फोटो को विशेष संप्रदाय का बताते पोस्टर लगाते पांच युवकों को कांग्रेसी पकड़कर पुलिस चौकी ले गए, जहां उनके खिलाफ ब्लॉक अध्यक्ष आकाशदीप सिंह ने आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। वहीं दूसरी ओर कांग्रेसियों के शिकायत आवेदन देकर निकलते ही भाजपा नेता प्रकाश सिंह ठाकुर, सरपंच दीनदयाल सिन्हा, भरत वर्मा, रिखभचंद जैन, अनूपलाल वर्मा सहित अन्य भाजपाइयों ने कांग्रेसियों पर पोस्टर चिपकाने वाले युवकों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते आवेदन दिया है। इस संबंध में चौकी प्रभारी वीरेंद्र चंद्राकर ने बताया कि एक नाबालिग सहित चार युवकों को कांग्रेसी लेकर आए थे। पोस्टर में मुद्रक अरिहंत आफसेट प्रिंटर्स रायपुर और प्रकाशक का नाम हिंदू जागरण मंच लिखा हुआ है। इसके बारे में चुनाव आयोग को सूचना दे दी गई है। वहीं विधायक यशोदा वर्मा, सुनीलकांत पांडेय, मनराखन देवांगन, नीलांबर वर्मा, भीखमचंद छाजेड़ सहित अन्य कांग्रेसियों ने जिला निर्वाचन कार्यालय में कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्टर चिपकाने के मामले में पोस्टर चिपकाने वालों के अलावा चिपकाने कहने वालों के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन करने के लिए कार्रवाई की मांग की है।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के पूर्व प्रशासक नवाज खान ने बैंक को लगाया करोड़ का चूना

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला सहकारी बैंक के मौजूदा अध्यक्ष सचिन बघेल ने बुधवार 24 अप्रैल को भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता लेकर पूर्व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के प्रशासक नवाज खान पर बैंक में भ्रष्टाचार कर बैंक को करोड़ों रुपए का चूना लगाने का आरोप लगाया। इसकी वजह से छिपा गांव के समिति प्रबंधक ने धान खरीदी कार्य में हेरा फेरी की वजह से आत्महत्या कर ली। जिसकी जांच पुलिस कर रही है। श्री बघेल ने कहा कि पुलिस जांच में तेजी क्यों नहीं ला रही है पुलिस द्वारा नोटिस भी दिया गया है जिसका जवाब नवाज खान देने की बजाय अपने आप को बचाते हुए घूम रहे हैं। श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर 6 जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कार्यरत थे। जो की रायपुर दुर्ग बिलासपुर जगदलपुर अंबिकापुर

और राजनांदगांव में स्थित है प्रदेश में कांग्रेस सरकार द्वारा सभी जिला सहकारी बैंकों में प्रदेश के मुखिया के द्वारा अपने चहेते को पुरस्कृत कर बैंक में मुखिया बनाकर बिठाया गया। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव में जुलाई 2021 प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवाज खान को बैंक प्रशासक के रूप में नियुक्त किया गया था बैंक में जिस दिन से नवाज खान को बैंक प्रशासक के रूप में नियुक्त किया गया उस दिन से नवाज खान द्वारा बैंक के संसाधनों का दुरुपयोग करना शुरू कर दिया अपने आका आला कमान को खुश करने के लिए नवाज खान द्वारा बैंक में लगातार आर्थिक अनियमितता की जा रही थी।

अपने साले सहित 55 कर्मचारियों की फर्जी नियुक्ति

सचिन बघेल ने बताया कि नवाज खान की प्रशासक नियुक्त होने के बाद सर्वप्रथम उन्होंने अपने साले को दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में बैंक में नियुक्त किया उसके बाद उन्होंने लगातार बैंकों में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के रूप में अपने चाहने वालों उनकी संख्या लगभग 55 कर्मचारियों की फर्जी नियुक्ति की। इसमें करोड़ों का लेनदेन की खबरें मीडिया में चर्चा में रही थी। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की नियुक्ति विधिवत नहीं किए जाने के कारण नियुक्ति का मामला भाजपा की विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा विधानसभा में उठाए जाने पर दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की नियुक्ति प्रथम दृष्टि गलत पाए जाने के कारण सभी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को बैंक सेवाओं से निकाल दिया गया। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को वेतन के रूप में लगभग एक करोड रुपए का भुगतान कर बैंक की साख को नुकसान पहुंचाया गया। ट्रांसफर के नाम पर कर्मचारियों को मानसिक एवं आर्थिक परेशान किया जाने लगा। जिससे कर्मचारियों में भी असंतोष की भावना उत्पन्न हुई।

दोनों हाथों से पैसा पानी की तरह बहाया :

सचिन बघेल के अनुसार नवाज खान की प्रशासक नियुक्त होने के पश्चात सर्वप्रथम उन्होंने शपथ ग्रहण कार्यक्रम के नाम पर तीन लाख रुपए, भरे गांव किसान सम्मेलन के नाम पर 13 लाख रुपए, ग्राम ठेकुआ कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम 10 लाख रुपए, तेलंगाना राज्य के किसानों को खुश करने एवं उनकी आवभगत में 10 लाख रुपये, दिल्ली घूमने फिरने के नाम पर तीन लाख रुपए, नई शाखों को खोलने के लिए लगभग 25 लाख रुपये खर्च किया गया। जबकि बैंक में ऐसे खर्चों के प्रावधान से कई गुनाज्यादा खर्च किया गया। बैंक को अनावश्यक आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया।

सेंसेक्स 167 अंक चढ़ा निफ्टी 22400 के पार

नई दिल्ली। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन शुरुआती कारोबार में सुबह 9 बजकर 41 मिनट पर सेंसेक्स 152.05 (0.20प्रतिशत) अंकों की बढ़त के साथ 73,908.99 के स्तर पर जबकि निफ्टी 41.71 (0.19प्रतिशत) अंक उछलकर 22,409.70 के लेवल पर कारोबार करता दिखा।

वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को भी हरे निशान पर कारोबार की शुरूआत हुई। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन शुरुआती कारोबार में सुबह 9 बजकर 41 मिनट पर सेंसेक्स 152.05 (0.20प्रतिशत) अंकों की बढ़त के साथ 73,908.99 के स्तर पर जबकि निफ्टी 41.71 (0.19प्रतिशत) अंक उछलकर 22,409.70 के लेवल पर कारोबार करता दिखा। इस दौरान बाजार के उतार-चढ़ाव को ट्रैक करने वाला इंडिया फिसलकर 10.18 पर पहुंच गया।

हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स के 30 शेयरों का हाल

शुरुआती कारोबार के दौरान आईसीआईसीआई प्रुडेंशिएल के शेयरों में छह प्रतिशत और टाटा कंज्यूमर के शेयरों में चार प्रतिशत की गिरावट दिख रही है। यह गिरावट कंपनियों के चौथी तिमाही नतीजों के जारी होने के बाद नजर आ रही है। सेंसेक्स में एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस और टाटा मोटर्स के शेयर शुरुआती कारोबार के दौरान बढ़त के साथ कारोबार करते दिखे। हालांकि, इंफोसिस, इंडसइंड बैंक और कोटक बैंक के शेयरों में गिरावट दिखी।

रिलायंस जियो का नया रिकॉर्ड

नई दिल्ली। भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में अपनी धाक जमाने के बाद रिलायंस जियो ने डेटा खपत के मामले में भी एक नया वैश्विक रिकॉर्ड कायम किया है, डेटा ट्रैफिक के मामले में वह नंबर एक सेवा प्रदाता बन गई है।

टेलीकॉम कंपनियों के डेटा ट्रैफिक, ग्राहक आधार पर नजर रखने वाली फर्म टीएफिशियंट की रिपोर्ट के अनुसार पिछली तिमाही में रिलायंस जियो के नेटवर्क पर कुल डेटा ट्रैफिक 40.9 एक्साबाइट रहा। डेटा खपत का यह स्तर तय करते हुए इस भारतीय दूसरसंचार सेवा ऑपरेटर ने चाइना मोबाइल को पहले स्थान से विस्थापित कर दिया है। चीन की कंपनी अब दूसरे पायदान पर खिसक गयी है। चाइना मोबाइल के नेटवर्क पर आलोच्य अवधि में डेटा खपत 40 एक्साबाइट से भी कम रही।चीन की एक और कंपनी चाइना टेलीकॉम डेटा खपत के मामले में तीसरे नंबर पर, तो भारत की एयरटेल चौथे नंबर पर रही। रिलायस जियो के एक अधिकारी ने कहा, 5जी सेवाओं के शुरु होने के बाद, रिलायंस जियो के डेटा खपत में पिछले वर्ष के मुकाबले 35.2 फीसदी का उछाल देखने को मिला। इस उछाल की मुख्य वजह है जियो का ट्रू 5जी नेटवर्क और जियो एयर फाइबर का विस्तार। रिलायंस जियो के तिमाही नतीजों के मुताबिक जियो ट्रू 5जी नेटवर्क पर 10 करोड़ 80 लाख ग्राहक जुड़ चुके हैं और जियो के कुल डेटा ट्रैफिक का करीब 28 फीसदी हिस्सा अब 5जी नेटवर्क से आ रहा है। दूसरी तरफ जियो एयर फाइबर ने भी देश भर के 5,900 शहरों में अपनी सेवाएं शुरू कर दी हैं। जारी तिमाही नतीजों में कंपनी ने जो आंकड़े मुहैया कराए हैं उनके मुताबिक जियो नेटवर्क पर प्रति ग्राहक मासिक डेटा खपत बढ़कर 28.7 जीबी हो गई है, जो तीन साल पहले केवल 13.3 जीबी थी। गौरतलब है कि 2018 में भारत में एक तिमाही का कुल मोबाइल डेटा ट्रैफिक मात्र 4.5 एक्साबाइट था।

कारोबारी गतिविधियां अप्रैल में 14 साल के शीर्ष पर

नई दिल्ली। मजबूत मांग के कारण देश की कारोबारी गतिविधियां अप्रैल में लगभग 14 वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। यह मजबूत आर्थिक विकास का संकेत है। एचएसबीसी का खरीद प्रबंधक सूचकांक यानी पीएमआई अप्रैल में बढ़कर 62.2 हो गया। मार्च में यह 61.8 पर था। पीएमआई से पता चलता है कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में विस्तार का संकेत है। महंगाई में कमी के बावजूद रेपो दर में कटौती में देरी हो सकती है क्योंकि महंगाई में आगे बहुत गिरावट की संभावना नहीं है।

सर्वेक्षण में कहा गया है कि पिछली कुछ तिमाहियों में मजबूत विस्तार के बाद इस साल भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने के लिए अच्छी स्थिति में है।अगस्त 2021 से पीएमआई 50 से ऊपर रहा है। 50 से ऊपर का मतलब कारोबारी गतिविधियों में तेजी और इससे कम का मतलब कमजोरी है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, नए ऑर्डरों में बढ़ोतरी से विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन दिखा है। नौकरियों में वृद्धि को मिला समर्थन बढ़ती मांग को पूरा करने के प्रयासों से नौकरियों में वृद्धि को समर्थन मिला, जो विनिर्माण क्षेत्र में सबसे अधिक था। यह डेढ़ साल में सबसे तेज गति से बढ़ी। हालांकि मांग की मजबूती से खर्चों का भार ग्राहकों पर डाल दिया गया। सर्वे के अनुसार, महंगाई इतनी तेजी से नहीं गिर सकती कि आरबीआई किसी भी समय दर में कटौती पर विचार करना शुरू कर दे।

एचडीएफसी नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रक्रियाओं के बारे में किया जागरूक

मुंबई। एचडीएफसी बैंक, ने अपने डिजिटल बैंकिंग जागरूकता अभियान में पूरे भारत में सुरक्षित बैंकिंग कार्यशालाओं की एक पूरी सीरीज़ का आयोजन किया। इस दौरान एचडीएफसी बैंक ने सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रक्रियाओं पर 16,600 से अधिक कार्यशालाएं आयोजित की और इनमें 2,00,224 से अधिक नागरिकों को जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों को साइबर धोखाधड़ी से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया गया। इन कार्यशालाओं का उद्देश्य स्कूल और कॉलेज के छात्रों, कानून लागू करने वाली एजेंसियों, वरिष्ठ नागरिकों, स्वयं सहायता समूहों, ग्राहकों और कर्मचारियों को शिक्षित करना था। इन इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से, सभी प्रतिभागियों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रक्रियाओं पर बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई जिससे वे भविष्य में अपने आप को साइबर धोखाधड़ी का शिकार होने से बचाने में सक्षम होंगे। कार्यशालाओं में वास्तविक और रोजमर्रा के जीवन के उदाहरण, कहानियां और वीडियो शामिल थे, जिससे प्रतिभागियों को धोखेबाजों द्वारा उपयोग किए जाने वाले विभिन्न तरीकों को समझने में मदद मिली।

डीजीसीए का निर्देश- 12 वर्ष से कम के बच्चों को माता-पिता के पास दी जाए सीट

नई दिल्ली। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने सभी एयरलाइंस से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि 12 साल तक की उम्र के बच्चों को फ्लाइट में उनके माता-पिता या अभिभावकों में से कम से कम एक के साथ सीट दी जाए। बता दें, डीजीसीए द्वारा ये कदम उस शिकायत के बाद उठाया गया है। जब एक बच्चे को उसके माता-पिता के साथ बैठने नहीं दिया गया था।

डीजीसीए ने कहा कि एयरलाइंस यह सुनिश्चित करेगी कि 12 साल तक के बच्चों को उनके माता-पिता/अभिभावकों में से कम से कम एक के साथ सीटें आवंटित की जाएं, जो एक ही पीएनआर पर यात्रा कर रहे हों और इसका रिकॉर्ड रखा जाएगा। एयरलाइंस बच्चे की सीट के लिए अभिभावक को फोर्स नहीं कर सकती है। अगर पेरेंट्स ने अपने लिए फ्री सीट या ऑटो एलोकेशन का ऑप्शन चुना है तो बगल की सीट बच्चे के लिए अरेंज करना होगा।इसके अलावा डीजीसीए की ओर से एयरलाइंस को जीरो बैगेज, पसंदीदा सीट शेयरिंग, मील, ड्रिंक और संगीत वाद्ययंत्र ले जाने की अनुमति दे दी है। इसके लिए एयर ट्रांसपोर्ट सर्कुलर 01 2024 में बदलाव भी किया गया है।

डीजीसीए की ओर से स्पष्ट किया गया है कि ये सुविधाएं ऑप्ट इन यानी आपकी मर्जी के आधार पर है। ये विल्कुल भी अनिवार्य नहीं है। यात्रियों के लिए ऑटो सीट की भी सुविधा होती है, जिसमें आप आपको कंपनी अपने आप ही सीट दे देती है। ऐसे में वो सभी यात्री जिन्होंने वेब चेक इन के दौरान सीट नहीं ली होगी। उन्हें एयरलाइन द्वारा ऑटोमेटिक सीट आवंटित कर दी जाएगी।

खेल, मनोरंजन

विश्व नंबर 1 के रूप में 100-सप्ताह के क्लब में शामिल हुई स्वीयाटेक

मैड्रिड। दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक हाल ही में डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शीर्ष पर 100 सप्ताह बिताने वाली नौवीं खिलाड़ी बनने की उपलब्धि पर पहुंची हैं। इस उपलब्धि पर विचार करते हुए,स्वीयाटेक ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि इस मील के पत्थर को समझना कठिन है क्योंकि यह बहुत तेजी से हुआ है। डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शिखर पर 100 सप्ताह बिताने वाले नौ खिलाड़ियों के चुनिंदा समूह में स्वीयाटेक 22 साल 326 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल करने वाली मार्टिना हिंगिस, मोनिका सेलेस, स्टेफनी ग्राफ और क्रिस एवर्ट के बाद पांचवीं सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। स्वीयाटेक ने 100 क्लब में शामिल होने के बारे में कहा, ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए इसे समझ पाना कठिन है क्योंकि यह बहुत तेजी से हुआ। मैंने कभी उस पद पर रहने की उम्मीद नहीं की थी। स्वीयाटेक ने मंगलवार को मैड्रिड ओपन प्री-टूर्नामेंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, वास्तव में, खेल में इतने लंबे समय तक शीर्ष पर रहना कुछ ऐसी बात है जो मुझे वास्तव में गौरवान्वित करती है। मुझे लगता है कि हमने कभी-कभी कुछ कठिन निर्णय लिए हैं। मेरे पास अच्छे लोग हैं जो मेरा मार्गदर्शन कर रहे हैं और मेरी मदद कर रहे हैं, इसलिए निश्चित रूप से मैं यहां नहीं होती अगर मैं इसे स्वयं करती और मैं वास्तव में आभारी हूं कि सब कुछ ऐसा हुआ। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने पहली बार अप्रैल 2022 में शीर्ष स्थान हासिल किया था जब एश्ले बार्टी ने टेनिस से संन्यास ले लिया था और तब से शिखर पर बनी हुई है, पिछले सीज़न में आठ सप्ताह की अवधि को छोड़कर जब आर्यना सबालेंका ने उनकी जगह ली थी। उसने आगे कहा, जैसा कि आप जानते हैं, विशेष रूप से पिछले साल, नंबर 1 पर वापस आना एक बड़ी बात थी और यह अप्रत्याशित तरीके से हुआ, इसलिए मुझे खुद पर गर्व है कि मैं इसके साथ आने वाले सभी दबावों का सामना कर सकी। लेकिन कुल मिलाकर यह एक तरह का मज़ा है। डब्ल्यूटीए आंकड़ों के अनुसार, स्वीयाटेक पहली बार विश्व नंबर 1 पर पहुंचने के 749 दिन बाद मील के पत्थर तक पहुंच जाएंगी।

हमेशा कोहली पर निर्भर नहीं रह सकते : आरोन

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने कहा है कि अब समय आ गया है जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए भारत के घरेलू खिलाड़ी जिम्मेदारी उठाएं और विराट कोहली पर निर्भरता कम करें। कोहली इस आईपीएल में शानदार फॉर्म में सात पारियों में 361 रन बनाकर 'ओरेंज कैप लिए हैं। इसके बावजूद उनकी टीम तालिका में सबसे नीचे दसवें स्थान पर है। आरोन ने रविवार को एक शो में कहा, अगर आपको तालिका में शीर्ष के करीब या फिर मध्य में पहुंचना है तो आपके पास ऐसे घरेलू खिलाड़ी होने चाहिए जो दमदार प्रदर्शन करें क्योंकि आप हमेशा विराट कोहली पर निर्भर नहीं हो सकते। अन्य खिलाड़ियों को भी जिम्मेदारी उठानी होगी। आप इतनी ज्यादा राशि उन खिलाड़ियों पर नहीं खर्च कर सकते जो डग आउट में ही बैठे रहें और खेलें नहीं।

सुपर संडे के दिन मैच हारने वाले कप्तानों पर लगा जुर्माना

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 में सुपर संडे का क्रिकेट फैंस ने जमकर लुत्फ उठाया। इस दौरान विराट के विकेट पर बवाल से लेकर मैच हारने वाले कप्तानों पर लगा जुर्माना क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय रहा। संडे स्पेशल में डबल हेडर मुकाबले का पहला मैच केकेआर और आरसीबी के बीच खेला गया। जबकि दूसरा मुकाबला जीटी और पंजाब के बीच था।

दिन के हाई स्कोरिंग मैच में केकेआर ने आरसीबी को मात्र 1 रन से हराया। वहीं, जीटी और पंजाब के बीच मैच लो स्कोरिंग जरूर रहा लेकिन टक्कर कांटे की रही जहां जीटी ने 3 विकेट से जीत दर्ज की।मगर इस रोमांच के बीच एक बड़ी दिलचस्प घटना घटी जहां इस दिन मैच हारने वाली टीमों पर जुर्माना लगाया गया।हालांकि, सवाल है कि ये जुर्माना क्यों लगा? क्या ये इसलिए लगा था कि टीम हार गई या फिर वजह कुछ और थी?आईपीएल की ओर से बयान जारी कर इसकी जानकारी दी गई है। आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी को केकेआर से मैच गंवाने के बाद 12 लाख रुपये का जुर्माना झेलना पड़ा। बयान के मुताबिक फाफ डुप्लेसी पर यह जुर्माना स्लो ओवर रेट के चलते लगाया गया।मगर पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन पर यह जुर्माना ओवर-रेट को लेकर नहीं है।आईपीएल की ओर से जारी बयान के मुताबिक, सैम करन को लेवल 1 का दोषी पाया गया है, उन्होंने इस लीग की आचार संहिता की धारा 2.8 का उल्लंघन किया।यह अपराध अंपायर के फैसले पर असंतोष जताने के संदर्भ में है। सैम करन ने मैच रेफरी के सामने अपना गुनाह कबूल किया है, जिसके बाद उनके मैच फीस में 50 फीसद की कटौती की गई है।

आरसीबी को लगा डबल झटका, कप्तान फाफ डु प्लेसिस को मिली सजा

नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स ने रोमांचक मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 1 रन से हराया. यह इस सीजन आरसीबी की 7वीं हार है. इस हार के साथ बेंगलुरु को डबल झटका लगा है. दरअसल टीम के कप्तान फाफ डु प्लेसिस पर स्लो ओवर रेट के चलते जुर्माना लगाया गया है. आरसीबी के कप्तान तय समय में पूरे ओवर नहीं करवा पाए थे, जिसके चलते यह जुर्माना लगाया गया.आरसीबी कप्तान फाफ डु प्लेसिस पर स्लो ओवर रेट के चलते 12 लाख रुपये का जुर्माना लगा. इस सीजन में यह पहली बार हुआ जब आरसीबी तय समय पर 20 ओवर पूरे नहीं करवा सकी. आईपीएल 2024 में कई टीमों के कप्तान पर यह जुर्माना लगाया गया है. बेंगलुरु के स्लो ओवर रेट को लेकर आईपीएल की तरफ से एक बयान जारी कर कहा गया।

सिंघम अगेन का नया पोस्टर

धांसू अंदाज में दिखी लेडी सिंघम दीपिका पादुकोण

रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की पांचवी फिल्म सिंघम अगेन पिछले लंबे समय से चर्चा में बनी हुई है. फैंस इस मल्टीस्टारर फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. रोहित ने कुछ समय पहले फिल्म के सारे कैरेक्टर से दर्शकों को इंट्रोड्यूस करवाया था, जिसके बाद से फैंस इस फिल्म को लेकर बेहद एक्साइडेट हैं.फैंस के एक्साइटमेंट को दोगुना बढ़ाने के लिए रोहित ने एक बार फिर दीपिका पादुकोण का लुक पोस्टर शेयर किया है।

इस फोटो में एक्ट्रेस का दमदार अवतार देखने को मिल रहा है. रोहित शेट्टी ने इसे अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा है कि ये मेरी हीरो है. रील और रियल लाइफ में भी लेडी सिंघम... सोशल मीडिया पर रोहित शेट्टी का ये पोस्ट खूब वायरल हो रहा है. फोटो पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई है. किसी एक यूजर ने लिखा कि एक मां यूनिफॉर्म पहनकर देश की सेवा कर रही है. तो किसी अन्य यूजर ने लिखा कि लेडी सिंघम फायर है. मजा आ गया बाबू भैया... वहीं दीपिका के फर्स्ट लुक पोस्टर में एक्ट्रेस ने पुलिस की वर्दी पहने चंडालिका रूप दिखाया था. पोस्टर में एक्ट्रेस गुंडे के ऊपर बैठकर उसके बाल को एक हाथ के खींच रही हैं और दूसरे हाथ से उसके माथे पर बंदूक ताने हुए नजर आईं थीं. बता दें कि साल 2022 में आई फिल्म सर्कस के दौरान डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने अपनी लेडी सिंघम का खुलासा कर दिया था. उन्होंने बता दिया था कि दीपिका पादुकोण ही सिंघम अगेन में लेडी सिंघम बनेंगी. बता दें कि इन दिनों मुंबई में सिंघम 3 की शूटिंग चल रही है. मुंबई में ही इसका सेट तैयार किया गया है. वहीं फिल्म के स्टारकास्ट की बात करें को दीपिका के अलावा रोहित की इस मल्टीस्टारर फिल्म में दीपिका के अलावा अजय देवगन, करीना कपूर खान, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार जैसे कलाकार धमाल मचाते हुए नजर आएंगे. खबरें हैं कि ये मूवी इसी साल 2024 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज होगी।

अरनमनई 4 का गाना अचाचो रिलीज

निर्देशक सुंदर सी की हॉरर कॉमेडी अरनमनई 4 का प्रोमो गाना अचाचो आज रिलीज कर दिया गया। इस गाने में तमन्ना भाटिया और राशी खन्ना डांस करती नजर आ रही हैं। इस गाने को अभीतक चार लाख लोग देख चुके हैं। यह फिल्म का प्रोमो गाना है, जिसमें तमन्ना और राशी की दिलकश अदाओं पर फैंस फिदा हो गए हैं। इस डांस नंबर में हिपहॉप तमिझा का संगीत, विग्नेश श्रीकांत के बोल और खरेस्मा रविचंद्रन के स्वर हैं।फिल्म के निर्माता खुशबू सुंदर ने फिल्म का गाना अपने सोशल मीडिय हैंडल पर शेयर किया है। उन्होंने लिखा, आनंद लें इस गाने का और साथ ही इस सैसी नंबर पर थिरकें। एक सुंदर जादुई एंटरटेनमेंट। इसी के साथ सुंदर ने फिल्म की रिलीज डेट घोषणा की। इस पोस्ट के जरिए उन्होंने बताया कि यह फिल्म कब रिलीज होगी। आगे सुंदर ने लिखा, अरनमनई 4 26 अप्रैल को रिलीज हो रही है।यह गाना तेलुगु में पंचुको के नाम से रिलीज किया गया। डांस नंबर में तमन्ना और राशी अपने हिप-हॉप दिखाते हुए नजर आई। इस डांस नंबर को लेकर फैंस बेहद उत्साहित हैं। यह हॉरर कॉमेडी सीरीज अरनमनई की चौथी फिल्म है। अरनमनई 4 तेलुगु में बाक के नाम से रिलीज हो रही है, जिसका नाम फिल्म के भूत के नाम पर रखा गया है। फिल्म के मेकर्स ने हाल ही में एक ट्रेलर जारी किया जिसमें फिल्म की कहानी की झलक मिली। इस फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म 2014 में रिलीज हुई थी। इसमें सुंदर, हंसिका मोटवानी, विनय राय और एंड्रिया जेरेमिया ने एहम किरदार निभाया था। दूसरी फिल्म, जो 2016 में रिलीज हुई थी, उसमें सिद्धार्थ और तृषा के अलावा सुंदर और हंसिका भी थे।

देवव्रत के नाम पर वोट हासिल करना चाह रहे पूर्व सीएम बघेल

आरोप- स्व. देवव्रत की विधवा को पूर्व सीएम ने पहचानने से किया इनकार, वहीं तलाकशुदा को पत्नी बताकर दिवंगत की आत्मा को पहुंचा रहे ठेस

- जनता को गुमराह कर वोट बटोरना चाह रहे हैं राजनांदगांव के प्रत्याशी भूपेश बघेल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में अपने चुनावी प्रचार प्रसार के दौरान आम जनता को गुमराह करते हुए, मेरे स्वर्गीय पति पूर्व विधायक राजा देवव्रत सिंह के नाम का गलत तरीके से इस्तेमाल कर वोट बटोरने में लगे हुए हैं। यह बातें देवव्रत सिंह की पत्नी विभा देवी ने राजनांदगांव में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कही। विभा देवी ने कहा कि कुछ दिनों पूर्व उन्हें एक वीडियो फुटेज सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुआ है जिसमें राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के खैरागढ़ जिला में चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों एवं स्वंय भूपेश बघेल के द्वारा पद्मा देवी को पूर्व विधायक स्वर्गीय राजा देवव्रत सिंह की वर्तमान पत्नी बता कर आम जनता को गुमराह कर भूपेश बघेल के लिए वोट मांगा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जबकि पद्मा देवी ने वर्ष 2011 में 110000000/ (अक्षरी ग्यारह करोड़) की राशि लेकर राजा देवव्रत सिंह और बच्चों व क्षेत्र की आम जनता को बेसहारा छोड़ कर चली गई थी। जिसके बाद पद्मा देवी ने उत्तराखंड राज्य के नैनीताल अल्मोड़ा निवासी नितिन पंथ के साथ शादी कर दिल्ली में ही उनके साथ रहती हैं। परंतु अब वह अपने निजी स्वार्थ के चलते फिर से खैरागढ़ जनता के बीच आकर अपने आप को स्वर्गीय राजा देवव्रत सिंह की पत्नी बताकर भूपेश बघेल के लिए वोट मांग रही हैं। जब उनके पति देवव्रत सिंह कांग्रेस में थे तब कांग्रेस पार्टी के द्वारा उनको बार-बार बेइज्जत कर खून के आंसू रुलाया गया। जिसके चलते उन्होंने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया था, आज उनके नाम का इस्तेमाल कर पद्मा देवी एवं भूपेश बघेल उनकी आत्मा को और मेरी भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। जब मेरे पति पूर्व विधायक स्वर्गीय देवव्रत सिंह की मृत्यु उदयपुर (छुईखदान) में हुई तब मैं दिल्ली में थी, जब मुझे उनके मृत्यु की सूचना मिली तो मैं आनन-फानन में उदयपुर पहुंची, जबकि मेरे पति का स्वास्थ्य मेरे दिल्ली जाने से पहले सेहत बेहतर थी। उन्हें किसी भी प्रकार की बिलकुल भी कोई परेशानी नहीं थी। जिसके चलते मुझे उनकी आकस्मिक मृत्यु पर संदेह हुआ तो मैंने उनके मृत्यु की जांच कराने की बात की। भूपेश बघेल के संरक्षण में पद्मा देवी और कांग्रेस के गुंडों ने मिल कर महल में बलवा करवा कर तोड़ फोड़ किया। उन पर जान लेवा हमला कराया गया।

पद्मा फर्जी हस्ताक्षर कर काम कर रही

राजा साहब के निधन के बाद लगातार उनका फर्जी दस्तखत कर पदमा फर्जी काम कर रही है जिसकी पूर्व में शिकायत की किंतु उस पर कोई एक्शन क्यों नहीं लिया। कांग्रेसी नेताओं ने राजा साहब की संपत्ति राजा की होती है मुझे बोलकर, मुझे मेरे ही घर से बाहर जाने को क्यों बोला ? जिसका मेरे पास ऑडियो है। तलाकशुदा औरत पदमा को स्वर्गीय राजा देवव्रत सिंह की पत्नी खैरागढ़ की आमजनता क्यों बताया जा रहा है? स्वर्गीय देवव्रत के कार्यकाल में 3 साल में जब वह विधायक थे तो पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एक भी बार क्या कारण है कि क्षेत्र में दौरा नहीं किये थे क्यों
राजा साहब देवव्रत सिंह के और उनके परिवार के वजूद को मिटाने की कोशिश की जा रही है। इससे बच्चों का भविष्य अंधकार में दिखाई पड़ रहा है।

विभा ने पूछे सवाल

विभा देवव्रत सिंह ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल से मीड़िया के माध्यम से कुछ सवाल पूछना चाहती हैं भूपेश बघेल बताएं... स्व. राजा साहब की सुरक्षा कर्मी जो थे उनको पदमा सिंह को क्यों दे दिया गया ? मेरे निजी सुरक्षा कर्मियों को क्यों हटाया गया ?

राजा साहब की निजी चार पहिया वाहन में पुलिस ने जैमर क्यों लगाया? उदयपुर में जो बलवा हुआ वह पूर्व से सुनियोजित था जिसकी जानकारी पूर्व शासन को थी उसके बाद भी व्यापक भीड़ इकट्ठा कैसे हो गई?. उदयपुर में उन पर जानलेवा हमला हुआ। उन्हें जान से मारने की कोशिश क्यों की गई।

पूर्व सीएम बघेल, डीजीपी और एसपी को सुरक्षा के लिए पत्रः विभा सिंह ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल, डीजीपी और एसपी राजनांदगांव को पत्र लिखकर लगातार सुरक्षा की मांग की गई। किंतु सुरक्षा हमला करने वालों को दी गई।

संदिग्ध मृत्यु पर पोस्टमार्टम नहीं

देवव्रत सिंह की निजी वाहन में संदिग्ध रूप से ही मृत्यु हो गयी थी उसके बाद भी पोस्टमार्टम क्यों नहीं किया गया ? राजनांदगांव के एसपी को पत्र लिख कर राजा साहब की आकस्मिक मृत्यु की जांच करने निवेदन किया गया किंतु नहीं किया गया। स्व. राजा साहब का मोबाइल वर्तमान में कहाँ है।

चापड़ लेकर कॉलेज पहुंचा छात्र गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर के इंजीनियरिंग कॉलेज में चापड़ लेकर एक दूसरे छात्र को डमकाने वाले आरोपी छात्र को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी मिलते ही पुलिस कॉलेज पहुंच गई और हथियार (लोहे का चापड़) बरामद कर छात्र को गिरफ्तार कर लिया है। मामला कोनी थाना क्षेत्र का है। थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने बताया कि इंजीनियरिंग कॉलेज के हॉस्टल के कमरे में कुछ दिनों पहले आग लग गई थी, जिसे लेकर छात्रों के दो गुटों में विवाद चल रहा है। छात्र एक-दूसरे पर आग लगाने का आरोप लगा रहे हैं। इसके चलते उनके बीच विवाद की स्थिति बन गई थी। मंगलवार की दोपहर पुलिस को जानकारी मिली कि एक छात्र इंजीनियरिंग कॉलेज में धारदार हथियार लेकर पहुंच गया है और छात्रों को धमका रहा है। खबर मिलते ही पुलिस कॉलेज पहुंची और रायपुर जिले के तिल्दा थाना क्षेत्र के कुटरु राम मंदिर के पास रहने वाले सृजन मिश्रा (20) को पकड़ लिया। उससे हथियार बरामद कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

ईडी को मिली 5 दिनों के लिए रिटायर्ड आईएएस की रिमांड

- पप्पू ढिल्लन ईओडब्ल्यू की हिरासत में रहेंगे
- कारोबारी ढिल्लन भी ईडी की हिरासत में, महादेव ऐप केस में दिल्ली-गोवा से 2 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। ईडी और ईओडब्ल्यू-एसीबी के आरोपी कोर्ट में पेश, रिमांड या जेल, बेल पर दलीलें पेश किया है। शराब घोटाले मामले में 2 दिन की न्यायिक रिमांड पूरी होने के बाद बुधवार को ईडी ने रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा को स्पेशल कोर्ट में पेश किया है। रिटायर्ड आईएएस टुटेजा कोर्ट में पेश, 14 दिन की मांगी रिमांड, कोर्ट में दलीलें पेश।

छत्तीसगढ़ के कथित शराब घोटाला मामले में 2 दिन की न्यायिक रिमांड पूरी होने के बाद रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा को 5 दिन की ईडी रिमांड पर भेजा गया है। बुधवार को उन्हें ईडी की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। दोनों पक्षों का तर्क सुनने के बाद कोर्ट ने आदेश जारी किया है। वहीं घोटाले की जांच कर रही एसीबी-ईओडब्ल्यू ने शराब कारोबारी पप्पू ढिल्लन को भी हिरासत में लिया है।

एसीबी और ईओडब्लू की टीम ने शराब कारोबारी पप्पू ढिल्लन को भी हिरासत में लिया है। शराब

घोटाले मामले में 2 दिन की न्यायिक रिमांड पूरी होने के बाद बुधवार को ईडी ने रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा को स्पेशल कोर्ट में पेश किया है। जहां ईडी ने कोर्ट में आवेदन लगाकर टुटेजा की और 14 दिन रिमांड मांगी।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने आदेश जारी कर दिया है। वहीं घोटाले की जांच कर रही एसीबी और ईओडब्लू की टीम ने शराब कारोबारी पप्पू ढिल्लन को भी हिरासत में लिया है।

एजेंसी द्वारा कारोबारी त्रिलोक सिंह ढिल्लन उर्फ पप्पू ढिल्लन को जल्द ही ईओडब्लू कोर्ट में पेश किया जा सकता है। इससे पहले मंगलवार को टूटेजा को कोर्ट में पेश किया गया था। जहां बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट में पक्ष रखते हुए ईडी की रिमांड पर आपत्ति जताई थी।

टुटेजा को आर्किटेक्ट ऑफ लिकर स्कैम बताया

बता दें कि ईडी ने टुटेजा को आर्किटेक्ट ऑफ लिकर स्कैम बताया है। ईडी ने कथित घोटाले से जुड़े लोगों को अब समंस भेजना भी शुरू कर दिया है। वहीं ईओडब्ल्यू की ओर से की गई एफआईआर में 70 लोगों के खिलाफनामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। फ्रेश ईसीआईआर में भी पुराने नाम शामिल हैं। ईडी सभी को पूछताछ करने के लिए समंस भेज रही है।

पुणे में पैनल ऑपरेट कर रहे थे राहुल-रितेश

महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप केस में एसीबी/ईओडब्ल्यू ने दो आरोपी राहुल वकटे और रितेश यादव को गिरफ्तार किया है। राहुल वकटे की गिरफ्तारी दिल्ली और रितेश की गोवा से की गई है। टीम ने हवाला के 43 लाख रुपए भी सीज किए हैं। दोनों आरोपी अगस्त में निलंबित एएसआई चंद्रभूषण वर्मा की गिरफ्तारी के बाद से ही फरार चल रहे थे।

शत-प्रतिशत मतदान के लिए दो वीडियो सॉंग जारी

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आज कलेक्ट्रेक्ट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में सामान्य प्रेक्षक श्री संजय कुमार, श्री रोहनचंद ठाकुर और जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने मतदाता जागरूकता के दो वीडियो सांग का शुभारंभ किया। शत-प्रतिशत मतदान पर आधारित गाने की रचना गौरेला-पेड्रा-मारवाही जिले की श्रीमती मीनाक्षी केसरवानी ने की है। साथ ही गाने का वीडियो भी तैयार किया है। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक श्री कुमार व श्री ठाकुर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सिंह ने श्रीमती केसरवानी को प्रशस्ति पत्र देकर शॉल भेंट कर सम्मान किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि श्रीमती केसरवानी द्वारा पूर्व में भी मतदाता जागरूकता का संदेश देने के लिए एक वीडियो साग बनाया गया है। जिसकी धुन शहर के चौक -चौराहों में भी सुनाई देती है। इस शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, अपर कलेक्टर श्री उज्जवल पोरवाल सहित कई अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे।

झूठी कांग्रेस को सबक सिखाना है, मोदी करोड़ों देशवासियों के नायक : साय

रायपुर/अंबिकापुर/नवप्रदेश। सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि झूठी कांग्रेस को विधानसभा चुनाव की तरह ही सबक सिखाना है। लोकसभा चुनाव में इनका सूपड़ा साफ करना है। सीएम साय सभा को संबोधित करते हुए बोले- सरगुजा ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया है और आगे भी करेंगे। सीएम साय बोले- मोदी करोड़ों देश वासियों के नायक हैं।

उन्होंने कहा है कि मोदी जी की गारंटी पर विश्वास कर सरगुजा संभाग की सभी 14 विधानसभा सीटों पर बीजेपी को जीत मिली। 4 महीने में ही 12 लाख किसानों को दो साल का बकाया बोनस दिया। धान के अंतर की राशि दी। महतारी वंदन योजना और रामलला तीर्थ दर्शन योजना चल रही है। जनसभा मंच में सीएम साय ने अंग वस्त्र पहनाकर पीएम का स्वागत किया। मंत्री रामविचार नेताम ने तीर कमान से पीएम मोदी का स्वागत किया।

सभा को संबोधित करते हुए सीएम साय ने कहा कि पीएम मोदी करोड़ों देश वासियों के नायक हैं। उन्होंने देश दुनिया में भारत का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने आदिवासी की बेटी द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया है। ऐसे प्रधानमंत्री ने आदिवासियों के लिए पीएम जन मन योजना लागू की है। इससे पिछड़े आदिवासियों तक सरकारी सुविधा पहुंच रही है।

सभास्थल पर काले कपड़े, पानी की बोतल प्रतिबंधित रहे

कार्यक्रम स्थल में आमसभा और हेलिपैड के आसपास कई सामानों को लेकर जाना प्रतिबंधित किया गया है। इनमें गुटखा तंबाकू, नशीले पदार्थ, माचिस लाइटर और अन्य ज्वलनशील पदार्थ, रिमोट वाली चाबी, हैवी लॉकेट, काला कपड़ा, पानी बोतल, पानी पाउच, किसी भी प्रकार का अस्त्र शस्त्र और सिक्का शामिल है।

आशीष चतुर्वेदी ने पंजाब नेशनल बैंक अंचल कार्यालय, रायपुर का संभाला कार्यभार

रायपुर/नवप्रदेश। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में अग्रणी पंजाब नैशनल बैंक के छत्तीसगढ़ एवं झारखण्ड राज्य के अंचल प्रबंधक का कार्यभार श्री आशीष चतुर्वेदी ने ग्रहण कर लिया है। अंचल कार्यालय, रायपुर परिसर में पहुँचने पर श्री अरुण कुमार राव, उप अंचल प्रबंधक एवं श्री मनोज कुमार राय, मंडल प्रमुख रायपुर तथा समस्त अधिकारीयों द्वारा उनका स्वागत किया गया। श्री आशीष चतुर्वेदी ने 30.09.91 को प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में बैंकिंग सेवा आरम्भ किया था एवं देश के बड़े शहरों में उच्च पदों पर रहकर

बैंक को सेवाएं दी है। रायपुर से पूर्व वे महाराष्ट्र में मंडल प्रमुख, नागपुर के रूप में कार्यरत थे। श्री आशीष चतुर्वेदी जी ने रायपुर अंचल के समस्त स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राहकों को उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करना ही हमारा परम कर्त्तव्य है । एक संतुष्ट ग्राहक ही बैंकिंग व्यवसाय विकास में अहम भूमिका निभाता है ।

तंबाकू और सिगरेट से बढ़ रहे ओरल कैंसर के रोगी, मुख की नियमित सफाई आवश्यक

- एम्स में प्रतिदिन 10 नए रोगी आ रहे, प्रतिमाह 20 रोगियों को ऑपरेशन की आवश्यकता पड़ रही

रायपुर/नवप्रदेश। मुख कैंसर के बढ़ते रोगियों की संख्या को देखते हुए चिकित्सकों ने इसके लिए जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि तंबाकू और सिगरेट के बढ़ते प्रयोग, मुख की सही सफाई न करना और खाद्य पदार्थों में कैमिकल का बढ़ता उपयोग भी मुख कैंसर का बड़ा कारक बन रहा है। सीएमई में विभिन्न चिकित्सा विभागों से मिलकर कैंसर का उपचार प्रदान करने पर जोर दिया गया। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के ईएनटी विभाग के तत्वावधान में आयोजित सीएमई में चिकित्सा अधीक्षक और विभागाध्यक्ष प्रो. रेनू राजगुरु ने कहा कि कई बार मुख में घाव कैंसर का संकेत हो सकता है। उन्होंने कहा कि होठों या मुख में सूजन, सफेद या लाल रंग का चकत्ता, ढीला दांत, मुख या कान में दर्द जैसे लक्षण कैंसर के हो सकते हैं। ऐसे परिस्थितियों में तुरंत ईएनटी विशेषज्ञों की सलाह लेनी चाहिए।

डॉ. रिपु दमन अरोड़ा ने बताया कि एम्स में 20 से 25 मुख कैंसर के रोगी प्रतिदिन आते हैं। इनमें अन्य चिकित्सा संस्थानों से रेफर होने वाले और फॉलोअप भी शामिल हैं। इनमें से औसतन 10 नए रोगी होते हैं। इनमें से अधिकांश को कीम्योथैरेपी और रेडियोथैरेपी की मदद से ठीक किया जा सकता है। लगभग 20 रोगियों को प्रतिमाह ऑपरेशन की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि यदि रोगी प्रारंभिक अवस्था में ही कैंसर का चैकअप करवा लें तो उसके ठीक होने की संभावना अधिक होती है। उन्होंने कहा कि एम्स में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कैंसर के निःशुल्क इलाज की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। सीएमई में डॉ. सिद्धार्थ नंदा ने एक्सटर्नल बीम थैरेपी के बारे में जानकारी दी।

शत-प्रतिशत मतदान का संदेश देने निकाली छतरी स्वीप रैली

- कलेक्टर के नेतृत्व में कड़कती धूप के बीच छाता ओढ़ कर निकाली गई आकर्षक रैली

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। लोक सभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। एक ओर जहां टैक्टर रैली,ऑटो रैली, मशाल रैली, टॉर्च रैली,बाहर गए ग्रामीण को फोन कर आमंत्रित जैसे कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जा रहा है.वही दूसरी ओर स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज जिला मुख्यालय में छतरी

स्वीप रैली का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 3 किलोमीटर मार्ग को कलेक्टर के एल चौहान के नेतृत्व में के एल अधिकारी कर्मचारी सहित विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा कड़कड़ती धूप के बीच पैदल चलकर पूरी की गई। रैली में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार भी शामिल होकर अधिकारियों का उत्साह बढ़ाया। इस रैली में शिक्षा,महिला एवं बाल विकास विभाग,पंचायत,राजस्व सहित अ न्य छात्र,छात्राएं,शिक्षक,आमजन, खिलाड़ी, प्रबुद्ध नागरिक,सहित अधिकारी कर्मचारी, मिडिया प्रतिनिधी बड़ी संख्या में शिरकत किए। इसके साथ ही रैली प्रारंभ आने से पूर्व कलेक्टर श्री चौहान ने सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई।

कलेक्टर ने श्री चौहान ने कहा गांव की अपेक्षा शहरों में थोड़ा कम वोटिंग होता। लोग इस दिन के छुट्टी की तरह मान लेते है। हमे लोकतंत्र के इस महापर्व अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए वोट जरूर करना चाहिए. इसी संदेश को लेकर आज हमने छतरी स्वीप रैली निकाली है। उन्होंने महिला, युवाओं और पुरुषों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पहुंचने और लोकतंत्र के इस महापर्व में भागादारी करने की अपील की है। उक्त छतरी रैली जिला मुख्यालय में पंडित चक्रपाणि स्कूल परिसर से प्रारंभ, सीएचएमओ ऑफिस होते हुए मुख्य मार्गो से अंबेडकर चौक से गौरवपथ होते हुए पुनः चक्रपाणि स्कूल में समाप्त हुआ।